सुप्रभात
रांची, शनिवार
23.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 250



12 मुंबई से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं स्वरा भास्कर







इफ्तार : शाम 6.00(22 मार्च)
सेहरी : भोर 4.36 (23 मार्च)

## सड़क हादसे में 3 बच्चों की मौत
### टाटी के पास बस और हाइवा में भिड़ंत, कई घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** कुडु थाना क्षेत्र के टाटी की समीप महालक्ष्मी बस ((जेएच 01ई ए 8810) और एक हाइवा (जेएच 01एफ ए 2496)में आमने सामने टक्कर में तीन बच्चों की मौत हो गयी। हादसे में 15 से अधिक लोगों गंभीर रूप से घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों को आसंका है कि मृतकों की संख्या छह से अधिक है। कुडु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घायलों की प्राथमिक चिकित्सा करायी गयी। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।



बस में सवार सभी एक बारात से लौट रहे थे। मृतक बच्चो में प्रोशिक कुमार, सुमंत खेरवार एवं एक साल का भी एक बच्चा शामिल है। घायलों में अंकिता कुमारी, हरिनंद उरांव, विनोद उरांव,चतरप्त उरांव, बलराम उरांव, बरियो उराओ गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे रिम्स रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार महालक्ष्मी बस में लोग रांची से घाघरा बनालात बारात लौट रहे थे। इसी क्रम में टाटी मोड़ के पास शिव मंदिर के समीप हाइवा (जेएच 01एफ ए 2496) ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी की दोनो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। बस में बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। दर्जनों लोगों का इलाज कुडू अस्पताल में किया जा रहा है।

## आइपीएल का रंगारंग आगाज, धूम-धड़ाका शुरू



### आप पार्टी नहीं कंपनी, केजरीवाल घोटाले के मास्टरमाइंड : इडी
# कोर्ट से नहीं मिली राहत 28 तक रिमांड पर एके

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल् ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पीएमएलए कोर्ट ने 7 दिनों की इडी रिमांड में भेज दिया है। इडी ने केजरीवाल को घोटाले का किंगपिन बताते हुए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। इडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवल सीधे तौर पर उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण में शामिलथे। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने इडी को अरविंद केजरीवाल की 28 मार्च तक रिमांड दी है।

इडी की ओर से कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए साउथ ग्रुप से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। उन्होंने कहा कि आप एक व्यक्ति नहीं बल्कि कंपनी है। ऐसे में कंपनी के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)



### इडी की जासूसी भी करा रहे थे

सीएम अरविंद केजरीवाल के घर पर छापेमारी के दौरान ईडी को कई अहम दस्तावेज मिले हैं। सूत्रों का कहना है कि इन दस्तावेजों से पता चला है कि केजरीवाल ईडी अधिकारियों की जासूसी कर रहे थे। उनके घर से बरामद दस्तावेजों में ईडी के दो बड़े अधिकारियों के नाम और पूरे पते के साथ उनके परिवारों का भी पूरा ब्योरा मिला है। अरविंद केजरीवाल की हिरासत मांगते हुए ईडी ने अपने रिमांड नोट में कई खुलासे किये। इडी ने कहा आप एक कंपनी की तरह है। केजरीवाल उसके मास्टरमाइंड हैं। वे दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मास्टमाइंड हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस ली

गुरुवार की देर रात अपनी गिरफ्तार के खिलाफ उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी। शुक्रवार को उन्होंने याचिका भी वापस ले ली। उनकी तरफ से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हम इसे वापस ले रहे है क्योंकि यह रिमांड के साथ क्लैश कर रहा है।

## मीरा सिंह लाइन हाजिर
### छापे में मिले थे कई दस्तावेज प्रभारी से हटायी गयीं

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। इडी रेड के बाद सब इंस्पेक्टर मीरा सिंह को स्सपेंड करते हुए लाइन हाजिर कर दिया गया है। इससे संबंधित आदेश एसएसपी ने जारी कर दिया है। इंस्पेक्टर मीरा सिंह को तुपुदाना टीओपी प्रभारी से हटाते हुए लाइन क्लोज कर दिया गया है। गुरुवार को सब इंस्पेक्टर मीरा सिंह के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के द्वारा छापेमारी की गयी थी। इडी ने छापेमारी के दौरान मीरा सिंह के आठ मोबाइल से तकरीबन 100 जीबी डाटा रिट्रीव कराया है। साथ ही उनके आवास और दफ्तर से कई अहम दस्तावेज भी जब्त किये हैं। मीरा सिंह के मोबाइल चैट से आईपीएस के ट्रांसफर से लेकर बालू तस्करी तक की इडी को जानकारी मिली है। व्हाट्सएप चैट की जांच के दौरान पाया गया कि मीरा सिंह ने कांग्रेस नेता मोहित शाहदेव समेत कई अन्य लोगों से बालू की तस्करी को लेकर चैट किया है। कई ट्रकों के नंबर भी मोबाइल फोन से मिले हैं, जिन्हें पासिंग देने यानि पुलिस के द्वारा बिना पकड़े पास करने की बात मैसेज में लिखी गयी है।

#### घूस लेते गिरफ्तार भी हुई थीं

2012 बैच की दारोगा मीरा सिंह के बारे में कहा जाता है कि वह सत्ता की बहुत करीब हैं। एक बार डीजीपी को भी उनके तबादले का आदेश वापस लेना पड़ा था। उस दौरान खूंटी में महिला थानेदार रहते हुए मीरा सिंह को रिश्वत लेते एसीबी ने गिरफ्तार किया था। जुलाई 2022 में मीरा सिंह की पोस्टिंग तुपुदाना ओपी प्रभारी के तौर पर हुई थी।
(शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### हेमंत ने हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

रांची/दिल्ली। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल को है। याचिका में उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विस सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली थी। याचिका में मांग की है कि आने वाले दिनों में आहूत होने वाले विधानसभा के सत्र में उन्हें शामिल होने की अनुमति दी जाये।

### ट्यूशन पढ़ने जा रहे दो छात्रों को ट्रक ने रौंदा, मौत

गिरिडीह। गिरिडीह-बेंगाबाद मुख्य मार्ग स्थित महुआर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने शुक्रवार को बाइक सवार दो छात्रों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गयी। दोनों छात्र बाइक पर सवार होकर ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे। इनका नाम बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पंकज पंडित और सुभाष पंडित हैं।

### लोहरदगा में ट्रक ने बाइक को रौंदा, मौत

लोहरदगा। जोबांग थाना क्षेत्र के देवदरिया के समीप ट्रक ने सवार युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान जोबांग थाना क्षेत्र के सीरम पंचायत के सरजू पावा निवासी ललित उरांव के रूप में की गयी। पुलिस के सहयोग से उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### बिहार में फिर एक और पुल गिरा, एक की मौत

पटना। बिहार के सुपौल में बन रहा देश का सबसे बड़ा बकौर पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि पुल का तीन पिलर का गर्डर गिरा है। घटना सुबह के करीब साढ़े सात बजे की है। इस घटना में कई मजदूरों के दबने की खबर है, जिसमें से 1 की मौत हो गयी। बकौर पुल के निर्माण की लागत 1200 करोड़ रुपये की बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों ने 35-40 लोगों के मरने का दावा किया है।

## लैंड स्कैम में छविरंजन और पीपी की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** जमीन घोटाले में शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट ने रांची के पूर्व डीसी छविरंजन और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज कर दी।

सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में रांची के छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी ने इनके खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन दस्तावेज में छेड़छाड़ करने में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

वहीं चेशायर होम रोड की 1 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े मामले में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका भी हाइकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद शुक्रवार को खारिज कर दी। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर उक्त जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है।

### 10 साल में मोदी को 15 देशों के सर्वोच्च सम्मान


**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया। भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पीएम मोदी पहले विदेशी शासनाध्यक्ष बने हैं। पीएम मोदी को उनके 10 साल के कार्यकाल में 15 देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। 2016 में सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुल अजीज सैश' से पीएम मोदी को सम्मानित किया गया था। इसी साल मोदी को अफगानिस्तान द्वारा 'स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान' पुरस्कार दिया गया।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी केंद्र का तानाशाही रवैया : चंपई
## जनता अहंकार तोड़ देगी : हेमंत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद राजनीति चरम पर है। एक तरफ जहां दिल्ली और पंजाब समेत देश भर में विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन दल के नेताओं ने भी इसके खिलाफ बयान दिया है और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन एवं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने भी इस पर सवाल उठाया है। एके की गिरफ्तारी को इसे तानाशाही रवैया बताया है। हेमंत सोरेन के एक्स पर उनकी ओर से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने पोस्ट किया है। उन्होंने





कहा है कि शासन का मतलब तानाशाही हो गया है। देश का हर एक कोना इनके जुल्म की गवाही हो गया है। इन्हें लगता है कि करोड़ों लोगों का नेतृत्व कर रहे जन नेताओं को गिरफ्तार कर ये फिर से गद्दी पर बैठ जायेंगे। देश की स्वाभिमानी-निडर जनता इनके भ्रम और अहंकार का मुंहतोड़ जवाब देगी। इंडिया झुकेगा नहीं। हेमंत सोरेन ने एक्स पर एक शेर के जरिये केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

उन्होंने इस पर लिखा 'शासन का मतलब तानाशाही हो गया है, देश का हर एक कोना, इनके जुल्म की गवाही हो गया ह। इन्हें लगता है कि करोड़ों लोगों का नेतृत्व कर रहे जन नेताओं को गिरफ्तार कर ये फिर से गद्दी पर बैठ जायेंगे। देश की स्वाभिमानी-निडर जनता इनके भ्रम और अहंकार का मुंहतोड़ जवाब देगी। इंडिया झुकेगा नहीं। हेमंत सोरेने के बाद अरविंद केजरीवाल दूसरे ऐसे सीएम हैं जिसे इडी ने गिरफ्तार किया है।
(शेष पेज 11 पर)

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




संदेश

प्रतिवर्ष मार्च माह के अंतिम शनिवार को 'अर्थ ऑवर' मनाया जाता है। यह वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर (WWF) की एक प्रभावी पहल है, जिसका आरंभ 2007 में किया गया था। इसका उद्देश्य प्रकृति की रक्षा, जलवायु संरक्षण से निपटने व मानव जीवन के उज्जवल भविष्य को बेहतर दिशा देने हेतु मिलकर काम करने के लिए जागरूकता को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर-भारत प्राकृतिक वातावरण के संरक्षण हेतु समर्पित है। हर वर्ष अर्थ ऑवर 'पर एक घंटा के लिए स्वेच्छा से गैर जरूरी रोशनी बंद कर इस अभियान में लोग प्रतिबद्धता से भाग लेते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस प्रतीकात्मक आह्वान में ऊर्जा बचाने हेतु गैर आवश्यक प्रकाश के उपयोग को कम करना है। इस वर्ष अर्थ ऑवर 'शनिवार 23 मार्च, 2024 को रात्रि 08:30 से 09:30 तक मनाया जा रहा है।

अतः सभी राज्यवासियों से आह्वान है कि वे इस अवधि में अपने-अपने घरों में अनावश्यक प्रकाश को बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना चाहेंगे। इस अवधि में सभी कार्यालयों/प्रतिष्ठानों में भी अनावश्यक प्रकाश बंद करने की दिशा में समुचित कार्य किया जाय।

(सी०पी० राधाकृष्णन)
राज्यपाल, झारखण्ड

PRNO 323333 (Governor) IPRD 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## खबर एक नजर में

### योगेंद्र साव को मिला बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने याचिका ठुकराई, चुनाव लड़ने पर रोक जारी



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता योगेन्द्र साव को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बड़कागांव से जुड़े एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण केस में रांची सिविल कोर्ट द्वारा दी गई सजा को रद्द करने की मांग की थी। जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में क्रिमिनल अपील पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब योगेन्द्र साव के चुनाव लड़ने पर रोक जारी रहेगी।

### उषा मार्टिन के एमडी राजीव झवर के खिलाफ 19 अप्रैल तक पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झवर की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से पीड़क कार्रवाई पर रोक को बढ़ाने के लिए हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई। जिस पर ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित की है। हाई कोर्ट ने राजीव झवर के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 19 अप्रैल तक जारी रखी है। उषा मार्टिन को घाटकुड़ी, पश्चिम सिंहभूम स्थित विजय टू में आयरन ओर के लिए कैपटिव माइनिंग का काम मिला था। आरोप है कि कंपनी ने कोयले का इस्तेमाल अपने लिए करने की बजाय उसे मार्केट में बेच दिया। मामले को लेकर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

### डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर लगायी रोक

**गुमला में जमीन विवाद मामला**

**रांची।** गुमला जिले के जमीन से जुड़े एक विवाद मामले में झारखंड हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी है। सिंगल बेंच ने इस मामले में सरकार को कोर्ट के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया था। वहीं आदेश का पालन नहीं करने पर मुख्य सचिव और भू राजस्व सचिव को तीन अप्रैल को हाजिर होने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ प्रतिवादी ने खंडपीठ में अपील दायर की है। जिसपर एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से राजीव रंजन तिवारी और रंजित तिवारी ने पक्ष रखा। इस संबंध में अमृत महतो की ओर से एलपीए (लेटेस्ट पेटेंट अपील) दाखिल की गयी थी।

### आलोक रंजन समेत पांच की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम एवं चचेरे भाई आलोक रंजन समेत पांच आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को जेल में बंद आरोपियों की वीसी के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 6 अप्रैल निर्धारित की है। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। मामले में वीरेंद्र राम के सहयोगी तीन हलावा कारोबारियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता एवं राम प्रकाश भाटिया भी जेल में है।

### शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई 19 अप्रैल को

**रांची।** शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से पक्ष रखा गया, सुनवाई जारी रही। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 19 अप्रैल निर्धारित की है। दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने का खुलासा ईडी की जांच में हुई है।

### वीरेंद्र राम के पिता व पत्नी की अग्रिम बेल पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। सुनवाई के दौरान ईडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। बीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और उनकी पत्नी राजकुमारी देवी पर फिलहाल गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट दोनों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है। बता दें कि ईडी ने इसी वर्ष 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

### 24 से 26 मार्च तक बंद रहेगी कूरियर सेवा

**रांची।** झारखंड कूरियर एसोसिएसन के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष प्रेम मित्तल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होली अवकाश को लेकर चर्चा हुई। सचिव प्रदीप राजगड़िया ने बताया कि होली के उपलक्ष्य में सभी कूरियर कंपनियों की सेवा 24 मार्च से 26 मार्च तक बंद रहेगी। बैठक में अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने झारखंड वासियों को होली की शुभकामनाएं दी है।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

पत्रांक–213 /दिनांक–21.03.2024

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – **WRD/MID/LATEHAR F2-29/2023-24** विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका **PR No-322881 water resource( 2023-24)D** है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.323298 Water Resource(23-24):D

**कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला**

**Corrigendum-2**

कार्यालय ज्ञापांक 208 दिनांक 28.02.2024 के आलोक में PR No : 320755 (District) 23-24 (D) के माध्यम से अखबारों में प्रकाशित Request for Proposal/E-procurement Tender Notice Request for Proposal No … NIT No.- GML/NP/05/ 2023-24 (Solid Waste Management) Dated : 28.02.2024 के अन्तर्गत Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Gumla Nagar Parishad in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M कार्य के निविदा की तिथि को निम्नवत परिवर्तित समझा जाय :–

| Sl No | विवरणी | पूर्व की निर्धारित तिथि | परिवर्तित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Opening of technical bid | 28.03.2024 By 04.00 PM | 15.06.2024 By 04.00 PM |

शेष यथावत रहेगी।

Administrator
Gumla Nagar Parishad
Gumla, Jharkhand

PR.NO.323319 District(23-24):D


**फॉर्म 12-डी निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में करना होगा जमा**

# मीडियाकर्मियों के लिए भी पोस्टल बैलेट की व्यवस्था : के रवि कुमार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान चुनाव कवरेज के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र धारित करने वाले झारखंड राज्य के मीडिया कर्मियों के द्वारा अपने मताधिकार के प्रयोग के लिये पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में मीडिया कर्मियों को आवश्यक श्रेणी में रखा गया है। चुनाव कवरेज के दौरान अपने कर्तव्य पर उपस्थित सभी वैसे मीडिया कर्मी, जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कवरेज के लिए प्राधिकार पत्र जारी किया गया है, इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

### कैसे प्राप्त करें पोस्टल बैलेट

मीडिया कर्मी अपने संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय से फॉर्म 12-डी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म 12-डी डाउनलोड किया जा सकता है।

### फॉर्म कहां और कैसे करें जमा

चुनाव की अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ उक्त फॉर्म को संबंधित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जायेगा। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक मीडिया कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे। पोस्टल बैलेट केन्द्र संबंधित निवार्ची पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया जायेगा।

**पुलिस मुख्यालय में नोडल अधिकारी ने की बैठक**

## लोकसभा चुनाव के समय झारखंड पुलिस को रहेगी कैश की तलाश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध रूप से ले जाये जा रहे कैश पर झारखंड पुलिस मुस्तैद रहेगी। पुलिस अधिकारियों को शराब व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने, सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित चेक पोस्ट, नाका पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने एवं विशेष निगरानी रखने का निर्देश जारी किया गया है। बैठक की अध्यक्षता आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर कर रहे थे। आइजी ने सक्रिय अपराधियों की सूची बनाकर उन पर कार्रवाई करने और लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन करने पर बल दिया। पुलिस ने सोशल मीडिया के मामले में भी पुलिस अधिकारियों को सतर्क रह कर नजर रखने का आदेश जारी किया गया है। बैठक में डीआइजी जगुआर, डीआइजी रांची, हजारीबाग, रांची, धनबाद, कोल्हान, बोकारो, संताल परगना, जमशेदपुर एसएसपी ने भाग लिया।

## खड़गे से मिले जेपी पटेल, कहा- ईमानदारी से करूंगा अपना काम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। वहां उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। जेपी पटेल के साथ झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। जेपी पटेल ने खड़गे से कहा कि मैं पार्टी से सामान्य कार्यकर्ता के रूप में शामिल हुआ हूं। पार्टी जो काम देगी उसे ईमानदारी पूर्वक करुंगा।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार सुरक्षा की गारंटी होती है। जब सरकारें भय का कारण बन जाती हैं तो नौजवान कार्यकर्ताओं को हिम्मत के साथ मुकाबला करना पड़ता है। वर्तमान में देश में ऐसे हालात बन गए हैं कि सरकारी ताकत के बूते आम आदमी की आवाज को दबाने की प्रवृति में लोकतंत्र के लिए चुनौती बन गई है। ऐसे में जयप्रकाश भाई पटेल जैसे लोग अब इन चुनौतियों को डटकर मुकाबला करने के लिए तैयार हैं, और अब इनकी आवाज जो भाजपा में दबी हुई थी, अब प्रखरता के साथ जनता में गूंजेगी।

## जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल में एक जैसी सामानता : प्रतुल शाहदेव

**जल, जंगल, जमीन की बात करने वाले हेमंत सोरेन जमीन लूट के आरोप में जेल में हैं बंद**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल ने शराब की बोतल पर लिखी चेतावनी शराब स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है, पढ़ा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा डीबीटी यानी डायरेक्ट वसूली पर विश्वास करती है। अकाउंट फ्रीज की तकनीकी बातों के बारे में उससे ज्ञान की अपेक्षा नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड और दिल्ली में बहुत सारी समानताएं हैं। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर हेमंत सोरेन ने ईडी के 10 समन को नजरअंदाज किया था, तो वहीं अरविंद केजरीवाल ने भी 9 समन को नजरअंदाज किया। वह भी तब जब इन्होंने कानून के प्रति आस्था की शपथ ली थी।

उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा यूं तो जल, जंगल, जमीन की रक्षा की बात करती है लेकिन, हेमंत सोरेन पर सेना के बगल वाली जमीन को अवैध कब्जा करने का आरोप लगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने भी दवा से दारू और मोहल्ला क्लीनिक से महल तक का लंबा राजनीतिक सफर तय कर लिया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल शराब नीति में बड़ा परिवर्तन करके अरबों रूपयों का राज्य सरकार को नुकसान पहुंचाने के आरोप के कारण वे गिरफ्तार कर लिये गये। उन्होंने कहा हेमंत सोरेन ने यहां के आदिवासी मूलवासी को जल, जंगल और खनिज संपदा पर हक देने की बात कही थी पर उल्टे वह खनिज संपदा को खुद और अपने परिजनों के माध्यम से हथियाना में लग गए। यह दोनों मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री वैसे नेताओं की श्रेणी में आते हैं जो भ्रष्टाचार करते हैं और बाद में अत्याचार का नारा लगाते हैं। उन्होंने झामुमो पर तंज करते हुए कहा कि कांग्रेस के अकाउंट फ्रीज के मुद्दे पर बोलने का उसको तो नैतिक अधिकार ही नहीं क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा डीबीटी यानी डायरेक्ट वसूली पर विश्वास रखती है। कांग्रेस ने इनकम टैक्स की धारा 13-ए का उल्लंघन किया और उसे ट्रिब्यूनल और उच्च न्यायालय तक कोई प्रारंभिक राहत नहीं मिली। इसके बाद नियमानुसार उसके अकाउंट पर कार्रवाई की गई, लेकिन यह चोर मचाए शोर की तर्ज पर प्रेस कांफ्रेंस और आंदोलन कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय जाने का साहस नहीं दिखा रहे।

## देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लें: रवींद्र राय



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में रामगढ़ मांडू के नेता, जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुये। पार्टी में शामिल होने वाले कुणाल किशोर, सियाराम सिंह, मिथिलेश पाठक, परमेश्वर सिंह, मुकेश सिंह, अमरीका सिंह, प्रकाश ठाकुर, रौशन सिंह, प्रबल चौहान, रघुनाथ सोरेन, संजय सोरेन, कृष्णा सिंह, चंद्रिका भोक्ता, सुरेंद्र महतो, योगेंद्र प्रसाद, ईश्वर गंझू, धर्मजीत सिंह रहे। इस अवसर पर जॉइनिंग कमिटी के प्रदेश संयोजक रवींद्र राय एवं प्रदेश महामंत्री राज्यसभा आदित्य साहू ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री राय ने कहा कि पूरे देश के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए झारखंड भी तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन विभिन्न जिलों से लोग लगातार भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। जनता का भरोसा मोदी जी पर बढ़ता ही जा रहा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में वंचित वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़े हैं। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं परिवार है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को सिर्फ मोदी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। चाय बेचने वाला बेटा देश का प्रधानमंत्री बन सकता है यह सिर्फ भाजपा में संभव है। मौके पर विधायक बिरंची नारायण, अविनेश सिंह, शशिभूषण भगत, रंजीत सिन्हा, अशोक बड़ाईक, प्रवीण मेहता आदि मौजूद थे।

### होली में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना

**रांची।** राज्य के मौसम में पिछले कुछ दिनों से लगातार बदलाव देखा जा रहा है। कभी धूप, कभी बादल तो कभी गर्जन के साथ बारिश। वहीं, लगातार हो रही बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। पहले जहां लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा था। वहीं, अब लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दिनों में राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। साथ ही तापमान में फिर से वृद्धि दर्ज की जायेगी। 23 मार्च को राज्य का मौसम साफ रहेगा। वहीं, 24, 25 और 26 मार्च को राज्य में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना जतायी गयी है। ऐसे में संभावना है कि होली के दौरान राज्य में बादल छाये रहेंगे। बादल राज्य के मध्य और दक्षिणी हिस्से में छाये रहेंगे। अन्य हिस्से में दिन के समय आसमान साफ रहने की जानकारी दी गयी है।

मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में कुछ दिनों में तापमान में तीन डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। आने वाले दिनों में राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 31 से 32 डिग्री तक होने की संभावना है जबकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक रहने की संभावना व्यक्त की गयी है।

**झारखंड में ओवैसी की पार्टी बढ़ायेगी इंडिया ब्लॉक की टेंशन**

## लोकसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी झारखंड की 10 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार

**लोकसभा सीट राजमहल, पलामू, गोड्डा, रांची, हजारीबाग और गिरिडीह का नाम हैदराबाद भेजा गया, जबकि चार अन्य सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करने की योजना की जा रही है तैयार**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी झारखंड के 10 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की योजना पर काम कर रही है। ऐसे में इंडिया ब्लॉक को टेंशन हो सकती है।

एआइएमआईएम के नेता मो. शाहिद अय्यूबी कहते हैं कि 06 लोकसभा सीट राजमहल, पलामू, गोड्डा, रांची, हजारीबाग और गिरिडीह लोकसभा सीट का नाम हैदराबाद भेज दिया गया है। जबकि चार अन्य लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़ा करने की योजना झारखंड इकाई द्वारा बनाई जा रही है।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सुप्रीमो असुद्दीन ओवैसी पहले ही कह चुके हैं कि झारखंड में जनाधार वाले लोकसभा सीट पर एआइएमआईएम उम्मीदवार खड़े करेगा। ऐसे में प्रदेश ईकाई द्वारा राजमहल, गिरिडीह, गोड्डा, पलामू, रांची, हजारीबाग में उम्मीदवार खड़ा करने की योजना से इंडिया दलों को परेशानी हो सकती है।

ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा विरोधी वोट के बिखराव रोकने के लिए ही कांग्रेस, राजद, सीपीआई माले, झामुमो सभी एकजुट हुए हैं। एआइएमआईएम नेता मो.शाहिद अय्यूबी कहते हैं कि इंडिया दलों के नेता चाहे जो कहें परंतु यह सच है कि जनसरोकार और संविधान को बचाने की सबसे मुखर आवाज उनके नेता असुद्दीन ओवैसी ही कर रहे है।

### शिक्षा, सुरक्षा और मॉब लिंचिंग रहेगा मुद्दा

मो. शाहिद अय्यूबी ने कहा कि हम वोटकटवा नहीं बल्कि जनता के सही मुद्दे उठाते हैं। वर्ष 2014 में ये लोग मोदी को रोक पाने में क्यों सफल नहीं हुए, इसका जवाब इन लोगों को देना चाहिए।

### ओवैसी फैक्टर झारखंड में फेल होगी : कांग्रेस

एआइएमआईएम द्वारा राज्य के 06 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़ा करने की घोषणा और 4 अन्य सीट पर उम्मीदवार उतारने की योजना पर कांग्रेस ने भी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा कहते हैं कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में जनता ने बता दिया है कि अब वह भ्रमित होने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की बी टीम बन चुकी एआइएमआईएम पर राज्य की जनता भरोसा नहीं करने वाली है और सभी 14 लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन की जीत तय है।

**दोनों ही सीटों पर अभी भाजपा के सांसद हैं लेकिन नाम घोषित नहीं होने से संशय की स्थिति बनी**

# चतरा-धनबाद में भाजपा प्रत्याशी को लेकर सोशल मीडिया में धमसान

**कांग्रेस की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के भाजपा में शामिल होने की अफवाह तेज**

**चतरा सीट से प्रवीण सिंह, डॉ अभिषेक, अभिषेक रामदीन, मनोज सिंह आदि भाजपा के उम्मीदवार बनने के लिए लालायित, समर्थक बता रहे संघ से लेकर समाज तक का एंगल**

**धनबाद सीट के लिए भाजपा विधायक राज सिन्हा, बाघमारा विधायक ढुलु महतो और बोकारो विधायक बिरंची नारायण के नाम की जोरदार चर्चा**







उदय चौहान

**रांची।** भाजपा ने अबतक झारखंड की चतरा और धनबाद सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। दोनों ही सीटों पर अभी भाजपा के सांसद हैं लेकिन नाम घोषित नहीं होने से संशय की स्थिति है। संभावित प्रत्याशी रांची से लेकर दिल्ली तक का चक्कर लगाने में व्यस्त हैं। वहीं, उनके समर्थक सोशल मीडिया पर अपने नेता को सबसे प्रबल दावेदार बता रहे हैं। धनबाद और चतरा से भाजपा के टिकट के लिए संभावित प्रत्याशी के साथ समर्थकों ने भी मोर्चा खोला है। सूत्रों के अनुसार संभावित प्रत्याशियों में वर्तमान विधायक से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तक से संबद्ध लोगों का नाम लिया जा रहा है। संभावित प्रत्याशी तो अभी दिल्ली, रांची का चक्कर लगाने में व्यस्त हैं लेकिन सोशल मीडिया फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम पर इनके समर्थक अपने नेता को ही टिकट का सबसे प्रबल दावेदार बता रहे हैं। समर्थकों के लिए कोई नेता धरती पुत्र है तो कोई टाइगर। किसी को शिक्षाविद कहा जा रहा है तो कोई अपने समर्थकों के लिए आजातशत्रु हैं। जाति और समाज का एंगल भी टिकट मिलने के लिए खूब तलाशा जा रहा है। धनबाद चतरा दोनों में वर्तमान विधायक रेस में धनबाद सीट के लिए भाजपा विधायक राज सिन्हा, ढुलु महतो और बिरंची नारायण के नाम की चर्चा है। इसके अलावा, कांग्रेस की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के भाजपा में शामिल होने की अफवाह तेज है। जबकि चतरा में पांकी विधायक शशिभूषण मेहता भी दावेदार माने जा रहे हैं। इसके अलावा प्रवीण सिंह, डॉ अभिषेक, अभिषेक रामदीन, संतोष सिंह भी खम ठोंक रहे हैं। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के नाम पर भी फेसबुक में लंबे लंबे पोस्ट किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह के समर्थकों ने टिकट की दावेदारी कर रखी है।

खैर! जो हो चतरा व धनबाद में भाजपा के लिये उम्मीदवार के नाम की घोषणा करना आसान नहीं है। यही कारण है कि राज्य के शेष सीटों के उम्मीदवार के नाम घोषित किये जाने के बावजूद चतरा-धनबाद में राजनीतिक संशय छाया हुआ है।

### प्रदीप संथालिया भी भाजपा टिकट के प्रबल दावेदार

धनबाद के व्यवसायी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे प्रदीप कुमार संथालिया धनबाद से भाजपा टिकट की रेस में बताये जा रहे हैं। उनके समर्थकों का मानना है कि संथालिया को टिकट देने में भाजपा के किसी भी गुट की नाराजगी सामने नहीं आयेगी। प्रदीप संथालिया इससे पहले राज्यसभा चुनाव के लिए भी दावेदारी कर चुके हैं। उनके समर्थकों का मानना है कि व्यवसायी वर्ग भाजपा का पारंपरिक रुप से वोटर रहा है। प्रदीप संथालिया को टिकट देने से व्यवसायी वर्ग को प्रतिनिधित्व मिलेगा। इसके अलावा, धनबाद से परिणिति सिंह का नाम भी भाजपा से टिकट के दावेदारों में चल रहा है।

स्पीड न्यूज

# 31 मार्च तक केबुल टाउन में घर-घर बिजली कनेक्शन दे अन्यथा सत्याग्रह करेंगे : सरयू

## विधायक ने टाटा स्टील और जिला प्रशासन से किया अनुरोध, कहा पानी देते वक्त अनापत्ति लेने की जरुरत नहीं पड़ी, तो बिजली में क्यों !

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड और पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन से अनुरोध है कि 31 मार्च 2024 तक केबुल टाउन, गोलमुरी के घरों में बिजली का अलग-अलग कनेक्शन उपलब्ध करा दें अन्यथा बाध्य होकर हमें इसके लिए विद्युत सत्याग्रह आरंभ करना पड़ेगा। सत्याग्रह के दौरान अप्रैल 2024 से केबुल टाउन के विद्युत उपभोक्ता उतना ही बिजली बिल देंगे, जितना बिल उनके बिजली मीटर में उठेगा। टाटा स्टील द्वारा नियुक्त नौ वेंडरों द्वारा बिजली मीटर का अतिरिक्त लिया जा रहा सेवा शुल्क वे नहीं देंगे। यदि वेंडरों को अतिरिक्त शुल्क देना ही है तो यह शुल्क टाटा स्टील मिमिटेड खुद दे क्योंकि वेंडरों की नियुक्ति टाटा स्टील ने ही की है। उक्त बातें जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने एक प्रेस बयान जारी कर कही है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से केबुल टाउन इलाके में बिजली का सीधा कनेक्शन उपभोक्ताओं के घरों में टाटा स्टील द्वारा नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए टाटा स्टील ने नौ वेंडर नियुक्त किये हैं जिन्हें कंपनी एकमुश्त बिजली देती है और ये वेंडर इस बिजली को अलग-अलग घरों में बांटते हैं। नतीजा यह कि केबुल टाउन इलाके के उपभोक्तचाओं को वास्तविक ऊर्जा खपत के बिल से करीब डेढ़ गुणा अधिक बिल देना पड़ रहा है। काफी दिनों से केबुल टाउन के उपभोक्ता मांग कर रहे हैं कि कंपनी उनके घरों में सीधी बिजली दे और मीटर के हिसाब से शुल्क वसूले, परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। नौ वेंडरों से कंपनी बिजली का एकमुश्त शुल्क वसूल रही है और ये वेंडर अपने-अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से बिल वसूलते हैं जो वास्तविक बिल से डेढ़ गुणा होता है। यह घोर अन्याय है। इसके विरोध में लोग दबी जुबान से आवाज उठा रहे हैं परंतु टाटा स्टील लि. और पूर्वी जिला प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। प्रेस बयान में विधायक ने कहा है कि मैंने विगत दो वर्ष के भीतर इस बारे में प्रशासन और कंपनी से अलग-अलग एवं एकसाथ कई बार बातचीत की है। हर बार इसके लिए आज-कल किया जा रहा है। सिद्धांततः टाटा स्टील इसके लिए तैयार हो गया है कि वह केबुल टाउन इलाके के घरों में अलग-अलग विद्युत कनेक्शन देगा परंतु अभी तक ऐसा हो नहीं पाया। मैंने यह विषय विधानसभा में भी उठाया। इसके लिए ऊर्जा सचिव ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को निर्देश भी दिया। ऊर्जा सचिव के निर्देश पर उपायुक्त के कार्यालय में बैठकें भी बुलाई गईं। सभी बैठकों में निर्णय हुआ कि सभी घरों में अलग-अलग बिजली नहीं देना और उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत के डेढ़गुणा से अधिक बिजली बिल देने के लिए विवश करना न्यायपूर्ण नहीं है। सभी घरों में अलग-अलग कनेक्शन देकर वास्तविक खपत के हिसाब से उनसे बिल लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि उपभोक्ताओं के घरों में अलग-अलग बिजली देने का निर्णय होने के बाद भी केबुल कंपनी के लिए एनसीएलटी से नियुक्त आरपी (रिजोल्यूशन प्रोफेशनल) से अनापत्ति नहीं मिलने का हवाला देकर अलग-अलग घरों में बिजली कनेक्शन देने में विलंब किया जा रहा है जबकि मेरी पहल पर ही केबुल टाऊन इलाके के सभी घरों में पानी का कनेक्शन दे दिया गया है। कंपनी ने पूरे इलाके में सफाई की व्यवस्था का दायित्व भी स्वीकार कर लिया है परंतु बिजली का अलग-अलग कनेक्शन उपभोक्ताओं को देने में रोज आज-कल किया जा रहा है। हकीकत है कि टाटा स्टील द्वारा केबुल कंपनी को दिया गया 177 एकड़ के भूखंड का लीज 2019 में ही समाप्त हो गया है। चंद रोज पहले समाप्त हुए झारखंड वि.स. के बजट सत्र में मेरे प्रश्न के उत्तर में सरकार ने स्पष्ट कहा था कि केबुल टाउन क्षेत्र के भूखंड पर अब टाटा स्टील का स्वामित्व है। इस प्रश्नोत्तर की प्रति भी मैंने टाटा स्टील और पूर्वी जिला प्रशासन को भेज दी है। इसके बावजूद दिवालिया घोषित हो चुकी केबुल कंपनी के आरपी से अनापत्ति नहीं मिलने की बात कहना समझ से परे है। चूंकि जिस समय टाटा स्टील ने केबुल टाउन के उपभोक्ताओं को बिजली देने के लिए 9 वेंडरों की नियुक्ति की, उस समय आरपी से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया।

### टेल्को : मुस्कान के शिविर में 103 रक्त यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक तनाव निवारण संस्था मुस्कान की ओर से 22 मार्च, शुक्रवार को टेल्को रीक्रिएशन क्लब में वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टाटा मोटर्स के कर्मियों समेत शहर के कई स्थानों के सम्मानित रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, इसमें कई महिलाएं भी शामिल रही। शिविर में 103 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा मोटर्स प्लांट हेड रविन्द्र कुलकर्णी, विशिष्ट अतिथि टाटा कमिंस प्लांट हेड रामफल नेहरा, टाटा मोटर्स एडमिन हेड वी एन सिंह, टाटा मोटर्स डीजीएम टाउन हेड रजत सिंह, मुस्कान संरक्षक पप्पू सिंह, शिव शंकर सिंह, भारत भूषण सिंह, पंकज पटेल, चंचल लकड़ा, विवेक विद्यालय के प्राचार्य अवधेश सिंह, मिथिलेश श्रीवास्तव, टीएसपीडीएल यूनियन के त्रिदेव सिंह, उमेश पांडे समेत कई अधिकारी मौजूद होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी ने कहा कि मुस्कान तनाव कम करने के साथ-साथ खुदकुशी रोकने को लेकर कई वर्षों से प्रयासरत है, जो सराहनीय कदम है।

### गणिनाथ सेवा संस्थान का वैवाहिक वेबसाईट का उद्घाटन



जमशेदपुर। शुक्रवार की शाम 6.30 बजे गणीनाथ सेवा संस्थान, गोलमुरी, जमशेदपुर के सभागार में मध्यदेशीय वैश्य समाज (हलवाई) के चिर परिचित मांग में से एक विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए जीवन साथी चुनने हेतु गणिनाथविवाह.कॉम वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष सह उपमुख्य संरक्षक जयहिंद गुप्ता, राजकुमार प्रसाद, बिनय गुप्ता, शैलेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, केवल साह, सुनीता साह अन्य वरिष्ठ संरक्षक सदस्यों के द्वारा किया गया। इस वेबसाइट को समाज के ही शिवम कुमार गुप्ता ने बनाया एवं स्क्रीन पर प्रमोट किया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम कुलदेवता बाबा गणीनाथ गोविन्द जी महाराज को स्मरण करते हुए संस्थान के अध्यक्ष सुन्दर गुप्ता की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वेबसाईट के उद्घाटन के उपरांत इस वेबसाईट की विशेषता एवं उसके संचालन संबधी विवरण प्रस्तुत की गई। इस वेबसाईट का उद्धेश्य अपने मद्धेसिये वैश्य समाज को एक ऐसा विकल्प प्रदान करना जिससे उनके सगे संबंधियों को जीवन साथी ढुंढने में सुगमता प्रदान करता है। संस्थान इस वेबसाईट के द्वारा समाज के ऐसे आर्थिक रुप से कमजोर युवक-युवतियों जिनके माता-पिता या परिवार को उनके विवाह करने में कठिनाई हो रही हो उन्हें सामूहिक विवाह के रुप में योगदान करना है। देश-विदेश की किसी भी कोने से इस वेबसाईट में पंजीकरण किया जा सकता है। वेबसाईट में पूर्ण रुप से उनके विवरणी को सुरक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए जम कर होली मनाई इस अवसर पर राकेश एवं ग्रुप के द्वारा होली गीत एवं भजन की प्रस्तुति की गई।

### बाहा गीत प्रतियोगिता में एलबीएसएम कॉलेज अव्वल



जमशेदपुर। कोल्हान विश्वविद्यालय के जनजातीय विभाग द्वारा शुक्रवार को अंतर महाविद्यालय बाहा गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एलबीएसएम कॉलेज, करणडीह को मिला जबकि द्वितीय स्थान जेमिनीकांत बी एड कॉलेज, सालबोनी और तृतीय स्थान सिंहभूम कॉलेज, चांडिल को मिला। इस अवसर पर विजेता टीमों को मुख्य अतिथि व विवि के कुलसचिव-डॉ राजेन्द्र भारती ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर संताली साहित्यकार पुरस्कार से सम्मानित प्रो जोबा मुर्मू, प्रो दानगी सोरेन, डॉ सुनील मुर्मू, प्रो लखाई बास्के, लेदेम मार्डी विशेष रुप से उपस्थित थे। उपस्थित छात्र/छात्राओं में शंकर हांसदा, शंभू टुडू, बासुदेव बेसरा, बलराम सोरेन, मन्तेश्वर सोरेन, प्रमान्नद बेसरा, सुभाष हेम्ब्रम, कोयल टुडू, रोहिनी मार्डी, रेनुका मुर्मू का नाम उल्लेखनीय है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जमशेदपुर पश्चिम वि.स के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

# बूथों पर पानी, बिजली और शौचालय की सुविधा रहेगी : अनन्य मित्तल

## उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में 1. प्राथमिक विद्यालय झारखंड बस्ती, डिमना मानगो 2. आदिवासी जनकल्याण विद्यालय, उलीडीह मानगो 3. साउथ प्वाइंट स्कूल, पोस्ट ऑफिस रोड मानगो 4. संकोसाई खड़िया बस्ती स्थित मध्य विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा शौचालय, रैंप, बिजली, पेयजल, आगमन एवं निकास द्वार आदि का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को मतदान केन्द्र में जरूरी सुविधा बहाल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



मानगो में एक बूथ का निरीक्षण करते डीसी अनन्य मित्तल।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई अशुविधा न हो, सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसे संबंधित बीडीओ, सीओ सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि इस चुनाव में 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं को होम वोटिंग कराये जाने का प्रावधान किया गया है, वैसे मतदाताओं को के बीच भी होम वोटिंग को लेकर जागरूकता लायें एवं शत प्रतिशत मतदान कराना सुनिश्चित करें।

मौके पर अपर उपायुक्त, अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम, जिला योजना पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सीओ मानगो समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में खुला एनसीसी और एनएसएस ईकाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को मणिपाल टाटा मेडिकल कलेज में एनसीसी और एनएसएस इकाई का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कर्नल विनय आहूजा और विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल जी के मिश्रा द्वारा दीप प्रज्व्वलन द्वारा किया गया, कार्यक्रम का आयोजन डा0 नीलम गोयल (एसोसिएट एनसीसी अधिकारी), डॉ सचिन कुमार पाटिल और एनएसएस द्वारा किया गया था। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए छात्र स्वयंसेवक एवम कलेज प्रशासनिक सदस्य उपस्थित थे। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) भारत में एक युवा संगठन है जिसका उद्देश्य युवा नागरिकों में कामरेडशिप, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निःस्वार्थ सेवा के आदर्श विकसित करना है। इसकी स्थापना1948 में राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम के तहत की गई थी। प्रारंभ में, इसे विश्वविद्यालय कैडेट कोर और कॉलेज कैडेट कोर के विलय के साथ बनाया गया था। पिछले कुछ वर्षों में इसका विस्तार हुआ है, और इसमें स्कूल कैडेट कोर को भी शामिल किया गया है। एनसीसी में थल सेना, नौसेना और वायु सेना सहित विभिन्न हैं, और यह भारत के युवाओं को जिम्मेदार और अनुशासित नागरिकों के रूप में तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत एक युवा-उन्मुख कार्यक्रम है। यह योजना 1969 में गांधीजी के शताब्दी वर्ष में शुरू की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक कल्याण के विचार को स्थापित करना और बिना किसी पूर्वाग्रह के समाज को सेवा प्रदान करना है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में निकाली आक्रोश रैली



जमशेदपुर। शुक्रवार की शाम आम आदमी पार्टी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में साकची मुख्य गोलचक्कर पर राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की असंवैधानिक गैरकानूनी गिरफ्तारी के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया गया। फिर रैली की शक़्ल में डीसी कार्यालय तक पद यात्रा कर अपना जोरदार पक्ष रखा। रैली में प्रदेश उप संयोजक प्रेम कुमार एवं प्रदेश संयुक्त सचिव रईस अफरीदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। पार्टी के नेताओं ने एक-एक करके केंद्र सरकार के तानाशाही रवैये पर निशाना साधा और जल्द से जल्द आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जी को रिहा करने की मांग की। इस कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष संतोष भगत, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, अमरीक सिंह जख्मी, संजय सिंह, कोषाध्यक्ष के के देशमुख, विनोद सिंह, चरणजीत सिंह, विधानसभा सचिव मणि यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष मनीष कुमार, राजकुमार, वरिष्ठ नेता हकीमुद्दीन, वरिष्ठ नेता जमशेदजी, वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सुतार, महानगर महिला अध्यक्ष अंजना सिंह, महानगर महिला उपाध्यक्ष ममता द्विवेदी, महानगर महिला उपाध्यक्ष पूनम देवी, रीता दे, आशा, अमरजीत सिंह, संजीव कुमार, पंकज कुमार व कई लोग मौजूद थे।

### केबुल टाउन में धूमधाम से हुआ होली मिलन समारोह



**न्यू केबुल टाउन,गोलमुरी के सामुदायिक भवन में आज शाम धूमधाम से कोशिश (एक मुस्कान लाने की) संस्था की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के संरक्षक सह समाजसेवी शिवशंकर सिंह ने तमाम आगंतुकों का गुलाल लगा कर स्वागत किया। शिवशंकर सिंह ने कहा कि होली खुशी, आशा और कामनाओं की पूर्ति का हमारा पारंपरिक पर्व है। यह पर्व हम लोगों में भाईचारा की भावना को मजबूत करता है। इसके बाद देर शाम तक लोगों ने फगुआ और प्रीति भोज का आनंद लिया।**

## एक्सएलआरआई का 68 वां दीक्षांत समारोह आज, एन चंद्रशेखरन को मिलेगा मेडल

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ का 68 वां दीक्षांत समारोह 23 मार्च को शाम पांच बजे से आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन शामिल होंगे। वे एक्सएलआरआइ से पासआउट होने वाले कुल 552 विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस मौके पर उन्हें एक्सएलआरआइ की ओर से वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस से सम्मानित किया जायेगा। दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इस दौरान टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ इस्ट



एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन, डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद रहेंगे। इस बार पहली बार एक्सएलआरआइ के दीक्षांत समारोह का आयोजन टाटा ऑडिटोरियम में होने के बजाय फुटबॉल ग्राउंड में हो रहा है।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने जल संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ विश्व जल दिवस मनाया

मोबाइल वैन रैली, वाटर टेक एक्सहिबिशन एवं पैनल डिस्कशन का किया गया आयोजन
जमशेदपुर के पूर्वी भाग में 2 सीवेज पंपिंग स्टेशनों का उद्घाटन किया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने वाटर फॉर पीस : क्रिएटिंग रिपल्स फॉर अ बेटर फ्यूचर थीम के तहत विश्व जल दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में जल संरक्षण और स्थिरता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला देखी गई। उत्सव की शुरूआत शानदार जल बचाओ जागरूकता मोबाइल वैन रैली से हुई, जो सर दोराबजी टाटा पार्क से शुरू होकर जमशेदपुर की सड़कों से गुजरी । रैली को टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआईएसएल की सम्मानित वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसका उद्देश्य नागरिकों के बीच जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना था। मोबाइल वैन रैली के अलावा, रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में एक दिवसीय उत्सव मनाया गया, जिसमें जमशेदपुर के पूर्वी हिस्से में 2 सीवेज पंपिंग स्टेशनों का ऑनलाइन उद्घाटन, एक जल-तकनीकी प्रदर्शनी और एक पैनल चर्चा शामिल थी। टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी ने टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पैनल चर्चा में टाटा स्टील, टाटा पावर और टाटा मोटर्स के उद्योग जगत के दिग्गजों ने भाग लिया, जिसमें टिकाऊ जल प्रबंधन प्रथाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया । प्रदर्शनी और तकनीकी प्रस्तुतियों में जल प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी कंपनियों के अभिनव समाधान और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया।



एक पंपिंग स्टेशन का जायजा लेते चेयरमैन चाणक्य चौधरी।



कंपनी के कर्मचारियों से विमर्श करते रितुराज सिन्हा।

## एक नजर में

### अस्तित्व और स्काउट एंड गाइड के होली मिलन में थिरके दिव्यांग



**जमशेदपुर।** नेत्रहीनों (दिव्यांग) की सामाजिक संस्था अस्तित्व और भारत स्काउट एंड गाइड की पूर्वी सिंहभूम जिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आज 22 मार्च 2024 दिन शुक्रवार को जमशेदपुर के साक्ची स्थित जिला मुख्यालय के सभागृह में होली मिलन सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों ने भाग लेते हुए कई मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने एक दूसरे को साथ रंग अबीर लगा कर होली मनाई और एक दूसरे को होली की शुभकामना दिया। मौके पर काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिव्यांगों की सामाजिक संस्था अस्तित्व के जमशेदपुर के निर्देशक निर्मल प्रभात सेठी, सहायक निदेशक चंपा सिन्हा और रानू घोष, अध्यक्ष संजय गांधी, महासचिव सुलेखा आईकत, उपाध्यक्ष उषा सोनकर, पवन सोनकर, मोनू शर्मा, रीना शर्मा, भारत स्काउट एंड गाइड की ओर से जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार, जिला सचिव चंद्रमणि मोदी, राजकुमार सिंह, नीरज कुमार शर्मा और श्याम शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान नेत्रहीन दिव्यांग कलाकारों जिसमें जयदेव चौधरी, संतोष साव, राजू साहू, राहुल मुखी, शंकर मुखी, विशाल मुखी, रामधन कुमार और के अलीशा ने मनमोहन प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन जीत लिया।

### तिरुपति संस्था की महिलाओं ने खेली फूलों की होली



**जमशेदपुर।** कदमा के डीवीसी पावर हाउस नियर हेमछाया हाउसिंग कंमपलेस ग्राउंड में तिरुपति संस्था की तरफ से तिरुपति संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा रंगों का त्योहार होली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम राधे कृष्ण की पूजा अर्चना कर उनके साथ फूलों की होली खेली गई। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। तथा फिल्मी संगीतों पर महिलाएं ने डांस मस्ती किया एवं पारंपरिक पकवान खाकर एक दूसरे को गले लगा कर लगाकर होली मनाई। तिरुपति संस्था की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर शशि आचार्या ने सभी से विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर असमाजिक तत्वों द्वारा किसी भी फैलाए गए खबर को नजर अंदाज नहीं करते हुए तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दें। होली के दौरान अपने पड़ोस में विधि व्यवस्था खराब करने वाले शराबियों एवं हुडदंगियों पर विशेष नजर रखें किसी भी तरह का गलत अफवाह से बचने की सलाह देते हुए शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाने की अपील की तथा शुभकामनाएं दी।

### जुगसलाई में आज रंगारंग होली मिलन समारोह

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मेलन, जुगसलाई शाखा की बैठक सुरेश शर्मा लिपु की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आज संध्या 6.30 बजे से राजस्थान शिव मंदिर जुगसलाई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों पर चर्चा की गई एवं कार्यकर्ताओं के मध्य जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। होली मिलन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें चक्रधरपुर से विख्यात कलाकार धर्मेंद्र केजरीवाल एवं कोलकाता से नर्तकों की टीम आ रही है जो राजस्थानी गीत संगीत के द्वारा होली के धमाल एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत ठंडाई एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल एवं उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रिंगसिया को अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा, अग्रवाल सम्मेलन जुगसलाई शाखा, राणी सती सत्संग समिति एवं श्याम रात्रि निशान यात्रा समिति सहयोगी की भूमिका निभा रही है।

### टीडब्लुयू कमेटी मेंबर दिनेश सिंह ने 7वीं बार किया एसडीपी दान



जमशेदपुर। रक्तदान अभियान को बढावा देने के लिए रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। एसडीपी डोनेशन अभियान के तहत टाटा स्टील के यूनियन कमिटी मेंबर दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को 7वी बार एस डी पी दान किया। दिनेश नियमित रक्तदाता है और इससे पूर्व उन्होने पूर्व 14 बार नियमित रक्तदान भी किया है। इस अवसर पर जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रशाशक संजय चौधरी एवं जमशेदपुर रेड क्रॉस सोसाइटी के एस डी पी प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने स्वयं उपस्तिथ होकर दिनेश जी को डिजिटल प्रशस्ति पत्र, पुष्पगुच्छ एवं अविस्मरणीका देकर सम्मानित किया।

### दिशोम जाहेर गाढ़ नरवापहाड़ में बाहा बोगा पर्व 24 को

**जादूगोड़ा।** दिशोम जाहेर गाढ़ नरवापहाड़ के माझी बाबा वीरेन टुडू की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। इधर इस बैठक में दिशोम जाहेर गाढ़ नरवापहाड़ यूसील कॉलोनी में आगामी 24 मार्च रविवार को बाहा बोंगा पर्व मनाने का फैसला लिया गया। बैठक के बाद नायके बाबा सालखु मुर्मू ने बताया कि शनिवार को बोंगा बुरु उम नाड़का होगा। उसके बाद रविवार को जाहेर गाढ़ में मारांग बुरु, जाहेर आयो, मोड़े को, तुरुय को की पुजा की जाएगी। अंत में भव्य बाहा नृत्य का आयोजन होगा। 25 मार्च को सेंदरा पर्व का कार्यक्रम रखा गया है व एक दूसरे को पानी डालकर बाहा उत्सव मनाने की परंपरा है। बैठक में परगाना बाबा दसमत हांसदा, माझी बाबा वीरेन टुडू, माझी बाबा दसमत मुर्मू, नायके बाबा सालखु मुर्मू, दिलीप कुमार मुर्मू, दिनेश टुडू, फुदन मार्डी, सोनाराम हांसदा, मानसिंह किस्कु, कानुराम बास्के, बिक्रम हांसदा, रामसिंह सोरेन लापसा सोरेन बंगाल टुडू उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सांसद ने की मृतक के परिजनों से मुलाकात



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज में आयोजित भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने के बाद सांसद विष्णुदयाल राम थानान्तर्गत सोनबरसा गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह और असरफी सिंह की पत्नी के निधन पर उनके घर जाकर परिजनों को सांत्वना प्रदान किया। उन्होंने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए परिजन को हरसंभव सहायता करने का आश्वासन दिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, नरेन्द्र सिंह, रामराज पासवान, अखिलेश मेहता, अजय गुप्ता, कार्यसमिति सदस्य प्रफुल सिंह, रविन्द्र सिंह, विनोद कुमार सिंह व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झारखंड ऑटो चालक महासंघ का होली मिलन समारोह आयोजित



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के तत्वाधान में ऑटो स्टैंड मेदिनीनगर में होली मिलन एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन संघ के केंद्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने की एवं संचालन गुड्डू शुक्ला ने किया। मौके पर केंद्रीय सचिव विवेक कुमार सिंह उर्फ लड्डू उपस्थित थे। सिंह ने कहा कि होली बुराईयों पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से होली पर्व सौहार्द व शांतिपूर्ण बनाने की अपील की। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध व्यास गुड्डू दुबे एवं टीम ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर बिट्टू खान, यासीन अंसारी, बीटन तिवारी, राकेश सिंह राकेश शुक्ला, मुन्ना खान, शाहिद समेत सैकड़ो ऑटो चालक उपस्थित थे।

### मृतक के परिजनों को हरहाल में दिलायेंगे मुआवजा : जिप सदस्य संग्राम सिंह

**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के गंगतुआ निवासी सह वार्ड सदस्य उपेन्द्र पाण्डेय उर्फ लुलु पाण्डेय 45 वर्ष पिता विक्रमा पांडेय की मौत ट्रैक्टर के धक्का लगने से हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की। साथ ही प्रशासन से मृतक के परिजन को मुआवजा दिलाने की बात कही। मृतक के परिजन को हरहाल में मुआवजा दिलायेंगे। सिंह घटना की सुचना पाते ही अस्पताल पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवाने में मदद किया। जाम स्थल पर पाटन थाना प्रभारी लालजी, किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह, उताकी मुखिया प्रतिनिधि इंदल महतो, समाज सेवी शक्ति शंकर गुप्ता, संजय पांडे, कामता सिंह, सुनील कुमार, मनोज कुमार, पारस महतो, राम बरत सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित थे। ग्रामीणों का आरोप है कि पंडवा पुलिस अपने क्षेत्र से बाहर पाटन क्षेत्र में जाकर वाहन को रोक रही थी। इसके बाद ट्रैक्टर चालक तेज गति से जा रहा था। ट्रैक्टर चालक उपेंद्र को रौंदते हुए भाग गया। पंडवा पुलिस के गलती के कारण यह घटना घटी है।

### नगर निगम से अभियान चलाकर कचरा सफाई करने की मांग

**मेदिनीनगर।** राजद प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घुरा ने मेदिनीनगर नगर आयुक्त के नाम पत्र लिखकर वार्ड न0-30, 29 में फैले कचरे व नाली सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उक्त वार्ड का पुरा क्षेत्र का नाला,नाली कचरा से जाम हो गया है मलवा कचरा भरा हुआ है जिसके कारण पानी का बहाव नही हो रहा है जिसके जल जमाव के कारण मच्छरों का प्रजनन हो रहा है। सफाई कर्मचारी मनमानी करता है आम जनता के कहने पर महीना दो महीना में आकर मनमाना सफाई करके चला जाता है। पर्व को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाकर नाला, नाली में लगा जाम को खुलवाया जाय जिससे रुका हुआ गंदा पानी बह सके। खासकर शास्त्री चौक से भटटी मोड होते हुऐ रसीद बैंड के घर तक, सोनी मिल से देवी मंदिर तक, शीतला मंदिर रोड में माली मुहल्ला, मदन मोहन रोड, देवी मंदिर गली, आदर्श नगर रोड, मुस्लिम नगर के सभी क्षेत्रों का नाली का सफाई जन हित में आवश्यक है। चुंकि वार्ड पार्षद का चुनाव नही होने के कारण समस्या प्रबल हो गया है।

### 24 मार्च को होगा होलिका दहन, 26 मार्च को मनायी जायेगी होली



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर के पुजारी सह राजपुरोहित अच्युतानंद पांडेय ने कहा कि रंगों का त्योहार होली को कुछ ही दिन बचा हैं। कोई भ्रम की स्थिति न बने इसके लिए लोगों को मुहूर्त की जानकारी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 24 मार्च को रात 11:13 से शुरू होकर देर रात 12:27 तक रहेगा। होलिका दहन की अवधि 1 घंटा 14 मिनट तक है, 25 मार्च को उदिया तिथि के कारण पूर्णिमा का महत्व माना जाता है इसलिए होली 26 मार्च को मनाया जायेगा।

### पलामू जिला अधिवक्ता संघ में होली मिलन समारोह का आयोजन



**मेदिनीनगर।** होली आपसी भाईचारे व उमंग का त्योहार है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। वे शुक्रवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ में होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि होली में सभी लोग गीले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हैं व खुशियों का त्यौहार मनाते हैं। इस मौके इस कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्र,जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार, द्वितीय विनोद कुमार सिंह ने भी होली की बधाई दी। इस मौके पर पारंपरिक गीत गाकर कलाकारों ने समां बांधे रखा। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत की प्रस्तुति की। पीडीजे सहित सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी ने अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डी जे अमरेश कुमार, प्रेमनाथ पांडेय, अभिमन्यु कुमार, शंकर महाराज, आनंद सिंह, संदीप निशित बारा, निशिकांत अर्पित श्रीवास्तव, शिखा अग्रवाल, चंदन कुमार गोस्वामी, अपेक्षा, मिस रूबी, दर्जनों लोगों उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी ने की।

### शादी का झांसा देकर 3 वर्षो से यौन उत्पीड़न मामले में युवक गया जेल

**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के देवरी ओपी अंतर्गत एक गांव की 16 वर्षीय लड़की से शादी की झांसा देकर 3 वर्षो से यौन संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस सबन्ध में युवती ने हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज कराई हैं। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आवेदन में कहा गया हैं 2020 में मेरे पर्सनल मोबाईल पर उक्त युवक ने फोन किया जो अपना नाम दीपरंजन कुमार बताया। जिसके बाद मैं मना की लेकिन जबरन बात करने के दबाव बनाकर वह हमारे सम्पर्क में आया और वह मुझे अपनी बातों में फंसा कर गांव के बाहर और कई स्थानों पर अवैध सम्बंध बनाया। यह सिलसिला लगातार चलता रहा। उस बीच वह युवक ने मेरा गर्भपात भी कराया। जब मैं उस पर शादी का दबाव बनाया तो वह इनकार करने लगा तब मैं परेशान होकर उसके घर मे चली गयी। जिसके बाद उसके भाई राजेश ने मेरा फोन का सिम कार्ड तोड़ दिया एवं भला बुरा कहने लगा।

# बूथ जीता तो चुनाव जीता यह जीत का है मूल मंत्र : सांसद विष्णु दयाल राम

## भाजपा की पांडू व उंटारी रोड मंडल व बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक





खबर मन्त्र संवाददाता

**पांडू/उंटारी रोड।** भाजपा की पांडू एवं उटारी रोड मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि सांसद बिष्णुदयाल राम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी मौजूद थे। विष्णु दयाल राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता, यह नारा नहीं जीत का मूल मंत्र है। अगर अपने-अपने बूथ को जीत लिया, तो समझो की चुनाव जीत लिया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र का माननीय सांसद के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहा है। पांडू में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह एवं संचालन मनोरंजन गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन धर्मदेव सिंह यादव ने किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर एवं संचालन महामंत्री सुनील तिवारी ने किया। बैठक में विभाकार नारायण पांडे, नरेंद्र पांडे, संध्या सिंह, राम चंद्र यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सोमेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडे, सांसद निजी सचिव अलख दुबे, ईश्वरी पांडे, शम्भू शरण सिंह, ब्रज भूषण सिंह, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा विजय सिंह, सुदर्शन सिंह, कन्हाई राम, अयोध्या ठाकुर, सोनी देवी, शंकर गुप्ता,सुखदेव राम, विमल चंद्रवंशी, धनंजय गुप्ता, श्यामकिशोर सिंह, अवधेश सिंह, जनक शर्मा , सरजू पासवान, श्रवण प्रहिया, ऐनुल अंसारी, राधेश्याम विश्वकर्मा मौजूद थे।

# वैमनस्यता भुलाकर गले लगाने का त्योहार है होली : डॉ ईश्वर



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला शहर में गढ़वा रोड स्टेशन के समीप अवस्थित सिद्ध पीठ श्री योगीवीर बाबा मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जमकर अबीर गुलाल उड़ा। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी, 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार, रामनाथ कश्यप, ललेश्वर राम, विजय चंद्रवंशी व संजू सिंह ने दीप जलाकर किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने कहा कि हिंदू धर्म का सभी पर्व-त्योहार न सिर्फ हमारी सभ्यता संस्कृति की याद दिलाती है बल्कि सामाजिक समरसता को भी कायम रखने में मददगार साबित होती है। उन्होंने सभी को बैर भाव भुलाकर होली मनाने के आग्रह करते हुए कहा कि आने वाले हिंदू नूतन वर्ष में समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और अपने अंदर छुपी बुराइयों को त्यागने का संकल्प लें। समारोह में बलिया के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक स्वामीनाथ ठाकुर के होली गीतों पर श्रोता जमकर झूमे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन कमेटी के अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी और संचालन डॉ वी पी शुक्ला ने किया। मौके पर संतोष चौबे, वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, विजय कुमार रवि, वचनदेव चौधरी, इदरीस हवारी, विजय दीक्षित, सुरेंद्र दीक्षित, अशोक ठाकुर, नरेंद्र कुमार सिंह, विकेश पांडेय, प्रमोद दीक्षित, संतोष गुप्ता आदि मौजूद थे।

# एसडीओ व डीएसपी ने मतदान केंद्रों व इंटर स्टेट चेकपोस्ट का निरीक्षण किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

इसे लेकर शुक्रवार को छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार तथा एसडीपीओ नौशाद आलम ने थाना के सभी पर स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण किया वहीं आने जाने वाले वाहनों की एंट्री बुक जांच किया। उन्होंने बिहार राज्य की ओर से आने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। बाद में अधिकारियों ने राजकीय सीता उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगत तेंदुआ तथा अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय कौआखोह मतदान केंद्रों पर जाकर बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ कुमार अरविंद बेदिया, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पलामू के पड़वा बाजार स्थित ग्रामीण बैंक में दिन दहाड़े 5.61 लाख की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**पंडवा।** पलामू में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। अपराधी लूट पाट व चोरी के लिए अंधेरे का इंतजार नहीं कर रहे हैं बल्कि दिन दहाड़े भीड़ भाड़ वाले इलाके में लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। शुक्रवार को एन एच 75 से 100 मीटर की दूरी पर स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक से अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर बैंक कर्मचारियों व एक ग्राहक को बाथरूम में बंधक बना कर बैंक से 5.61लाख रूपए लूट कर आराम से दो बाइक पर सवार होकर निकल गये। लूट की घटना के साक्ष्य को मिटाने के लिए अपराधियों ने बैंक में लगा सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने बताया कि रोज की तरह वह सुबह लगभग दस बजे बैक खोले ही थे कि पीछे से तीन हथियार बंद अपराधियों ने सभी कर्मचारियों का मोबाइल छिन कर बैंक के बाथरूम में बंधक बनाकर बैंक में रखें 5.61 लाख लूट कर फरार हो गए। जाते समय सभी कर्मचारियों का मोबाइल वापस कर दिया। बैंक प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने तत्काल इसकी सूचना पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव को दिया। थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव व प्रशिक्षु डीएसपी सह पुलिस निरीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी। बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है। बैंक प्रबंधक अभिषेक तिवारी ने बताया कि बैंक प्रबंधन द्वारा सुरक्षा गार्ड रखने का कोई प्रावधान नहीं है। पहले स्थानीय पुलिस द्वारा चौकीदार रखा जा रहा था जो अब नहीं रहता है।

## दो सोना दुकान में हुई चोरी की घटना का नहीं हो पाया है उदभेदन



पड़वा थाना क्षेत्र के पड़वा बाजार स्थित शिल्पी ज्वेलर्स में 10 नवंबर 2023 एवं लक्ष्मी ज्वेलर्स में 9 जनवरी 2024 को अपराधियों ने रात्रि में दुकान का ताला तोड़ नकदी सहित लाखों रूपए के ज्वेलरी की चोरी की थी लेकिन दोनों घटनाओं का अभी तक उदभेदन नहीं हो पाया। लक्ष्मी ज्वेलर्स में हुई चोरी की घटना के सुबह रास्ते से जा रही पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को स्थानीय व्यवसायियों ने रोक कर घटना की जानकारी दी थी। एसपी ने घटनास्थल पर व्यवसायियों को आश्वस्त कराया था कि जल्द ही घटना का उदभेदन कर लिया जाएगा लेकिन दोनों घटनाओं का उदभेदन तो पुलिस नहीं कर पाई लेकिन अपराधियों ने पुलिस को चुनौती देते हुए तीसरी घटना को अंजाम वह भी दिनदहाड़े दे दिया।

# एसडीएम और एसडीपीओ हुसैनाबाद के अति संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद,पलामू।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद एसडीएम आइएस पियूष सिन्हा और हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने अनुमण्डल क्षेत्र के अति संवेदनशील व महुडंड पंचायत समेत कई पंचायत के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ग्रामीण मतदाताओं को निर्भीकतापूर्वक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव चौथे चरण में पलामू संसदीय क्षेत्रों में होना है। इसे लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस अलर्ट है।इस दौरान महूदण्ड, लोहबंधा, केमो ,प्रतापपुर समेत सुदरवर्ती तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कई मतदान केंद्र पर वृद्ध व दिव्यांग मतदाता को सुविधा मुहैया कराने के साथ साथ मतदान केंद्र पर बिजली पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

# मतदान प्रक्रिया के महत्त्वपूर्ण कड़ी होते हैं सेक्टर पदाधिकारी, कोई भी चूक अस्वीकार्य : डीडीसी





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू के आदेशानुसार जिला स्कूल के सभागार में चार सौ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए उन्हें पूरा प्रशिक्षण लेने के साथ सजग, सचेष्ट व क्रियाशील होना आवश्यक है। डीडीसी ने सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों से संवाद कर तैयारी का जायजा लिया। कहा कि कोई भी चूक अस्वीकार्य है। छत्तरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने सेक्टर पदाधिकारियों के दायित्वों को विस्तार से बताया।वहीं एलआरडीसी प्यारेलाल ने कहा कि सही जानकारी ही आप सबको संकट से उबारेगी तथा समुचित कार्य निष्पादन में सहायक होगी। अगर आप प्रशिक्षण में पसीना बहाते हैं तो कार्य के समय परेशानी नहीं होगी।

### राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी करायेगी ब्रज की रास होली



मेदिनीनगर। ब्रज की रास होली की झलक शनिवार को देखने को मिलेगी। रेड़मा में रांची रोड स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। जहां रंग-गुलाल, स्वाल्पाहार के अलावा बाहर से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य, संगीत का रंग पर झुमने का मौका मिलेगा। जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि होली उमंग, उल्लास, उत्साह को संचार करने वाला उत्सव है। होली मिलन समारोह मिलजुल कर एकता, सद्भाव, भाईचारगी का संदेश देने का अवसर प्रदान करता है। इसी सोच के साथ ब्रज की रास होली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रंगारंग झांकियों पर झुमने पर लोग विवश होंगे। देवेंद्र तिवारी ने बताया कि परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक धर्मनिष्ठ सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सचिव भूदेव सोनू मिश्रा शामिल होंगे। साथ ही विप्र परिवार समेत सनातन धर्मावलंबी को होली मिलन समारोह में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### बैंक से पैसा निकालकर घर जा रहे वृद्ध से छिनतई



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। बैंक से पैसे की निकासी कर घर लौट रहे एक वृद्ध से उचक्कों ने पैसे छीन कर भाग निकला। इसे लेकर पीड़ित ने लेस्लीगंज थाना में शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित लेस्लीगंज थानाक्षेत्र के गोराडीह गांव निवासी मुनेश्वर पांडे ने बताया कि वह लेस्लीगंज स्थित स्टेट बैंक लेस्लीगंज शाखा से 50,000 रुपए निकाल कर ऑटो से जगतपुरवा मोड़ उतर कर अपने घर जा रहा था। इसी बीच बैंक से ही रैकी कर रहे पल्सर बाइक में सवार दो उचक्कों ने जबरदस्ती हाथ में रखे थैला में रखे पच्चास हजार रुपए छीनकर भाग गये। जब तक पीड़ित शोर मचाता तब तक बाइक सवार उचक्का फरार हो चुका था। बताते चले की पीड़ित के इकलौते पुत्र की करोना से मौत हो गई है। अब अपने बेटे के चार बच्चियों को खुद को 73 वर्षीय वृद्ध पालन पोषण कर रहा है। पीड़ित अपने जमीन को बेचकर बैंक में पैसे रखा था। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़ित के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर छानबीन की जा रही है। इधर इस घटना से वृद्ध के परिजनों का रो रो के बुरा हाल है। इधर लेस्लीगंज के लिए कोई नया घटना नहीं है। कई बार ऐसी छिनतई हुई लेकिन बैंककर्मियों के सतर्कता नहीं रहने कारण आए दिन लोग इस घटना का शिकार हो रहे हैं।

### उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर 36 सौ किलो जावा महुआ तथा 60 लीटर महुआ शराब किया जब्त



मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर होली पर्व एवं चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। हुसैनाबाद थाना के ग्राम टिकवादह में छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान स्थल से 3.6 सौ किलोग्राम जावा महुआ तथा 60 लीटर अवैध महुआ शराब किया जप्त किया गया। आरोपी सोनू पासवान और सुनील यादव मौके से फरार हो गए। फरार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि इस तरह का छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अखबार जिला समाचार पत्र बिक्रेता संघ का होली मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** माटी कला बोर्ड परिसर में अखबार जिला समाचार पत्र बिक्रेता संघ का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने की। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर उपस्थित संघ के पदाधिकारी मुख्य अतिथि को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर प्रो जगन्नाथ प्रसाद ने कहा कि होली ही एक ऐसा पर्व है जो जात पात, भेद भाव, उंच-नीच को मिटाकर एक दूसरे से गला मिलाती है। यह पर्व असत्य पर सत्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ब्रज में जब होली खेले थे तो उस समय सभी एक रंग में रंग गये थे। आज वर्तमान समय में हम सभी को जात पात, अमीर गरीब को भूलाकर एक रंग में रंगने की जरूरत है। तभी जाकर इस युग में मानव समाज का कल्याण होगा। टेंपो चालक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने अपनी जीवन व्यथा को व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय था कि मैं भी अखबार बेचकर जीवन व्यतीत करता था।

## डीसी ने वीएएफ के प्रतिनिधियों संग बैठक की, कहा

# वोटरों के बीच जागरूकता के प्रसार में आपकी भूमिका अहम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के सभी ब्लॉक, अन्य सरकारी व निजी संस्थानों में गठित वोटर अवेरनेस फोरम के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी से कहा कि वे आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत अधिकाधिक लोगों को आगामी 13 मई व 20 मई को मतदान करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में डीईओ सह डीसी ने कहा कि मतदाता अपना वोट सुलभता के साथ डाल सकें। इसी उदेश्य से सभी सरकारी/गैर सरकारी/व्यवसायिक संस्थानों के कर्मियों के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रावधान किया गया है ऐसे में मतदान के दिन को छुट्टी का दिन नहीं बल्कि जिम्मेवारी भरा दिन मानते हुए वोट डालने जरूर जाएं। उन्होंने कहा कि वोट देकर आपको गर्व होगा कि सरकार बनाने में आपकी भी सहभागिता है। भारत के लिए मतदान करने जायेंगे, इसी बात को अपने मन में लिये वोट जरूर करें।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रंगोत्सव का आयोजन, होली गीत पर बच्चों के थिरके कदम

# रंगों की खुशियों को अपने जीवन में समाहित करें : डॉ एके सिंह





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रंगोत्सव (होली-मिलन) समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्री-नर्सरी से तृतीय तक के छात्र उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह के द्वारा समारोह में उपस्थित छात्र एवं शिक्षकवृन्द को गुलाल-तिलक तथा पुष्पवर्षा द्वारा होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। होली व फाग गीत पर नन्हें मुन्हें बच्चों के कदम थिरके। बच्चों के नृत्य से प्रभावित होकर शिक्षक, शिक्षिका एवं प्राचार्य द्वारा भी नृत्यस्वांग किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि हमें अबीर गुलाल की अपेक्षा पुष्प द्वारा सूखी होली खेलकर प्रकृति व शरीर दोनों को नुकसान से बचाना चाहिए। होली हिन्दुओं के प्राचीन त्योहारों में से एक है। प्राचीन भारत के मंदिरों की दीवारों पर होली से संबंधित चित्र अंकित है। विजयनगर की राजधानी हम्पी के मंदिरों में होली संबंधी कई दृश्य चित्रित हैं। होलिका, बुराई के नाश का प्रतीक है। कहा कि सौहार्द्रपूर्ण तरीके से रंगों की खुशियों को अपने जीवन में समाहित करें। छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें विनयशील, अनुशासित, गुणवान एवं संस्कारवान बनाना ही विद्यालय का प्राथमिक लक्ष्य है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में विद्यालय के चेयरमैन ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूशन सह, पांकी विधायक डॉ एस बी पी मेहता द्वारा प्रेषित होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा शिक्षार्थी उपस्थित थे।

# संत मरियम विद्यालय में होलिकोत्सव का आयोजन, बच्चों ने उड़ाया अबीर व गुलाल

## आपसी भाईचारा व सद्भाव को बढ़ाता है होली का त्योहार : अविनाश देव



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के आवासीय परिसर में गुरुवार को होलिकोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसवी साहा, व अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने इस कार्यक्रम में आए कलाकारों को चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संगीत के धुन और अबीर, गुलाल व नृत्य के धूम में बच्चें झूमते नजर आए। वही इस संध्या को रंगीन एवं संगीतमय बनाने के लिए आए कलाकारों का प्रदर्शन व छात्रावास परिसर के बच्चों के हाथों से उड़ रहे अबीर व गुलाल एवं उनके खिलखिलाते चेहरे पर लगी हुई रंग-बिरंगे गुलाल वाकई मे परिसर के सुंदरता मे चार चांद लग रहा था। साथ ही शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त कर्मचारी एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर आपसी प्रेम, भाईचारा व सद्भावना का परिचय दिया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि होली आपसी भाईचारा प्रेम व सद्भावना का त्यौहार है। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना एवं आपसी गिले-शिकवे दूर करके पर्व को मनाना चाहिए। मौके पर गायक पंकज निराला, श्याम, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी, प्रवीण दुबे सभी समन्वयक, कर्मचारी व बच्चे मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## देह व्यापार के विरोध में मोहल्लेवासी पहुंचे नगर थाना

**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र के मधपाड़ा में शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में मोहल्ले वासी आवेदन लेकर नगर थाना पहुंचे, दरअसल मुहल्लेवासी का आरोप है कि किसी एक घर में विगत कई महीनो से कार्यालय के नाम पर गैर कानूनी कार्य हो रहा है। आवेदन में कहा गया है कि मुहल्ले के रहने वाले आसिफ इकवाल के चार मंजिला भवन में देह व्यापार का कारोबार कई माह से जारी है, जिसको लेकर हम सभी के द्वारा नगर थाना में शिकायत दर्ज किया गया था, जिसके जाँच हेतु थाना से पुलिस बल आसिफ इकवाल के घर पहुंची थी, इन्हीं सब बातों को लेकर भुन्ना उर्फ, - आसिफ इकबाल, पिता खसामसूल हक, लडडू आलम पिता-स्व. बैचन, आलम, गुलाम मुस्तफा पिता- न मालूम, गुलाम सरोवर, पिता- गुलाम मुस्तफा, जमाल मुस्तफा , पिता- गुलाम एवं अज्ञात करीब 15-20 की संख्या मे थे जो लाठी डंडा, हथियार से लैस होकर मारपीट करने लगे और मारपीट के दौरान मोहम्मद हैदर इमाम के मोबाइल को पटक कर चूर कर दिया और जेब में रखे 5,000/- पाँच हजार रुपैया भी छीन लिया गया।

## कॉमर्स के पीजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने शुक्रवार को कॉमर्स विषय का पीजी सेमेस्टर-थ्री का परीक्षा परिणाम जारी किया है। इसकी जानकारी विष्वविद्यालय प्रवक्ता दिपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि कॉमर्स विषय के पीजी सेमेस्टर थ्री के (सत्र- 2022-24) का परीक्षा परिणाम प्रकाशित हुआ। परीक्षा में कुल 99.26 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परिणाम को शनिवार से विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। यहां बताते चले यह परीक्षा 5 मार्च को समाप्त हुआ था। सिर्फ 16 दिनों में परीक्षा विभाग की तत्परता से परिणाम प्रकाशित हुआ। परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह ने कहा अन्य विषयों का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। बहुत जल्द अन्य विषयों का भी परिणाम प्रकाशित कर दिया जाएगा।

## अधिवक्ता संघ ने कोर्ट परिसर में मनाया होली मिलन समारोह

**दुमका।** अधिवक्ता संघ की ओर से कोर्ट परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजित किया गया। अधिवक्ताओं ने गीत गाकर और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा होली गीत गाकर सभी को एक रंग में रंग दिया। मिलन समरोह में कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी को होली की शुभकामना दी। अधिवक्ता एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद थे।

## भजन संध्या का हुआ आयोजन

**दुमका।** दादी श्याम मंदिर की ओर से शहर के टाटा शोरूम रोड स्थित श्री श्री 108 दादी श्याम मंदिर में तीन दिवसीय फाल्गुन श्याम महोत्सव कार्यक्रम तीसरे दिन शुक्रवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाहर से आए कलाकारों के द्वारा रातभर भजन संध्या का आयोजन किया। भजन के बीच-बीच में कई देवी-देवताओं की झांकी भी निकाली गई। कार्यक्रम में सेवादार महाराज श्री श्याम सिंह चौहान पुजारी निज मंदिर सेवक परिवार के श्री खाटुधाम द्वारा भजन संध्या में कई मनमोहन भजन का आयोजन किया। साथ ही संजु शर्मा व तुषार चौधरी कोलकता एवं अनुपद चौखानी भजन गायकों के द्वारा कई मनमोहक भजन गाया। जिसमें कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु झुमते नजर आए। भजन संध्या कार्यक्रम के साथ ही फूलों की होली से बाबा श्याम का उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थापित बाबा श्याम के प्रतिमा को भव्य रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में बाबा को छप्पन भोग, स्वामणी चढ़ाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम रसोई का अयोजन किया गया। इस श्याम रसोई में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दादी श्याम मंदिर में कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

बाबा बासुकीनाथ की शरण में भाजपा सांसद

# सपरिवार की पूजा, भगवान से जीत का आशीर्वाद मांगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने अपनी पत्नी अन्नूकांत दुबे के साथ दुमका में बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने बाबा से पार्टी और अपनी जीत के लिए कामना की। इसके साथ ही सांसद ने पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक भी की। बासुकीनाथ मंदिर के पंडा पुरोहितों ने उन्हें विधि विधान पूर्वक पूजा आरती कराया। पूजा कर सांसद ने चुनाव में पार्टी और अपनी जीत की कामना भगवान शिव से की। शुक्रवार को भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने अपनी धर्मपत्नी व सहयोगियों के साथ बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा पहुंचे। यहां उनके तीर्थ पुरोहित पंडित मणिकांत झा मन्नो बाबा, संजय झा, मुकेश झा, रूपेश झा लाली, मनोज मिश्रा, अशोक बाबा, उमाकांत झा, एनके पांडेय सहित 11 सदस्यीय पंडितों के दल ने फौजदारी बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, मां काली, शत्रुसंहारिणी माता बगलामुखी की विधि-विधान से पूजा अर्चना व वैदिक आरती कराई. पूजा अर्चना के बाद सांसद ने प्रदेश की खुशहाली की कामना के साथ-साथ आगामी चुनाव में पार्टी और अपनी जीत की कामना भगवान से की। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद वहां मौजूद पंडा-पुरोहितों ने उन सभी को आशीर्वाद दिया. इस कार्यक्रम के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने बासुकीनाथ में पार्टी के स्थानीय नेता व कार्यकताओं के साथ औपचारिक वार्ता की, उनकी बातें सुनीं और आवश्यक मंत्रणा किया. इस दौरान उन्होंने जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय बैठक करने को लेकर स्थानीय कार्यकताओं के साथ चर्चा की. इस मौके पर गोड्डा लोकसभा प्रभारी गणेश मिश्रा, सीताराम पाठक, भाजपा दुमका जिला अध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद, शैलेश राव, प्रवीण सिंह, संदीप पांडेय, जितेंद्र झा, उज्ज्वल झा, राजेश गुप्ता, श्रीराम सिंह, गोपाल यादव सहित स्थानीय नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे. बता दें कि इस बार भाजपा के द्वारा दोबारा उन्हें गोड्डा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।

## दहेज को लेकर प्रताड़ित करने के मामले में दोषी को तीन साल की सजा

### 10 हजार जुर्माना व पांच लाख मुआवजा का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपी पति को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने तीन साल की कारावास एवं 10 हजार जुमार्ना किया है। सजा न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा के न्यायालय ने सुनाया है। साथ ही न्यायालय ने पीड़िता को मुआवजा के रूप में पांच लाख रुपए भुगतान करने का आदेश दिया है। न्यायालय में दुमका महिला थाना कांड संख्या 03/2016 में शुक्रवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। न्यायालय दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने रवीन्द्र कुमार को भादवि की धारा 498 ए के तहत तीन साल के कारावास की सजा सुनाया। दहेज अधिनियम की धारा 4 के तहत एक साल की कैद और दस हजार रुपए जुमार्ना अदा करने की सजा सुनायी। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को दो माह के अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। न्यायालय ने पीड़िता को 5 लाख रुपए मुआवजा के तौर पर भुगतान करने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक दुमका शहर के बाघनोचा राखाबनी निवासी सुरेंद्र कुमार साह की पुत्री जुही कुमारी के लिखित आवेदन पर दुमका महिला थाना में भादवि की धारा 498ए, 420, 34 और 3/4 दहेज निषेध अधिनियम के तहत के तहत 31 अगस्त 2016 को पति रवीन्द्र कुमार, ससुर विश्वनाथ साह और सास गीता देवी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता द्वारा नामजद आरोपियों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

## होली को लेकर बाजार में सजी रंगों की दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** होली त्योहार को लेकर शहर में भीड़-भाड़ काफी बढ़ गई है। टीन बाजार चौक से लेकर वीर कुंवर सिंह चौक तक रंगों की दुकानें सज गई है। सभी दुकानदार अपने-अपने सुविधा के अनुसार दुकानों को सजा रहे है। शहर से लेकर गांव देहात के बाजारों व चौक चौराहे पर रंग, अबीर व पिचकारी की दुकानें सज गऐ है। वहीं खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। दुकान के सामने छोटे से लेकर बड़ा पिचकारी, मुखौटा, केसरिया रंग की टोपी और पगड़ी भी आई है। अबीर एवं रंगों की डिब्बी लगाकर ग्राहकों को बुला रहे है। दुकानदारों ने बताया कि होली का सारा सामान कोलकाता एवं आसनसोल से आता है। जिसमें 10 रुपए पुड़िया हरा व लाल रंग, छोटे बच्चों के लिए पीला व लाल रंग 90 रूपए पैकेट, 10 रूपए पैकेट अबीर एवं आरारोट वाली अबीर 30 रुपए में सौ ग्राम बेचा जा रहा है। वही पिचकारी भी बाजार में 20 रूपए से लेकर 650 रूपए तक के बिक रहे है। रंग और पिचकारी बनाने वाली कंपनियों ने इस बार बाजार में कुछ नया प्रयोग किया है। पानी में घुलने वाले रंगों के साथ रंगबिरंगे फॉग स्प्रे, विभिन्न प्रकार गुलाल भी लोगों को उत्साहित कर रहे हैं। पर्व को लेकर शहर का बाजार सज गया है। दुकानदार ने बताया कि पहले लाल रंग का गुलाल ज्यादा बिकता था। अब केसरिया रंग की बिक्री अधिक है। इसके अलावा केसरिया रंग की टोपी, विभिन्न जानवरों के मुखौटे बाजार में उपलब्ध हैं। वहीं, बच्चों में भी होली का उत्साह देखा जा रहा है। बच्चे पिचकारी व मुखौटे लेने पहुंच रहे हैं। होली पर्व का लोगों में उत्साह बढ़ता हीं जा रहा है।

## डीडीएम ने बोकारो दीक्षा के प्रशिक्षुओं के बीच किया प्रमाण पत्र का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डालमिया भारत फाउंडेशन एवं सेल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित बोकारो दीक्षा में प्रशिक्षित इलेक्ट्रिकल ट्रेड के 26 एवं जेनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेड के 43 प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि डीडीएम नाबार्ड फिलोमन बिलुंग ने सभी प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बोकारो दीक्षा जिस उत्तम संसाधन और तकनीक का इस्तेमाल करते हुए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दे रही है इसी के परिणाम स्वरूप इलेक्ट्रिकल ट्रेड के करीब अस्सी प्रतिशत बच्चों का चयन वोल्टास एडकॉन एवं अन्य दूसरी कंपनियों में हुआ है और बचे हुए बीस प्रतिशत के लगभग बच्चे आने वाले समय में किसी न किसी कंपनी में नियोजित हो जाएंगे। कहा कि आगामी कुछ माह में यहां पर पुरुष प्रशिक्षुओं के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध कराने पर विचार किया जा रहा है।

## ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अंतर विद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता समूह की ईएसएल स्टील लिमिटेड ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद करने व वैज्ञानिक सोच पैदा करने और रचनात्मकता बढ़ाने के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड एक व एसएमजे +2 हाई स्कूल बिजुलिया सेंटर में एक अंतर स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें 200 से अधिक लोग आए। इसमें निकटवर्ती विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दो समूहों में 14 टीमों के बीच सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार एसएमजे +2 हाई स्कूल ने जूनियर वर्ग में आस विद्यालय ने सीनियर वर्ग में दूसरा पुरस्कार आस विद्यालय ने जीता और जूनियर वर्ग में पीएसएम सियालजोरी ने तीसरा पुरस्कार जीता जबकि सीनियर वर्ग में अलकुशा प्रेरणा केंद्र और जूनियर वर्ग में भागाबांध ट्यूटोरियल महथा टोला ने तीसरा पुरस्कार जीता। जूरी में चिन्मया स्कूल बोकारो के विज्ञान शिक्षक शैबाल गुप्ता एसएसडीएफ के प्रेरणा शिक्षक इंद्रजीत बाउरी और एसएमजे +2 हाई स्कूल बिजुलिया के विज्ञान शिक्षक रोहित कुमार थे।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

मंडरो। रंगों का त्यौहार होली पर्व को शांति एवं सौहादपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शुक्रवार को मिर्जा चौकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी रोहित कुमार , मंडरो अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत , मंडरो प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव की उपस्थिति में आयोजित की गई । बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाअधिकारी श्री भगत ने बताया कि होलिका दहन और डीजे बजाने को लेकर प्रशासन से स्वीकृति लेना अनिवार्य कर दिया गया है । बीडीओ ने बताया कि होलिका दहन के लिए समय का निर्धारण कर दिया गया है । बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बैठक में उपस्थित सामाजिक राजनीतिक दलों के कार्यकताओं , व बुद्धिजीवियों से शांति व सौहार्दं पूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार हम सब को हर्षो उल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाना है । उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है।

## क्रेशर प्लांट से एक लाख 70 हजार की लूट मामले में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**हिरणपुर (पाकुड़ )।** थाना क्षेत्र के सीतपाहाड़ी स्थित लुत्फुल हक के क्रेशर प्लांट से बीते 14.3.2024 को अज्ञात अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर करीब एक लाख 70 हजार रूपया लूट मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना परिसर में शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ डीएन आजाद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में हिरणपुर थाना कांड संख्या 10./2024 भारतीय दंड विधान की धारा 394 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पाकुड़ के नेतृत्व में थाना प्रभारी नवीन कुमार, एसआई अंशु उपाध्याय, गोपाल महतो आदि पुलिस बल का एक टीम का गठन कर लगातार छापामारी और पूछताछ वह सीसीटीवी कैमरा अन्य स्त्रोतों के माध्यम से कांड में शामिल पांच अपराधी मिहिर ठाकुर , चंदन साहा सिंटू साहा ग्राम ढोडिया थाना मुरारोई व मिलन मंडल, दर्शन मंडल ग्राम गोपालपुर थाना हिरणपुर जिला पाकुड़ शामिल है। इसी क्रम मे कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त दो अपराधी मिलन मंडल गोपालपुर एवं दर्शन मंडल गोपालपुर को गिरफ्तार किया गया है । साथ ही बताया कि घटना में इस्तेमाल किये मोटरसाइकिल, हैलमेट ,हथियार एवं अन्य सामानों को भी जब्त किया गया है।

# आईजी ने लोकसभा निर्वाचन के तैयारियों की समीक्षा की

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित एक बैठक में उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी डा माइकल राज एस ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में डीआईजी उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र सुरेन्द्र कुमार झा डीईओ सह डीसी श्रीमती विजया जाधव एसपी पूज्य प्रकाश कमांडर सीआरपीएफ एन बाला डीडीसी संदीप कुमार अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी एसडीओ ओपी गुप्ता व अशोक कुमार एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिटी डीएसपी आलोक रंजन ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार समेत सभी बीडीओ सीओ थाना प्रभारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आईजी ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन बुकलेट का अच्छी तरह से अध्ययन कर उसमें वर्णित अनुदेशों का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनाव निर्विघ्न व समुचित तरीके से करवाने को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की और जरूरी दिशा निर्देश दिया। डीआईजी श्री झा ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने एवं किसी भी तरह की गलत सूचना/भ्रामक सूचना एवं अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए रूट चार्ट तैयार करने में यह ध्यान देने को कहा कि पैदल 6-7 किमी से ज्यादा कहीं चलना नहीं हो। इससे पूर्व बैठक में डीईओ श्रीमती जाधव ने आईजी के समक्ष निर्वाचन को लेकर अब तक की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा होली गुड फ्राईडे व अन्य त्योहारों को लेकर भी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालने एवं अन्य ऐतिहातन कदम उठाने को लेकर एसडीओ/एसडीपीओ बीडीओ/सीओ एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया।

एक नजर में

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**साहिबगंज।** साहिबगंज शुक्रवार को जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र निवासी रामा मंडल पिता सुबला मंडल की मालदा सबडिवीजन अंतर्गत साहिबगंज सकरीगली साक्षरता चौक के बगल से गुजरने वाली किसी ट्रेन की चपेट में आने से दिन के करीब एक बजे मौत हो गई। वही मामले की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी व रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुँची पर उन्हें वहां शव बरामद नहीं हुआ ।पुलिस शव की खोजबीन करते हुये मदनशाही गंगा घाट पहुँची जहाँ उनको उक्त व्यक्ति का शव एक बोरे से बरामद हुआ जिसे उसके परिजन टोटो में लादकर लाये थे व गंगा में फैकने की फिराक में थे ।पुलिस ने तत्काल शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पातल भेजते हुये जांच में जुट गई ।वही मामले में सूत्रों की माने तो मृतक का विवाह जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहंडा में किसी उराँव जाती में हुआ था व मृत्यु के दो दिन पूर्व उनके ससुराल वालों ने उसके साथ काफी मारपीट की थी,जिससे उसका सर फट गया था व जख्म अभी भी पूर्णयता नहीं भरा है। कुछ का तो यह भी कहना है कि ससुराल वालों से पीड़ित होकर युवक ने आत्महत्या की है।

## प्रशासन ने चुआर में बूथों का किया निरीक्षण ,दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**उधवा।** शुक्रवार को प्रखंड उधवा के टापू में अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार के नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडे,आई आर डी सी विमल कुमार, थाना प्रभारी राधानगर अमित कुमार सोनी आदि ने बूथ का निरीक्षण करने पहुंचे। एसडीओ कपिल कुमार ने टापू स्थित यूएमएस बानुटोला सहित दो बूथ पर आवश्यक मूलभूत सुविधा का जायजा लेते हुए वहां उपस्थित बीएलओ और प्रधानाचार्य को आवश्यक निर्देश दिए। मतदान के दिन पोलिंग पार्टी और मतदाता को आवश्यक सुविधा प्राप्त हो इसके लिए बिजली विभाग , शिक्षा विभाग, पेय जल विभाग के अभियंता और अधिकारी को अपने स्तर से विशेष ध्यान दे कर मतदान केंद्र को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ गगन बापू सहित अन्य मौजूद थे।


## लालबथान में पोटो हो खेल मैदान में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**उधवा।** शुक्रवार को प्रखंड उधवा के पंचायत मोहनपुर पंचायत के लालबथान में पोटो हो खेल मैदान में स्वीप के तहत पंचायत स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडे द्वारा खिलाड़ियों के बीच मतदाता जागरूकता को लेकर अपनी बात को रखा। वहीं नोडल निर्वाचन गगन बापू ने भी बताया की युवा वर्ग को आगे आकर मतदान के लिए लोगो को जागरूक करना होगा। इस दौरान शिक्षक बाबूधन हेंब्रम ने भी स्थानीय भाषा में भी मतदाता जागरूकता को लेकर अपनी बात रखी ।इस दौरान पंचायत के मुखिया भईया किस्कू,सचिव मोनिका मुर्मू, स्वीप नोडल मो सोहर वर्दी,पंचायत राज पदाधिकारी बलराम दास उपस्थित थे ।बूथ संख्या 285,287 288 289और 290 के अंतर्गत लोग शामिल थे।

## नगर थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 95 हजार के साथ एक युवक को लिया हिरासत में

**साहिबगंज।** नगर थाना पुलिस द्वारा गोपालपुर के पास लोकसभा आम चुनाव के मध्य नजर वाहन जांच अभियान चलाया गया जिस्म की फोर व्हीलर टू व्हीलर एवं अन्य वाहनों का भी जांच किया जा रहा था इसी क्रम में मोटरसाइकिल पर सवार जयप्रकाश से तिरुपति निवासी के पास से 95 हजार के साथ उसे हिरासत में लिया है। नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान 95000 कैश के साथ जयप्रकाश से को हिरासत में लिया गया है पूछताछ के क्रम में बताया कि कैसे लेकर वह साहिबगंज आया था आगे अनुसंधान जारी है जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लोकसभा चुनाव और होली के पर्व को देखते हुए एसएसबी जवानों के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला



**साहिबगंज।** तालझारी संवाददाता। तालझारी में पुलिस ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव और होली के पर्व को देखते हुए एस एस बी जवानों के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस ने आमजन को शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च की शुरूआत तालझारी शहीद चौक से की गई। इसके बाद कल्याणचक सबदारा फाटक होते हुए गंगटिया, सरायढाप,भतभंगा,खटापानी, गोडाढाप,हरिणकोल होते हुए तालझारी वापस थाना पहुंची। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सुधांशु ने बताया कि तालझारी थाना क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए और लोकसभा चुनाव और त्योहारी सीजन को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया है। अपराधी गतिविधियों पर अंकुश लगाना और अपराधियों के मन में भय पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे होली का त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में शांति बनी रहे और पुलिस प्रशासन शांतिपूर्ण ढंग और निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवा सके इसके लिए पुलिस की कंपनियां बाहर से आई हुई है। मौके पर एस एस बी के सब इंस्पेक्टर नरेश सिंह, एस आई संजय कुमार यादव, एएसआई मनोज अजाद सहित एस एस बी के दर्जन भर जवान उपस्थित थे।

## 25 किलोग्राम गांजा बरामद



**साहिबगंज।** राजमहल से मानिकचौक( पश्चिम बंगाल) चलने वाली फेरी सेवा मानिकचौक से लगभग सुबह 10:30 बजे खुली , राजमहल लगभग 11:30 बजे फेरी घाट पहुंचे। मजिस्ट्रेट के निगरानी में एस.एस.टी. की टीम आने -जाने वाले यात्रियों का सामान का चेकिंग कर रहा था, ठीक उसी वक्त ब्लू रंग का एक ब्रीफकेस, एक स्लीपिंग बैग, एक पिट्ठू बैग, लेकर एक व्यक्ति फेरी (पानी वाले जहाज) से उतरा, मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की टीम उस व्यक्ति को ब्रीफकेस खोलकर दिखाने के लिए कहा तो वह व्यक्ति अपने परिजन से चाबी लाने के लिए अपने सामान को वहीं छोड़कर चला गया। कुछ देर बीत जाने के बाद जब वह व्यक्ति वापस चाबी लेकर नहीं आया तो मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल ने अपनी वरीय पदाधिकारी को सूचित किया एवं मजिस्ट्रेट के सामने जब ब्रीफकेस को खोला गया तो अंदर गांजा जैसा दिखने वाला पैकेट नजर आया जिसका कुल वजन 24 किलो 255 ग्राम प्राप्त किया गया।

## पत्थर लदे हाइवा व ट्रक में भिड़ंत एक घायल

**हिरणपुर (पाकुड़)।** हिरणपुर -कोटालपोखर पथ के बरमसिया निकट शुक्रवार शाम पत्थर लदे हाइवा व ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दोनो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही हाइवा चालक पाकुड़ निवासी बदरुल शेख (45) केबिन में घायल अवस्था मे काफी देरतक फंसा रह गया। पुलिस व स्थानीय लोगो की सहयोग से घायल चालक को काफी मुश्किल से निकाला गया व इलाज के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल ले जाया गया। हाइवा संख्या डब्लूबी 45 - 6981 हाथिगड से पत्थर लोडकर महारो स्थित क्रशर जा रहा था कि विपरीत दिशा से आ रहे चिप्स लदे ट्रक संख्या एनएल 01ए डी 2590 से आमने सामने टकरा गया। जिससे दोनो वाहनों की सामने की भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# चिल्लाता चीन

जब भी भारत के विशिष्ट व्यक्ति अरुणाचल जाते हैं और भारत सामरिक बढ़त लेता दिखता है, चीन गीदड़ भभकियां देने लगता है। हालिया मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते शनिवार बेहद ऊंचाई पर स्थित सबसे लंबी सुरंग के उद्घाटन का है। जिसको लेकर चीन को बेचैनी हुई है। उसने प्रधानमंत्री की अरुणाचल यात्रा पर भारत से राजनयिक आपत्ति दर्ज करायी है। जिसका कोई औचित्य नहीं है। दरअसल, साम्राज्यवादी चीन धरातल पर सैन्य ताकत दिखाने के साथ ही मनोवैज्ञानिक स्तर पर युद्ध लड़कर भी दबाव बनाने की कुत्सित कोशिशें करता रहता है। दरअसल, प्रधानमंत्री ने अरुणाचल के तवांग को असम के तेजपुर से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की थी। इस सुरंग के काम करने से अब तमाम प्रतिकूल मौसम में भी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तवांग तक भारतीय सैनिकों की आवाजाही व हथियार-रसद की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। भारत की सामरिक बढ़त पर चीन का तिलमिलाना स्वाभाविक ही है। करीब तेरह हजार फीट पर बनी यह सुरंग इस ऊंचाई पर बनी सबसे लंबी सुरंगों में शुमार है। जाहिर है भारत की इस कामयाबी से चीन का तिलमिलाना स्वाभाविक ही था। दरअसल,चीन अरुणाचल पर अनावश्यक दबाव बनाते हुए इसे अपने कब्जाये हुए तिब्बत का दक्षिणी भाग बताता है। यह सर्वविदित है कि भारत-चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हुए समझौते में अरुणाचल को चीन ने भारत का अंग माना है। निस्संदेह, लोकतांत्रिक विश्व में अंतर्राष्ट्रीय सीमा की अनदेखी करके अपना अधिकार जताने का कोई औचित्य नहीं है। ऐसा नहीं हो सकता है कि कोई देश दूसरे देश के हिस्से पर अपनी काल्पनिक दावेदारी जताकर आंखें दिखाए।

# डिजिटलाइजेशन पर जोर

भारत पहले ही उपभोक्ताओं के डिजिटलीकरण की तेज गति के साथ दुनिया को अपनी क्षमता दिखा चुका है। मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने इसका उल्लेख सबसे बड़े और तेज बढ़ने वालों में किया। प्रति मोबाइल उपभोक्ता औसत डेटा खपत भी चीन से अधिक और कोरिया के समान है। यह जियो जैसी कंपनियों के कारण संभव हुआ क्योंकि उन्होंने सस्ता डेटा दिया। इसके अलावा कम लागत पर तत्काल भुगतान का बुनियादी ढांचा तैयार हुआ और देश में खुदरा डिजिटल भुगतान सालाना 50 प्रतिशत की दर से बढ़ा। वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था में जहां एक मंच पर एक करोड़ से अधिक उद्यम मौजूद हैं, उसे तकनीकी क्षमता मुहैया कराई गई। 1.2 अरब लोगों के पंजीयन के साथ डिजिटल पहचान व्यवस्था कायम की गई। सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिलाने के लिए सॉफ्टवेयर पैकेज तैयार किया गया। इन मंचों का इस्तेमाल करके कई कारोबार खड़े किए गए। देश में बड़ी तादाद में यूनिकॉर्न (स्टार्टअप जिनका कारोबार 100 करोड़ डॉलर से अधिक हो) होने की यह भी एक वजह है। मूल्यांकन में उछाल अभी शुरू ही हुआ है क्योंकि निवेशक पैसा लगा रहे हैं। औद्योगिक संगठन नैसकॉम का कहना है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकती है। उसका कहना है कि हर पांचवीं स्टार्टअप वैज्ञानिक या अभियांत्रिकी संबंधी चुनौतियों के हल पर केंद्रित है और यह सबसे तेज विकसित होने वाला हिस्सा है। बड़े उद्यमों को डेटा विश्लेषण मुहैया कराया जा रहा है और पहली स्टार्ट अप विदेशी बाजारों में प्रवेश कर चुकी है। बिचौलियों की कीमत पर उत्पादक का मूल्यवर्धन करके ऐसा किया जा सकता है। यह क्षेत्र रोजगार देने के साथ ही देश की विकास गति को भी तेज करेगा।

# पक्षियों के प्रति संवेदनशील बनें हम






- क्षमा शर्मा

> खैर, जब हम दिल्ली के टी थ्री हवाई अड्डे पर पहुंचे तो वहां ड्यूटी पर तैनात विभिन्न कर्मचारियों को देखकर घबराहट होने लगी। सब लोग मास्क पहने थे। यानी कि उन्हें बर्ड फ्लू से संक्रमण का खतरा था। जबकि यात्रियों में बहुत कम लोग मास्क लगाए थे। खैर यहां से चलकर जब तुर्की के इस्ताम्बूल हवाई अड्डे पर उतरे तो यह देखकर दंग रह गए कि वहां किसी ने मास्क नहीं लगा रखा था।

हर साल इन दिनों बर्ड फ्लू की आवाजें सुनाई देती हैं। बढ़े हुए खतरे की बातें की जाने लगती हैं। इस बार महसूस हुआ कि अभी कोरोना से निजात मिली नहीं कि यह एक आफत और आ पहुंची। चिड़िया मरने लगती हैं, आशंका व्यक्त की जाने लगती है कि बर्ड फ्लू आ पहुंचा है। कैसे आया है। शायद प्रवासी पक्षियों से आया है। और इस तरह तमाम पक्षियों, उनके बच्चों आदि को जान से हाथ धोना पड़ता है।

मनुष्य को बचाने के लिए कभी दवा बनाने और वैज्ञानिक परीक्षण, तो कभी बीमारी न फैल जाए, इस संदेह के कारण हर बार ही बेचारे पक्षियों, जानवरों को जान देनी पड़ती है। अगर ये बता सकते, लिख सकते तो पता चलता कि मनुष्य की सभ्यता का इतिहास इनके ऊपर अत्याचारों से होकर ही गुजरा है।

जिसे हम बर्ड फ्लू के कारण चिड़ियों का मर जाना कह रहे हैं, ऐसा भी तो हो सकता है कि इस तेज ठंड और पाले को वे न सह पाए हों और जान गंवा दी हो। उन्हें भी सर्दी, गर्मी लगती है। वे भी बदलते मौसम का शिकार होते हैं। उन्हें भी बहुत से वे रोग लगते हैं जो मनुष्यों को होते हैं। बर्ड फ्लू का नाम तो अब चल पड़ा है मगर ठंड और गर्मी में बहुत सी चिड़ियों को मरते देखा है। पक्षियों के अस्पताल में भी बहुत से बीमार पक्षी पहुंचते ही हैं।

इस संदर्भ में बचपन की एक घटना भुलाए नहीं भूलती। बहुत छोटी थी। पढ़ना शुरू ही किया था। हाथ में पट्टी लेकर स्कूल जा रही थी। बहुत ठंड थी। पिताजी रेलवे में थे। इसलिए रेलवे स्टेशन पर ही घर था। हर रोज रेलवे लाइन पार करके स्कूल जाना पड़ता था। ठंड से दांत किटकिटाते, जब पटरी के पास पहुंची तो घबरा गई। पटरी के दोनों ओर, किनारे-किनारे और बीचोबीच दूर तक असंख्य गौरैया मरी पड़ी थीं। छोटी थी तो समझ न सकी कि क्या हुआ। लेकिन चिड़ियों के इस तरह से मर जाने से रोना आने लगा। और रोने की वजह बना घर का पालतू मिट्ठू। चिड़ियों को इस तरह मरा हुआ देखकर लगा कि कहीं अपना मिट्ठू भी तो नहीं मर जाएगा।

घर लौटकर जब पिताजी से पूछा तो वह बोले कि भाई तेज पाला पड़ रहा है। इतनी ठंड है । हम लोग इतने स्वेटर पहने हैं, रात में दो-दो कम्बल या मोटी रजाइयों में सोते हैं, तब भी ठंड लगती है। उन बेचारियों के पास न ऐसी कोई अंगीठी रखी है कि आग ताप लें या स्वेटर पहन लें, रजाई, कम्बल ओढ़ लें। इन बेचारे पक्षियों की तकलीफ के क्या कहने। तब इस तरह से चिड़ियों का न रहना किसी बर्ड फ्लू का संकेत नहीं बल्कि ठंड की मुसीबत माना जाता था।

इसी संदर्भ में दूसरी एक घटना याद आती है। सन 2009 में बर्ड फ्लू के खतरे के बारे में पहली बार अपने देश में सुना था। चैनल्स पर रात-दिन का हाहाकार मचा हुआ था। बताया जा रहा था कि बर्ल्ड फ्लू दुनिया भर में तेजी से फैल रहा है और इससे दुनिया के लोगों पर भारी खतरा छाया हुआ है। यह अगस्त, 2009 की बात है। उन्हीं दिनों मुझे और मेरे पति को यूरोप जाना था। एक बार तो सोचा कि न जाएं । पता नहीं जहां जाना है, वहां यह बीमारी कितनी फैली हो और हम भी चपेट में आ जाएं। फिर सोचा कि ऐन मौके पर टिकट कैंसल कराएंगे तो काफी नुकसान होगा। चले ही जाते हैं। जो होगा, सो देखा जाएगा।

खैर, जब हम दिल्ली के टी थ्री हवाई अड्डे पर पहुंचे तो वहां ड्यूटी पर तैनात विभिन्न कर्मचारियों को देखकर घबराहट होने लगी। सब लोग मास्क पहने थे। यानी कि उन्हें बर्ड फ्लू से संक्रमण का खतरा था। जबकि यात्रियों में बहुत कम लोग मास्क लगाए थे। खैर यहां से चलकर जब तुर्की के इस्ताम्बूल हवाई अड्डे पर उतरे तो यह देखकर दंग रह गए कि वहां किसी ने मास्क नहीं लगा रखा था। आखिर क्यों। खबरें तो यही थीं कि पूरी दुनिया में यह बीमारी फैल रही है। या कि ऐसी खबरें सिर्फ भारत जैसे गरीब देशों में डर फैलाने के लिए ही होती हैं। बाद में यह भी पता चला था कि इसमें इस बीमारी की दवा बनाने वाली कम्पनियों का भी हाथ था।

इस दौर में फ्रांस की उन कम्पनियों ने काफी लाभ कमाया था जो इस बीमारी की दवा बनाती थीं। ब्रिटेन की कम्पनियों को लाभ से वंचित होना पड़ा था, इसलिए उन्होंने इनकी पोल खोल दी थी। बाद में यह भी पता चला था कि ऐसी ही एक कम्पनी में उस समय के अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश के प्रशासन के बड़े अधिकारी रम्सफील्ड के भारी शेयर थे। वहां से ही भारत सरकार ने बर्ड फ्लू से लड़ने के लिए दस लाख कैप्सूल खरीदे थे, जो बाद में किसी काम भी नहीं आए थे।

इस बीमारी के बारे में यह भी कहा जाता है कि इससे इनसान को कोई खास खतरा नहीं होता, फिर भी बेचारी चिड़ियां अपनी जान से हाथ धो बैठती हैं। इनसानों को बचाने के लिए उन्हें मार दिया जाता है। क्या ऐसा कोई इलाज हो सकता है कि इस बीमारी से इन चिड़ियों को बचाया जा सके। जिससे कि मनुष्यों को इससे डर न लगे। हालांकि पक्षियों की दुनिया में उस तरह से नहीं प्रवेश किया जा सकता, जैसे इनसानी दुनिया में किया जा सकता है। न ही उन्हें किसी बीमारी के खतरे के बारे में समझाया जा सकता है। न ही उनका टीकाकरण किया जा सकता है। तो क्या पक्षियों को बचाने का वाकई कोई तरीका नहीं।

पंक्षी पर्यावरण का थर्मामीटर है। अगर पंक्षी पर्यावरण से कम होती है,समाप्त होती है तो यह पृथ्वी के अस्तित्व से जुड़ा सवाल है। यह किसी समाचार पत्र की विशेष रिपोर्ट मात्र नहीं है जिसे पढ़ा और फिर किनारे लगा दिया। अब पानी सर से उपर जा रहा है। महानगरों से पंक्षी के कलरव समाप्त हो रहें हैं। ये बात दीगर है कि हमारी लापरवाही से गौरैया खत्म हो रही है। उसे बचाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं बनानी पड़ रही हैं। इसी तरह हमें अपने दूसरे पक्षियों की रक्षा करने की जरूरत है। यह चीन नहीं है जहां पक्षियों को लोग बर्दाश्त नहीं कर सकते। माओ ने फसलें बचाने के लिए पक्षियों को मारने का आह्वान किया था। तब से अब तक वहां पक्षियों को मारने की होड़ लगी रहती है। हमें अपने पशुझपक्षी भी उतने ही प्यारे हैं, जितने इनसान। उनकी जान भी उतनी ही कीमती है, जितनी हमारी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## खास बात

# जल,जंगल, जमीन और झारखंड

**सत्यनारायण गुप्ता**

**पृथ्वी** पर चारों तरफ बिखरे हुए प्राकृतिक संपदाओं का उपभोग मनुष्य आदि काल से करता आया है। प्राकृतिक संपदाओं के दोहन से मनुष्य ने अपने आपको काफी समृद्ध किया है । उसे सांस लेने के लिए प्रदूषित हवा ही उपलब्ध है , उपजाऊ जमीन बंजर भूमि में बदल चुकी है, पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है ,समुद्र का जल स्तर बढ़ने लगा है ।पता नहीं कितने दुष्परिणाम झेलने के बाद मनुष्य चेतेगा।

आजादी के बाद से झारखंड क्षेत्र में पेड़ों की बेतहाशा कटाई हुई उस अनुपात में पेड़ नहीं लगाया गया। 1947 में राज्य के क्षेत्रफल का 52% वन क्षेत्र था जो अब घटकर 22% तक पहुंच गया है ।सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण के कारण पेड़ों का बलिदान अधिक हुआ है। नहर सिंचाई परियोजनाओं और आवासीय निर्माण भी इसके कारण हैं । झारखंड में पिछले 10 वर्षों में औसतन दौरान 3.20 लाख पेड़ काटे गए।

हालांकि फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून के रिपोर्ट के अनुसार 2017 की तुलना में 2019 में 58 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र बढ़ा है यह कुल भौगोलिक क्षेत्र का 29.67% है। झारखंड में वनों का संपूर्ण वितरण 33.21% है ।केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को 2022 तक 33% वनीकरण का लक्ष्य दिया गया है। इसे झारखंड में पूरा कर लिया गया है।

झारखंड गठन के उपरान्त अब तक राज्य में 947 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र बढ़ा है ।इंडिया स्टेट फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2001 से 2015 की अवधि में झारखंड का वन क्षेत्र 22,531 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 23 ,478 वर्ग किलोमीटर हो गया है ।हालांकि सघन वन क्षेत्र में गिरावट आई है।

वन विभाग के रिपोर्ट के अनुसार 70% से अधिक घनत्व वाला क्षेत्र 2603 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र , मध्यम घनत्व वाला वन क्षेत्र 9687 वर्ग किलोमीटर और खुला वन क्षेत्र 11321 किलोमीटर है ।जुलाई 2020 में पर्यावरण विभाग, झारखंड द्वारा जारी बयान में झारखंड में वन क्षेत्र विस्तार हो रहा है।

# आत्मसमर्पण

## विचार-प्रवाह

**ओशो**

याद रखें, स्वर्ग को आपको हिलाने दो, भगवान को आपको हिलाने दो। कुल के लिए आत्मसमर्पण। अन्यथा आप परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया करते जाओगे, और परिस्थितियाँ आप पर काम करती रहेंगी, आपके बेहोश होने पर, और आप वैसे ही रहेंगे। आप महिलाओं को बदल सकते हैं, आप पुरुषों को बदल सकते हैं, आप नौकरियां बदल सकते हैं, आप घर बदल सकते हैं; आप चीजें बदलते जा सकते हैं लेकिन वास्तव में कुछ भी नहीं बदलेगा। जब तक पूरा आप पर कब्जा नहीं कर लेता और आपका दिल बाहरी चीजों से आगे नहीं बढ़ता है, बल्कि आपके अस्तित्व के आंतरिक मूल से आगे बढ़ता है - इसे भगवान, स्वर्ग, ताओ कहें - जब आप इसे नहीं ले जा रहे हैं, जब आप केवल एक उपकरण हैं के हाथों में कुल, यीशु का यह मतलब है जब वह कहते हैं, ₹तुम्हारा राज्य आ गया, तुम्हारा इच्छा पूरी हो जाएगी। ₹यह कहने का उसका तरीका है, एक ही सच्चाई कहने का एक यहूदी तरीका है। यह कहने का एक चीनी तरीका हैः स्वर्ग को अपने दिल को हिलाने दो ।लेकिन जब कोई विचार नहीं उठता, तो सही विचार आता है ।और यह चमत्कार हैः जब कोई विचार पैदा नहीं होता तो आप जो भी करते हैं वह सही होता है। क्या सही क्या गलत ये तय करने का सवाल ही पैदा नहीं होता जब दिमाग शांत होता है और दिल भगवान द्वारा हिला दिया जाता है, तो जो भी होता है सही होता है।

ऐसा नहीं है कि सही काम करोगे तो संत बन जाओगे, संत हो तो जो भी करोगे सही। यदि आप सही करके संत बनने की कोशिश कर रहे हैं तो आप दब जाएंगे और कुछ नहीं।

## आपके ट्वीट

पापा ने हमें सिखाया है कि कभी भी अन्याय के सामने झुकना नहीं चाहिए।

सदियों से महिलाएं अन्याय सहती आ रही हैं ।तमाम अन्याय के बावजूद 14 साल की वफादारी ।यह फैसला आसान नहीं रहा होगाहिम्मत बनायें रखें।

मैं अपनी मां के फैसले का सम्मान करती हूं **–जयश्री सोरेन, दुर्गा सेना**

संविधान सभा में आदिवासी समाज के अधिकारों की आवाज उठाने वाले महान राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, शिक्षाविद एवं उत्कृष्ट हॉकी खिलाड़ी मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

**– चंपई सोरेन सीएम**





**देश** के युवा साहस और दृढ़ता के प्रबल प्रतीक हैं। हम इन युवाओं के बल पर देश को विश्व शक्ति बनाने का सपना देख रहे हैं।

**– नरेन्द्र मोदी**

# पाकिस्तान से क्यों खफा हैं इस्लामिक मुल्क?

**आर.के. सिन्हा**

## सामयिक

पाकिस्तान में आजकल सिर्फ अंदरूनी हालात ही खराब नहीं हैं, उसके सामने कई गंभीर संकट और भी हैं। उसे उसके दो पड़ोसी देश, जो उसकी तरह से ही इस्लामिक देश हैं, उससे सख्त नाराज हैं। पहले ईरान और अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फिलहाल अफगानिस्तान और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। दोनों मुल्कों के बीच सरहद पर झड़प भी हुई है। झड़प की शुरूआत पाकिस्तान की तरफ से विगत सोमवार को हुई। इसके जवाब में अफगान तालिबान ने भी सीमा पर पाकिस्तानी चौकियों पर गोलीबारी की। ऐसे में सवाल है कि क्या दोनों देश युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं? पाकिस्तान के हमलों के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि अफगानिस्तान की संप्रभुता पर किसी भी तरह के उल्लंघन के गंभीर परिणाम होंगे। इसके साथ ही तालिबान ने पाकिस्तान की नवगठित सरकार से दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को खतरे में डालने के लिए गैर-जिम्मेदाराना कार्यों की अनुमति नहीं देने का भी आग्रह किया।

दरअसल पाकिस्तान में हाल के आतंकवादी हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पाकिस्तान का आरोप है कि हमले अफगानिस्तान की सरजमीं से किए गए। जबकि, तालिबान ने पाकिस्तान के इस दावे को गलत बताया है। आपको याद होगा कि बीते जनवरी के महीने में पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर ईरान ने हमला बोला था। ईरान ने पिछली 16 जनवरी को पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से कहा गया था कि हमले में मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरान ने पाकिस्तान में बलूची आतंकी समूह जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को मिसाइलों से निशाना बनाया। ईरान ने आठ साल पहले सन 2016 में भी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर मोर्टार दागे थे। इसलिए कहा जा सकता है कि ईरान पहले भी पाकिस्तान को निशाना बना चुका है।

पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर की सीमा है। उधर, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच करीब 2400 किलोमीटर लम्बी अन्तरराष्ट्रीय सीमा है। इसका नाम डूरण्ड रेखा है। दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के संबंध तब से लगातार खराब होने लगे जब पाकिस्तान ने पिछले साल अपने देश से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला शुरू किया। पाकिस्तान से रोज सैकड़ों अफगान अपने देश वापस लौट रहे हैं। पाकिस्तान की इस कार्रवाई पर हजारों अफगानिस्तानियों का कहना है कि वे गुजरे कई दशकों से पाकिस्तान में हैं। वे पाकिस्तान की नागरिकता भी ग्रहण कर चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।

यहां पर बड़ा सवाल यही है अपने को इस्लामिक संसार का नेता कहने वाले पाकिस्तान से इस्लामिक मुल्क ही खफा क्यों है? इस सवाल का सीधा सा उत्तर है कि पाकिस्तान के डीएनए में ही अपने पड़ोसियों के लिए संकट पैदा करना है। उसने भारत के खिलाफ क्या-क्या हथकंडे नहीं अपनाए। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 1948, 1965, 1971 में युद्ध छेड़े और बुरी तरह से मार भी खाई। जंग के मैदान में धूल में मिलने के बाद पाकिस्तान ने 1999 में करगिल में घुसपैठ की। तब भी उसका बहुत बुरा हश्र हुआ। पाकिस्तान के साथ दिक्कत यही है कि वह बुरी तरह पिटने के बाद भी सबक नहीं लेता। उसे बार-बार पिटने की आदत सी हो गई है। फिलहाल वह ईरान और अफगानिस्तान से पिटने के लिए तैयार है।

## कार्टून वर्ल्ड

वैक्सीनेशन की गति ...




कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### महापुरुषों की राह

**राजनीतिक** क्षेत्र में बढ़ते स्वार्थ का खुलासा करने वाला रहा। चुनावी उम्मीदवार महापुरुषों का अनुसरण मात्र वोट बैंक भुनाने के लिए करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादे, जनता का विश्वास धराशायी हो जाता है। उनकी करनी और कथनी में काफी अंतर दिखाई पड़ता है। स्वच्छ राजनीति महापुरुषों के आचरण के अनुसरण से ही संभव है। काश यह बात हो पाती है। **–अनिल, रांची**

### आक्रामकता नहीं हल

**कांग्रेस** की किस्मत लेख पार्टी की नब्ज पर हाथ रखने वाला था। जरूरत इस बात की है कि पार्टी संगठन को मजबूत किया जाए। ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह सरकार के दौरान प्रस्तावित विधेयक की प्रतियां फाड़ कर दिखायी थी। उसके बाद मोदी सरकार सत्ता में आई थी। जरूरत संगठन को मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने की है।

**–रवि शर्मा, हजारीबाग**

# आर्थिक गति से ही निर्धारित होगा हमारा भविष्य

**टी. एन. नाइनन**

## आर्थिक

**देश** की विनिर्माण गाथा की विफलता को लेकर नीति निमार्ता चिंतित हैं। आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल इसकी अप्रत्यक्ष स्वीकारोक्ति है क्योंकि यह मान लिया गया है कि बिना व्यापारिक और शुल्क संबंधी संरक्षण के देश, विनिर्माण क्षेत्र के विकास में सक्षम नहीं है। एक बार इस दिशा में बढ़ने के बाद कारोबारी लॉबियां नीतियों को और अधिक संरक्षणवादी बनाने का दबाव बनाने लगेंगी।

यह हो भी रहा है। उत्पादन से संबंधित प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन आने वाली कंपनियां और अधिक केंद्रित लक्ष्यों की मांग कर रही हैं और कह रही हैं कि अधिक तादाद में क्षेत्रों को संरक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जाए। शायद अब यह स्वीकार करने का वक्त आ गया है कि भारत पूर्वी एशियाई देशों की निर्यात आधारित विनिर्माण गाथा को दोहराने नहीं जा रहा। वह शायद बांग्लादेश जैसा प्रदर्शन भी नहीं कर पाए। जैसा कि सन 2012 से हमारा आधिकारिक लक्ष्य भी है, यदि देश विनिर्माण को जीडीपी के बढ़े घटक के रूप में तैयार करता है तो यह घरेलू बाजार पर आधारित होगा और इसकी लागत भी अधिक होगी। वह लागत घरेलू उपभोक्ताओं को वहन करनी होगी जबकि अर्थव्यवस्था प्रमुख कारोबारी समूहों से बाहर रहेगा और निर्यात के मोर्चे पर नुकसान उठाएगा।

इसकी भरपाई सेवा क्षेत्र से होगी। दुनिया भर में सेवा व्यापार तीसरा सबसे बड़ा व्यापार है। भारत में यह अनुपात लगभग दोगुना यानी 60 प्रतिशत है।

यदि श्रम निर्यात के कारण देश में आने वाले धन को शामिल किया जाए तो यह शायद और अधिक होगा। यह पूंजी की आवक के बजाय सेवा निर्यात से होने वाली आय है। बीते पांच वर्ष में देश के निर्यात में पारंपरिक सेवा निर्यात की भी अहम हिस्सेदारी रही है। वाणिज्यिक निर्यात की हिस्सेदारी आधी से कम रह गई है। भारत जैसी विकास अवस्था वाली अर्थव्यवस्था के लिए यह अत्यंत विशिष्ट बात होगी। इससे रुपया भी उस स्तर तक बढ़ेगा जहां विनिर्माण निर्यात बहुत महंगा हो जाएगा।

यह पसंद आए या नहीं लेकिन सेवा क्षेत्र मूल्यवर्द्धन का वह क्षेत्र है जिसके सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी तुलनात्मक लाभ तथा अन्य कौशल का लाभ उठाना होगा।

देश में स्थित उपक्रम चाहे वे देसी हों या विदेशी उन्हें उनकी तकनीकी सेवा संबंधी विशेषज्ञता के कारण न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था का सेवा केंद्र बनाना होगा बल्कि नए क्षेत्रों मसलन कृत्रिम मेधा और डेटा आदि के रचनात्मक क्षेत्र में भी विशेषज्ञता हासिल करनी होगी।

हमें चिप निर्माण के बजाय चिप डिजाइन करना होगा। इस क्षेत्र में अभी ताइवान, अमेरिका और कोरिया का एकाधिकार है। इसी तरह हमें विमान इंजन बनाने के बजाय उसका डिजाइन तैयार करना होगा।

इस मॉडल पर बनी अर्थव्यवस्था में कुशल-अकुशल कर्मियों की तुलना में पेशेवर कामगार बढ़ेंगे। इससे कम शिक्षित तबके को नुकसान होगा क्योंकि उसका जीवन अनिश्चित होगा। संपत्ति अधिक संकेंद्रित होगी। वित्त मंत्री के लिए अंतिम स्तर पर वित्तीय हस्तांतरण अपरिहार्य हो जाएगा।

यदि शीर्ष पर संकेंद्रित संपत्ति पर कर नहीं लगाया गया तो यह फंडिंग मुश्किल होगी। उत्पादकता में व्यापक सुधार हो सकता है। यदि समुचित विपणन नीतियां तैयार की गईं तो कृषि क्षेत्र की आय में भी सुधार हो सकता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सरस्वती विद्या मंदिर में होली मिलन



**रजरप्पा।** सरस्वती विद्या मंदिर में होली मिलन समारोह हुआ। विद्यालय के सभी शिक्षक व प्रबंध समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा एवं प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि होली रंगों का उत्सव है। इसे सभी भाईचारे के साथ प्रेम एवं उत्साहपूर्वक मनाएं और आचार्य, बच्चों के जीवन में ज्ञान-विज्ञान, अनुशासन, संस्कार का नया रंग भरने का संकल्प लें। उन्होंने अभिभावकों एवं बच्चों को भी होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विद्यालय की बहनों एवं दीदी के द्वारा मनमोहक संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या शुक्ला चौधरी, अमृता चौधरी, कुमारी सुमन, रेखा कुमारी, रानी कुमारी, आरती झा, डॉ. गायत्री पाठक, ललिता गिरि, शेखर कुमार, शशि कान्त, अनूप झा, मनीष सिंह आदि की भूमिका रही।

### राधाकृष्णन बीएड कॉलेज में होली मिलन



**रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को होली मिलन समारोह हुआ। इसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प तथा रंग-गुलाल अर्पित किया। राणा ने सभी लोगों को होली की शुभकामनाएँ दी। संगीत के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा होली भजन होरी खेलत नंदलाल, मत मारो पिचकारी गीतों से समारोह में उपस्थित सभी लोगों को सरोबार किया। उपस्थित सभी लोगों ने भजन-कीर्तन, गीत, मिठाई खाकर को गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी।

### दोतल्ला पंचायत में मना जल दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में शुक्रवार को विश्व जल दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रवीश कुमार ने की। कार्यक्रम में मुखिया सत्यवंती देवी उपस्थित थीं। पीरामल फाउंडेशन के कार्यकर्ता कल्याणी रावत के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के लिए रद्दी (स्क्रैप) वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाने की प्रतियोगिता सहित निबंध, चित्रांकन एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले सफल प्रतिभागियों को मुखिया सत्यवंती ने सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनो से बच्चों की छुपी प्रतिभा निखरती है। पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं व खेल-कूद सहित अन्य एक्टिविटी में भी बच्चों को भाग लेना चाहिए।

### स्वयंसेवकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**इचाक।** प्रखंड के दर्जनों स्वयंसेवक ने अपनी मांगों को लेकर कई महीनो से हड़ताल पर चल रहे थे। झारखंड सरकार चंपई सोरेन के अध्यक्षता में कुछ मांगों को पूरा करते हुए हड़ताल तोड़ने की अपील की। इस संबंध में स्वयंसेवकों ने हड़ताल तोड़ने का जानकारी दी। पत्र में लिखा है कि 8 जुलाई 2023 से 5 सूत्री मांगों को लेकर रांची राजभवन के पास धरना पर थे झारखंड की वर्तमान सरकार ने हमारी मांगों को संशोधन करते हुए मान लिया है। इसलिए हमलोग हड़ताल वापस लौट कर 22 मार्च को अपने-अपने कार्य करने के लिए पंचायत सहायक वापसी कर रहे हैं। आवेदन देने वाले में शिव शंकर शर्मा, इंद्रदेव कुमार मेहता, गणेश यादव, सिकंदर भारती ,लवाकेसवा नंद देव ,नीरज कुमार ,अनिल रजक ,नीरज कुमार मिश्रा ,विजय कुमार गुप्ता, संतोष रविदास, स्वाति कुमारी, रेखा कुमारी कुमारी कंचन बाला रीता कुमारी समेत कई पंचायत सहायक मौजूद थे।

### सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाएं होली : पिंटू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माली मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ जिला के तत्वावधान में शुक्रवार को सेंट्रल सौंदा फुटबॉल ग्राउंड स्थित उदय मालाकार के आवास में होली मिलन हुआ। इसकी अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष पिंटू मालाकार और संचालन जिला सचिव उदय मालाकार ने किया। उदय मालाकार ने शिक्षा, एकजुटता व समाज के उत्थान पर चर्चा करते हुए एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहकर हर संभव सहयोग करने की बात कही। पिंटू मालाकार ने कहा की होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। हमसबों को हर पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को गले लगाने का त्योहार है। समारोह में डॉ. रवि कुमार व प्रवेश मालाकार, उपाध्यक्ष रामकृपाल मालाकार, सोनू मालाकार व विक्की मालाकार, महासचिव धनंजय कुमार, दिनेश मालाकार, विकास मालाकार, बीनू भगत, रविंद्र मालाकार, कोषाध्यक्ष बबलू मालाकार, सहित समाज के दर्जनों महिला-पुरूष शामिल थे।

# कार्यकर्ता के मान सम्मान का ध्यान रखना कर्तव्य : मनीष

## केरेडारी में भाजपा प्रत्याशी जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषि फार्म मैदान, केरेडारी में केरेडारी एवं पिपरवार मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक एवं होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और दोनों भाजपा मंडलों के कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया और लोकसभा चुनाव को लेकर उनको संबोधित किया। यहां इस क्षेत्र के विनय कुमार सिंह (पिपरवार) और मुश्ताक (केरेडारी) ने भाजपा का दामन थामा। केरेडारी में जायसवाल ने केरेडारी चौक पर भाजपा और अपने पक्ष में सघन जनसंपर्क अभियान भी चलाया। उन्होंने यहां केरेडारी दक्षिणी क्षेत्र के जिप सदस्य अनिता देवी के आवास पर उनके प्रतिनिधि सह समाजसेवी प्रतिम सिंह और केरेडारी पश्चिमी क्षेत्र की जिप सदस्य गीता देवी के प्रतिनिधि निरंजन साव सहित कई गणमान्य लोगों से मुलाकात हुई और लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा भी हुई ।

बड़कागांव भाजपा पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक सह होली मिलन समारोह जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय, बड़कागांव पूर्वी भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक मुस्कान रेस्टुरेंट, तलस्वार और डाड़ी भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक गिद्दी- सी में आयोजित हुई। मौके पर जायसवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ता के मान- सम्मान का ध्यान रखना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरे लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक मंडलों में कार्यकर्ताओं संग मंडलवार परिचयात्मक बैठक का आयोजन कर उनसे सीधे संवाद करने का अभियान चलाया हैं ताकि नेता और कार्यकर्ता के बीच कोई खाई ना रहें।

सभी कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी मानकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बड़ा कमल खिलाने के लिए एक एक मतदाता से सम्मान के साथ संपर्क करें तो निश्चित रूप में अबकी बार 400 पार का भाजपा का नारा सफल होगा और हिंदुस्तान विकास के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर पहुंचेगा। मौके पर बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकसभा महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष नेमा साव उर्फ. कर्मचार सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कुजू : पंजाबी ढाबा से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

- अक्षत बैंक्वेट हॉल के बाथरूम में छिपाकर रखा था शराब संचालक का भाई गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को मुरपा फोरलेन सड़क के किनारे पंजाबी ढाबा से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया। ढाबा संचालक विजय राय के भाई विक्की राय को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि उत्पाद विभाग रामगढ़ की टीम को सूचना मिली कि मुरपा फोरलेन स्थित पंजाबी ढाबा में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इस पर विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ढाबा में छापामारी की। ढाबा संचालक द्वारा बनाये गये अक्षत बैंक्वेट हॉल (मैरेज हॉल) के बाथरूम से बलैंडर ब्रांड के करीब तीन पेटी शराब को जब्त किया। वहीं ढाबा के किचन में शराब को छिपाने के लिए बनाये गये सुरंगनुमा में भी झोले



जब्त शराब।

में भरकर रखे गये बी 7 व बलेंडर ब्रांड के करीब दो दर्जन से अधिक शराब के बोतल व एक पेटी बियर भी बरामद किया गया। पंजाबी ढाबा विजय राय के भाई विक्की राय को गिरफ्तार कर साथ ले गयी। उत्पाद विभाग द्वारा मारे गये छापामारी से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबारियों के बीच हड़कंप का माहौल है। छापामरी में उत्पाद विभाग इंस्पेक्टर कांग्रेस के अलावे कई अधिकारी व जवान शामिल थे।



गिरफ्तार संचालक का भाई




इसी ढाबा से बरामद हुआ शराब

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के वनगड्डा फोरलेन पुल के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को रिम्स भेजा गया। जानकारी के अनुसार तीन युवक चिकोर निवासी दक्ष बेदिया व कोल कंपनी निवासी सावन बेदिया और नितेश बेदिया एक ही बाईक जेएच 01 ईएस 7319 नंबर पर सवार होकर भुरकुंडा से रामगढ़ की ओर तेज गति से जा रहे थें। इसी क्रम में वनगड्डा फोरलेन पुल के समीप तीखे मोड़ में बाईक असंतुलित होकर गिर गया। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही भदानीनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां एम्बुलेंस की मदद से तीनो घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए रामगढ़ भेजा गया। दक्ष बेदिया की मौत हो गई। वहीं कोल कम्पनी निवासी सावन बेदिया, नितेश बेदिया को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### रामगढ़ : खाद्य प्रतिष्ठानों में चला जांच अभियान

**रामगढ़।** होली को लेकर शुक्रवार को मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ए के रामा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी दीप श्री एवं अन्य सदस्यों के द्वारा गोला प्रखंड अंतर्गत डीवीसी चौक के समीप होटल, मिठाई दुकानों, राशन दुकानों आदि में जांच अभियान चलाया गया। आम जनों को मिलावटी खाद्य सामग्रियों से बचाने एवं पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य सामग्रियों की बिक्री की संभावना को देखते हुए कृष्णा स्वीट्स, रुचिका स्वीट्स, होटल बजरंग, महाराजा स्वीट्स, गौरव भंडार, शुभम स्वीट्स आदि दुकानों का निरीक्षण किया गया वहीं दुकानों से खाद्य पदार्थ के सैंपल भी इकट्ठा किए गए। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा लोगों से पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने, किसी भी पदार्थ को खरीदने के दौरान एक्सपायरी डेट आदि एवं विभिन्न तरीकों से खाद्य पदार्थों की पहचान को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गयी।

## हिंदू राष्ट्र संघ नगर कमिटी हजारीबाग का हुआ विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोगी जागेश्वर साव बने अध्यक्ष**

हजारीबाग। जय श्रीराम उद्घोषणा के साथ हिन्दू राष्ट्र संघ नगर इकाई हजारीबाग की एक बैठक बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर हजारीबाग में प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी बनाया गया, जिसमें सर्वसम्मति से जोगी जागेश्वर साव को अध्यक्ष नगर हजारीबाग मनोनीत किया गया। कमिटी का विस्तार किया गया जो निम्नवत है- अध्यक्ष जोगी जागेश्वर साव, संगठन महासचिव सोनु सिंह, महासचिव सुनील ठाकुर, विक्की कुमार, राजशेखर, राकेश कुमार, हर्ष सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत मिश्रा संजय सिन्हा विनोद कुमार उपाध्यक्ष विक्की पासवान सुरज कुमार साव मनीष चन्द्रा अंकु साहू सचिव योगी पासवान मोंटी राणा कपिल प्रजापति चंदन ठाकुर मनोहर कुमार राज सह-सचिव नंदन कुमार ठाकुर मुकेश सिंह विनोद कुमार, कपिल प्रजापति कोषाध्यक्ष संतोष यादव मीडिया प्रभारी ललन कुमार ओझा को किया गया। प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी के द्वारा भी सनातन धर्म और अपनी संस्कृति को अपनाकर हिन्दू राष्ट्र की मजबूती पर बल देने को कहा गया। प्रदेश संगठन महासचिव दीप प्रकाश नारायण हिन्दू राष्ट्र संघ के द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन सच्ची निष्ठा के साथ करते हुए हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए सभी को शुभकामना दिया गया।

### चौपारण में दो लाख लुटकर भाग रहे दो अपराधी धराये

**चौपारण।** जीटी रोड पर गुरुवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब फिल्मी स्टाइल में दो को चार करने के चक्कर में भीड़ पड़े। झबुलाल कुमार यादव पिता- स्वर्गीय माधो यादव ग्राम- कनकी थाना- गिद्दी जिला- हजारीबाग ने चौपारण पुलिस को सूचना दी गई कि चार व्यक्ति पैसा डबल करने का झांसा देकर दो लाख रुपये लुटकर गया (बिहार) कि ओर भाग रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह एक छापामारी दल का गठन करते हुए उक्त युवक से संपर्क स्थापित कर अपराधकर्मियों का पीछा कर चतरा मोड़ के पास स्कार्पियो से भाग रहे दो अपराधियों को पकड़ लिया तथा दो भागने में सफल रहे। पकड़े गए अपराधियों को थाना लाने के के पूछताछ में विजय पासवान पिता- राजकुमार पासवान ग्राम- हंटरगंज (डेबो) थाना हंटरगंज जिला चतरा, नारायण दास पिता- मुनेश्वर रविदास ग्राम- किमिनिया पचफेड़ी थाना- बरकट्ठा जिला- हजारीबाग ने झबुलाल कुमार यादव एंव उसके साथियों से पैसा डबल करने के नाम पर दो लाख रुपये का ठगी करने की बात स्वीकार की।

## अस्पताल में सभी कमियों को किया जायेगा दूर : डीजीएम

- डीजीएम ने बलकुदरा खदान और सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा खदान व सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा का शुक्रवार को डीजीएम ने निरीक्षण किया। इस दौरान डायरेक्टर जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी आफताब अहमद, डीडीएमएस माइनिंग हनुमंता राव, सीएमएस सुमन सिंह ने सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा का जायजा लेते हुए मरीजों का हाल-चाल जाना। मौके पर डीजीएमएस सहित अन्य अधिकारियों ने अस्पताल का वार्ड रूम, ड्रेसिंग रूम, किचन, एक्स-रे घर आदि का अवलोकन किया। साथ ही एम्बुलेंस और मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की अस्पताल के डॉक्टर व कर्मियों से कई जानकारी ली। मौके पर डीजीएम आफताब अहमद ने कहा कि अस्पताल में कई उपकरणों, मेडिकल स्टाफ और टेक्नीशियन की कमी है, जिसे जल्द दूर कर दिया जायेगा। साथ ही अस्पताल का कायाकल्प के साथ-साथ मरीजों के सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की जायेगी। इसके पूर्व बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह व भुरकुंडा पीओ मनोन कुमार पाठक ने अतिथियों को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर अस्पताल के सीएमओ अनुप कुमार टोपो, डॉ. नदीम अख्तर, फारूक रजा, ललन प्रसाद सहित दर्जनों अस्पतालकर्मी मौजूद थें।

इधर डीजीएमएस ने बलकुदरा खुली खदान का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मजदूरों को दी जाने सुविधा, सुरक्षा मापदंड सहित कोयला उत्पादन व ओबी से संबंधित कई जानकारी ली। साथ ही उपस्थित अधिकारियों कई आवश्यक दिशा-निर्देश हुए सुरक्षा के साथ उत्पादन करने की बात कही। मौके पर बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक, बलकुदरा मैनेजर राजकुमार वर्णवाल, बलकुदरा ब्लास्टिंग मैनेजर बबलू कुमार, एरिया सेफ्टी मैनेजर भुरकुंडा पंकज सिंह, अविनाश चंद्रा, भुरकुंडा सर्वे ऑफिसर धीरेंद्र कुमार, पप्पू सिंह, मनोज कुमार राम, ओम प्रकाश ओझा, बसंत बासपत, रामानुज प्रसाद, रामदेव महतो, अरविंद सहाय सहित कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### शान क्लब रामनवमी पूजा समिति का पुर्नगठन



**बरही।** प्राचीन शिवालय परिसर में शान क्लब बजरंग अखाड़ा गया रोड मल्लाह टोली रामनवमी पूजा समिति का पुनर्गठन को लेकर एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राजू निषाद व संतोष निषाद ने संयुक्त रूप से किया। वहीं संचालन रंजीत निषाद ने किया। बैठक में पूजा समिति के लोगों ने रामनवमी पूजा को शांति और सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया। वहीं सर्वसम्मति से प्रदीप निषाद उर्फ गुड्डू को पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक में राजू निषाद, सुरेंद्र निषाद, शिवा निषाद, अजीत निषाद,गणेश निषाद, संतोष निषाद, राजेश निषाद, दिनेश निषाद, सुनील निषाद, अशोक निषाद विट्ठल, दिलीप निषाद, रंजीत निषाद, उमेश निषाद, राधा निषाद, मनीष निषाद, सतीश निषाद, अशोक निषाद 1, संजय माली पर सहमति बना। वहीं पूजा समिति का विस्तार कर सचिव महेंद्र निषाद, उपसचिव तरुण निषाद, उपाधयक्ष राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश निषाद, उप कोषाध्यक्ष बासुदेव निषाद, मंत्री सुदामा निषाद, उपमंत्री राजा मालाकार को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी समिति सदस्य करण निषाद,बिट्टू निषाद, दीपू निषाद, सुजल निषाद, विकास केशरी, गोलू केशरी, गोलू निषाद, बंटी निषाद, राजा निषाद, कुंदन निषाद, रवि निषाद, विशाल निषाद, सूरज निषाद, छोटू माली, कुणाल निषाद, धौनी निषाद, शंकर निषाद, पिंटू माली, भरत निषाद को बनाया गया।

### एक दूसरे से जुड़ने का पर्व है होली: चतुर्वेदी



**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में होली मिलन समारोह हुआ। दीप प्रज्वलन कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि होली हमारे जीवन में उल्लास और उमंग के साथ एक दूसरे से जुड़ने का पर्व है ।साथ हीं अन्तर महाविद्यालय एथलीट मीट में सफल हुए प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमारी स्वर्णा मिश्रा,सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,चंदन कुमार,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अद्दश मुखर्जी, डॉ. सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ.अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ. विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रीति पूनम हेंब्रम,प्रकाश कुमार,लक्ष्मण कुमार,आजाद एवं समस्त प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### बरही-21 के 13 मतदान केंद्रों का नाम स्थान परिवर्तित

**बरही।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन के पश्चात बरही विधानसभा-21 के कुल 13 मतदान केंद्रों का स्थान नाम परिवर्तित किया गया है। जिसके अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवई को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेवई, उच्च विद्यालय चंदवारा पूर्वी भाग को रा.मो.म.मो. प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवारा पूर्वी भाग को उच्च विद्यालय चंदवारा दक्षिण भाग को रा.मो.म.मो. प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवारा दक्षिण भाग, उच्च विद्यालय चंदवारा पश्चिमी भाग को रा.मो.म.मो प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवारा दक्षिणी भाग, उच्च विद्यालय चंदवारा उत्तरी भाग को रा.मो.म.मो. प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवारा उत्तरी भाग, उच्च विद्यालय चंदवारा मध्य भाग को रा.मो.म.मो. को प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवारा मध्य भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरैयाडीह पूर्वी भाग को उच्च विद्यालय सरैयाडीह पूर्वी भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरैयाडीह पश्चिमी भाग को उच्च विद्यालय सरैयाडीह पश्चिमी भाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरैयाडीह उत्तरी भाग को उच्च विद्यालय सरैयाडीह उत्तरी भाग, मध्य विद्यालय खोड़ाहर उत्तरी भाग को उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर उत्तरी भाग, मध्य विद्यालय खोड़ाहर दक्षिणी भाग को उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर दक्षिणी भाग तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटियोन को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटियोन में स्थानांतरित किया गया है। सरकारी विद्यालयों या सरकारी भवनों के उत्क्रमण या विलय के कारण किया गया है। उक्त जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी कार्यलय से पत्र जारी कर दी गई है।

### प्रशिक्षण के लिए किसान दिल्ली रवाना



**टाटीझरिया ।** हजारीबाग जिला के इचाक सदर दारू बड़कागांव प्रखंड और रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों से किसनों को किरोड़ी कृषि संस्थान के ओर से तकनीकी जानकारी के लिए दिल्ली, नोएडा उत्तर प्रदेश, हरियाणा ,करनाल ,पानीपत में उच्च स्तरीय किस्म की खेती के लिए तकनीकी प्रशिक्षण जानकारी को लेकर जाया गया। प्रशिक्षण के दौरान अपने-अपने प्रखंड में उच्च तकनीकी की खेती के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षुओं को बताया गया। उदाहरण स्वरूप बिना मिट्टी की सब्जी उपजाना टपक सिंचाई पॉली हाउस ग्रीन हाउस की जानकारी दी गई । यह बाते अपनी जुबानी प्रशिक्षण में गए इचाक प्रखंड के बरियठ गांव निवासी किसान सुनील कुमार ने बताया । इचाक प्रखंड के समाज सेवी सह जुझारू नेता दिगम्बर कुमार मेहता पूर्व उप मुखिया नरेश प्रसाद मेहता हदारी पंचायत से बंसी प्रसाद मेहता झामुमो पंचायत सचिव बरियठ सुनील कुमार मेहता सकलदीप कुमार बडकगांव चितरपुर से सुरभि देवी सुमति देवी दारू प्रखंड से अंजू देवी सरिता देवी मांडू से रजनीकांत विजय महतो, उद्यान मित्र गीता, रुक्मिणी रेणु देवी व अन्य मौजूद थे।

### होलिका दहन 24 को और होली 26 को

टाटीझरिया। होली 26 मार्च को मनाया जाएगा और होलिका दहन 24 मार्च को रात 10 बजकर 28 मिनट बाद यानी भद्रा नक्षत्र समाप्त होने के बाद होलिका दहन शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा ।कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झरपो के राधा कृष्ण मंदिर के महंत सह पुजारी रामलखन पांडेय ,जगदीश मिश्र ,मनोज पांडेय,वकील पांडेय, रामचंद्र पांडेय,कौलेश्वर मिश्र, सुरेश पांडेय,महेंद्र पंडा,रामचंद्र पांडेय,सुधीर पंडा, विनय पांडेय,उमेश पांडेय ,धर्मेंद्र पाण्डेय,विजय पांडेय,चतुर्भुज पांडेय,पंकज पांडेय,अशोक पांडेय,लक्ष्मी पांडेय ,अरविंद पांडेय,महेंद्र पांडेय,संजय पांडेय ,ज्योतिष पंडा,सुबोध पंडा,शंकर पंडा,गंगाधर पंडा,मुरारी पंडा,अरुण पंडा, बिरेंद्र पांडेय,सुनील पांडेय व एस.पांडेय ने इसकी जानकारी दी।

स्पीड न्यूज

## जिला स्तरीय वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता 23 को

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा स्वीप कार्यक्रम संचालन को लेकर बैठक किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि 23 को स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता समाहरणालय परिसर में पूर्वाह्न 10 बजे से आयोजित किया जाएगा, इसके लिए पूरी तैयारी करने का निर्देश दिया। वहीं प्रतियोगिता में अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को शामिल करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। वहीं मतदान दिवस यानी 20 मई 2024 को लेकर दीवार लेखन करें। बैठक में मुख्य रूप से डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा व अन्य मौजूद थे।

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में होली की रही धूम

**कोडरमा।** चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में नैनिहालों के बीच होली मनाया गया। बच्चों बड़े ही उत्साह के साथ अबीर-गुलाल बारी बारी से शिक्षक-शिक्षिकाओं को लगाकर आशीर्वाद लिया। बच्चे एक दूसरे से गले मिलकर प्यार व स्नेह बांटा। शिक्षकों ने भी एक दूसरे को एवं सभी बच्चों को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है, होली प्यार व स्नेह बांटने का त्योहार है, होली प्राकृतिक त्योहार है, हम सभी को होली की खुशी मिलकर बांटनी चाहिए। मौके पर प्राचार्य राधेश्याम पंडित, निदेशिका खुशबु गुप्ता, राहत अली, उत्तम कुमार, राजीव रंजन, मनिशा कुमारी, रिंकी देवी, आशा देवी आदि मौजूद थे।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या : माले

**जयनगर (कोडरमा)।** माले जिला सचिव राजेंद्र मेहता व जिला कमिटी सदस्य मुन्ना यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मोदी सरकार द्वारा गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है। आगामी लोकसभा के निर्वाचन में मोदी सरकार अपनी पराजय की आशंका से ग्रसित होकर विपक्ष के नेताओं को लगातार गिरफ्तार कर रही है। यह मोदी सरकार का निदनीय कदम है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीएलओ द्वारा ईवीएम, वीवीपैट का डीम के मायम से वोट करने के तरीके को बताया गया। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही मतदाताओं ने नैतिक मतदान की शपथ ली।

## नगर परिषद के जेई को दी गई विदाई

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद में कार्यरत कनीय अभियंता नीतीश प्रसाद सोनी को कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। कनीय अभियंता नीतीश प्रसाद सोनी विगत 5 वर्षों से झुमरीतिलैया नगर परिषद कार्यालय में अपना योगदान दे रहे थे। वर्तमान में उनकी नियमित नियुक्ति झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग में हो गयी है। नगर परिषद प्रशासक हर्षवर्धन ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उनके कार्यकाल की सराहना की और माला पहना का उन्हें विदाई दी गई।

## विधायक आवास पर होली मिलन समारोह

**टंडवा।** सिमरिया विधानसभा के विधायक किसुन कुमार दास के हरि नगर आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक ने लगभग एक हजार कार्यकताओं को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सभी ने मिलकर होली के पकवानों का आनंद लिया।

# नगर परिषद ने 84 होल्डिंग बकायादारों का किया बैंक खाता फ्रीज

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद झुमरीतिलैया के प्रशासक हर्षवर्धन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के होल्डिंग टैक्स के बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इसके तहत 84 होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज कराया गया। प्रशासक हर्षवर्धन ने कहा कि सभी होल्डिंग धारी ससमय होल्डिंग टैक्स जमा करें।



बकाया होने पर नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वार्ड नं 1 राजकुमार केडिया, निर्मला कांती देवी, धनी कुम्हार, बिनोद सिंह अनिल सिंह, राजेन्द्र सिंह वगैरह, सुधा देवी जैन, ब्यूटी सिंह, आशा गुप्ता, वार्ड नं 2 श्री रक्षा काली ट्रस्ट, राजीव वर्मा, कुंती देवी, वार्ड नं 3 मो जमीर, वार्ड नं 4 दयावंती देवी, बीरेंद्र प्रसाद सिंह, गोबिंद पंडित, वार्ड नं 3 सहज्जाद हुसैन, वार्ड नं 8 कृष्णा मोहन भदानी, मनोहर भदानी वगैरह, चन्द्र प्रकाश शर्मा, वार्ड नं 9 रतनी देवी जैन, सद्दाब हुसैन, वार्ड नं 10 रविकांत भदानी, शशिकांत भदानी, मंजू देवी भदानी, बिना देवी, सीएच लिमिटेड, सुषमा देवी, अखिलेशवर प्रसाद, रजत कुमार, अरविंद कुमार, पवन कुमार मोदी, वार्ड नं 11 गुंजन पांडेय, उर्मिला सिंह, मनीष कुमार सिंह, सीएमआई लिमिटेड रेंटर होटल अशोका, अग्रसेन भवन, वार्ड नं 12 मालती देवी, शक्ति कुमार तर्वे, वार्ड नं 13 मदन कुमार, सुभकार आर्या, संजीव कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, वार्ड नं 14 झारखंड बंगाली एसोसिएशन सचिव कोडरमा शाखा, माहेश्वरी भवन, जय कुमार देवी, गीतांजलि देवी, किशुनी देवी, कांति देवी, रेखा देवी, वार्ड नं 15 सुमित्रा देवी, कमल कुमार जैन, राज कुमार तिरपाठी, राम चौधरी, सुशील चौरी, गीता देवी लोहानी, मंजू कांवे, हरजेंद्र सिंह, वार्ड नं 16 जशवंत सिंह वगैरह, वार्ड नं 18 जयंती सिंह, चमन यादव, वार्ड नं 19 बीरेंद्र कुमार जैन, अनुशुईया देवी, सुकरी देवी, मसोमात जाहली देवी वगैरह, रुकमिणी देवी, शिव शंकर पांडेय, विकाश सेठ, भागीरथी देवी, प्रेम कुमार शर्मा, संजिदा खातून, रिफता आरा, राजू गोपी राजेश सिंह, गणेश यादव, प्रदीप कुमार गुप्ता मनोज कुमार गुप्ता वगैरह, वार्ड नं 20 उपेंद्र सिंह, वार्ड नं 21 शक्तिकांत सिन्हा, शालिग्राम पांडेय, वार्ड नं 22 शांति देवी कृष्णा शरण भदानी, महावीर साव, दामोदर यादव, सखिया देवी, फूलमती देवी, ओम प्रकाश, छट्ठू यादव, केश्वर यादव, अमित कुमार, वार्ड नं 25 कोडरमा रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट, विमला देवी, वार्ड नं 26 उर्मिला देवी, बबिता देवी, दिनेश सिंह, उमेश सिंह, विमला देवी, छवि दास गुप्ता, वार्ड नं 27 निर्मला देवी, श्री द्विंबर जैन विद्यालय का बैंक खाता फ्रीज करायागया। वहीं प्रशासक ने बताया कि इन सबों को पहले तीन नोटिस निर्गत किया गया था।

इसके बाद समाचार पत्रों में नाम भी प्रकाशित किया गया। इसके बावजूद इन लोगों ने बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया। इसके बाद इन लोगों पर झारखंड नगर पालिका अधिनियम की धारा 184 के क्रसं 16.1 के तहत कार्रवाई करते हुए बैंक खाता फ्रीज़ कराया गया।उन्होंने अन्य बकायादारों से आग्रह किया किवे अपना बकाया होल्डिंग टैक्स जमा कर दें, अन्यथा उन लोगों पर भी झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## होली भाईचारे, दोस्ती और सद्भाव का प्रतीक: सत्यानन्द



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोगता जी ने शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज पहुँचकर राष्ट्रीय जनता दल परिवार की ओर से आयोजित जिलास्तरीय होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मंत्री श्री भोगता ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और कार्यक्रम स्थल पर आगमन पर समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मंत्री श्री भोगता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम सबों को होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली रंगों का त्योहार है और यह पर्व आपसी भाईचारे, दोस्ती व सद्भाव का प्रतीक है। समाज सभी आपसी भेदभाव भूलकर एक दूसरे से गले मिलते हैं और यह भारतीय संस्कृति का एक अनुपम त्यौहार है। इस कार्यक्रम में बिहार के जानेमाने भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी ने अपनी प्रस्तुति दी और उक्त कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या में राष्ट्रीय जनता के नेता कार्यकर्ता समर्थक मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

## सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का आकलन कर रिपोर्ट करायें उपलब्ध : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रखंडवार मतदान केंद्रों में लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं तथा बिजली, पानी, शौचालय इत्यादि, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट, गाड़ियां का मतदान केंद्रों तक जाने का रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान, वर्नरेवल मतदान केंद्र, मतदान केंद्रों में फोर्स की तैनाती, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा, क्लस्टर और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाने को लेकर समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, बीडीओ व थाना प्रभारी को मतदान केंद्रों का रूट चार्ट का आकलन करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रवार मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा पानी, बिजली, शौचालय, रैंप इत्यादि का आकलन कर रिपोर्ट उपलब करायें। साथ ही वाहन कोषांग को निर्देश दिये कि पोलिंग पार्टी के लिए मतदान केंद्रवार वाहन की व्यवस्था का आकलन करें। उन्होंने चुनाव कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सेक्टर वार मतदान केंद्रों में क्लस्टर और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाने को लेकर आकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से सतर्कता से कार्य करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में फोर्स और मतदान कर्मियों की रहने की सुविाा की पूरी तैयारी करने का निर्देश दिये। चुनाव में लगे पदााकिारी और कर्मियों को पोस्टल बैलेट बनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ , डीटीओ विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदााकिारी प्रिंस कुजूर समेत बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी मौजूद थे।

## टीकाकरण व भीपीडी सर्विलांस को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण एवं भीपीडी सर्विलांस को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारियों के लिये विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वहीं डब्लूएचओ के एसएमओ डॉ.दीपक कुमार के द्वारा टीकाकरण के साथ साथ निगरानी को सुदृढ़ बनाने एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रखंड स्तरीय उन्नमुखीकरण कराने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने टीका की अहमियत गुणवत्ता एवं मामुली वकलीफ जो टीकाकरण के उपरांत होती है उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि जिले में नियमित टीकाकरण को सुचारू और व्यवस्थित ढंग से सुदृढ़ बनाना है, ताकि टीकाकरण से कोई भी बच्चा न छूटे। बाल रोग से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है। वहीं जिला आरसीएच पदााकिारी डॉ. कुलदीप कुमार ने कहा कि मातृ शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इस दिशा में हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मातृ शिशु स्वास्थ्य के लिए नियमित टीकाकरण काफी आवश्यक है। इसको सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने रणनीति बनायी है। इस दौरान उन्होंने नए टीकों के बारे में बताते हुए खण्डवार कवरेज की जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में बच्चों के लिए बीसीजी, हेपेटाइटिस-बी, पेंटावैलेंट, ओपीवी, आईपीवी, डीपीटी, एमआर और गर्भवती महिलाओं के लिए टीडी वैक्सीन सरकारी संस्थाओं में निःशुल्क उपलब हैं।

## अवैध बालू भंडारण जारी, सरकारी राजस्व का नुकसान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में अवैध बालू भंडारण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनटीपीसी की अधीनस्थ कंपनियों में अवैध बालू भंडारण जारी है। आस-पास की नदियों से अवैध रूप से बालू निकालकर कंपनियों के साइड में डंप किया जा रहा है। खनन विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। बालू माफिया और खनन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से बालू का अवैध उत्खनन हो रहा है। इससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है।

अवैध बालू की आपूर्ति एनटीपीसी पावर प्लांट की अधीनस्थ कंपनी माता जानकी कंपनी, सिंघानिया कंपनी और अन्य छोटी-बड़ी कंपनियों में की जा रही है। नदियों का भौगोलिक संरक्षण तहस-नहस हो गया है।

## जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक, हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने होली पर्व की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी गणमान्य लोगों और पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्रस्ताव और सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया।



सदस्यों ने बताया कि चतरा जिले में पूर्व से ही सभी त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाते रहे हैं और इस बार भी शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ त्योहार मनाया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है और सभी संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों का कर्तव्य है कि वे अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को संपन्न कराएं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पोस्ट को रोकने और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध शराब और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई करने को कहा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने भी होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन हो और नशीले पदार्थों के क्रय-विक्रय, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाते हुए नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाए।

बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई और कहा गया कि अगर कोई विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है या बिगाड़ता है तो उसकी सूचना तुरंत जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को दी जाए ताकि समय रहते उस पर नियंत्रण पाया जा सके।

एक नजर में

## रमजान माह को लेकर लोगों में उत्सव

**मरकच्चो (कोडरमा)।** रमजान को लेकर प्रखंड में जहां उत्सव का माहौल है वहीं रमजान के दूसरे जुम्मे को लेकर मस्जिदों में शुक्रवार को नमाज अदा करने की भीड़ उमड़ी। जानकारी के अनुसार इस दिन लोग अल्लाह इबादत में लीन होकर मुरादें मांगते हैं और गरीबों का ख्याल रखते हैं। गरीबों को प्यार देकर रोजेदार अल्लाह के खास बन जाते हैं। प्रखंड में उत्सव का माहौल है रोजेदार प्रतिदिन शाम को अजान होने के बाद रोजा खोलते हैं। शुक्रवार को जुम्मे की दूसरी नमाज मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद, शाहगंज, कर्बला नगर, नादकरी, भोजपुर, देवीपुर, महुआटांड़, दरदाही, महूगांय, नावाडीह, खेशमी, दशारो, महतरीया अहरी, मंझलानगर, पुरनानगर, मूर्कमनाय समेत प्रखंड के कई मस्जिदों में नमाजियों ने रमजान माह के दूसरे जुम्मे की नमाज अदा की और अपने अपने परिवारों व देश में शांति अमन चैन के लिए दुआएं मांगी।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना परिसर में शुक्रवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के दोनों समुदायों के लोगों के बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध नागरिकों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय पत्रकारों ने भाग लिया। वहीं थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि होली पर्व शांति और सौहार्द पूर्वक मनाया जाय तथा उपद्रवियों पर पैनी नजर रखी जाए, सोशल मीडिया पर अफबाह नहीं फैलाएं इससे बचना है, अफवाह फैलाने वाले की सूचना प्रशासन को दें, ताकि प्रशासन उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई कर सके। वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी दल के बैनर पोस्टर के साथ होली मिलन समारोह या किसी कार्यक्रम पूर्ण प्रतिबंध है। मौके पर जयशंकर प्रसाद, सुनील यादव, सुनील सिंह, मथुरा प्रसाद यादव, विनोद यादव, शंकर यादव, शशिकांत सिंह, नरेश प्रसाद यादव, दुर्गा राय, नारायण राय, रामावतार चौधरी, विनोद यादव, उत्तम कुमार सिंह, दिवाकर यादव, नीतीश कुमार यादव, उमाकांत सिंह, किशुन यादव, अजहर रवानी, मो.इरशाद, जुबरैल अंसारी, नन्दलाल साव, रंधीर कुमार समेत दर्जनों लोग उमौजूद थे।

## हजरत अय्याज़ शाह वारसी रहमतुल्लाह अलय के अस्ताना पर दूसरा सप्ताह भी हुआ इफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अराकींन कमिटी द्वारा माहे रमजान के पवित्र महीना में पड़ने वाले हर शुक्रवार को अय्याज़ नगर भादोडीह झुमरीतिलैया स्थित शैय्यद मौलाना हजरत अय्याज़ शाह वारसी रहमतुल्ला अलय के मजार शरीफ पर दूसरे शुक्रवार को भी इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी में भादोडीह और शहर के विभिन्न क्षेत्रों के रोजेदारों ने बहुत ही श्रद्धा के साथ सैकड़ो की संख्या में भाग लिया। इस इफ्तार पार्टी से पूर्व सभी रोजगारों ने अय्याज़ नगर भादोडीह नगर स्थित मस्जिद में जुम्मे की नमाज अदा की, नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी और इस क्षेत्र के तमाम लोग हमेशा हमेशा स्वस्थ रहें, मिलजुल कर भाईचारे से रहे एवं एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, इसके लिए दुआएं मांगी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरफुद्दीन वारसी, रहीम वारसी, पप्पू खान वारसी, शाहिद आलम वारसी, अमीम वारसी, फारूक वारसी, सनोवर वारसी, मोनू कुरेशी वारसी समेत रोजेदारों एवं अराकिन कमिटी के तमाम सदस्य मौजूद थे।

## बच्चे की मौत के मामले की सिविल सर्जन ने की जांच

**इटखोरी।** प्रखंड के ग्राम परसौनी में टीकाकरण के पांच घंटे के बाद नौ माह के एक बच्चे की मौत के मामले की शुक्रवार को सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद ने जांच की। सिविल सर्जन के साथ स्थानीय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित जायसवाल तथा रांची से आई चिकित्सकों की एक टीम भी थी। जांच के पश्चात सिविल सर्जन अपने साथ टीके शीशी अपने साथ ले गए हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि गुरुवार को परसौनी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में गांव के ग्यारह बच्चों को जीवन रक्षक टीका लगाया गया था। टीकाकरण के पांच घंटे के पश्चात गिरेन्द्र साव के नौ माह के बच्चे की तबीयत खराब होने लगी। बच्चे के परिजन उसे इलाज के लिए चौपारण के एक चिकित्सक के निजी क्लीनिक में ले गए थे। इलाज के दौरान जब वहां भी बच्चे की तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण में ही बच्चे की मौत हो गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया है कि टीका लगवाने वाले अन्य दस बच्चे पूरी तरह स्वस्थ है।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाान में विश्व जल दिवस के अवसर पर जल बचाओ जीवन बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षुओं ने अपनी कलात्मक कलाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए उक्त विषय पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दिए। उक्त प्रतियोगिता में अपनी अदभूत कृतियों से अभिभुत करते हुए मनीषा कुमारी ने प्रथम, पूजा कुमारी ने द्वितीय एवं नीतेश कुमार सेठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडली में दीपक पाण्डेय आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षक की एकल भूमिका में रही। वहीं उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को उनके उम्दा प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। वहीं बीएड. सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षु दीपा कुमारी, मनीषा कुमारी, चांदनी कुमारी, सीमा जोजो, पूजा कुमारी, अंगूरी खातून, रिंकी कुमारी, निशा प्रिया, प्रिया कुमारी, रीता कुमारी, उमा कुमारी, मुरली यादव, अजीत यादव, राहुल कुमार मोदी, नीतेश कुमार सेठ, राहुल कुमार, निरंजन कुमार, गोपाल कुमार दास, लक्ष्मण कुमार, मो. सम्मीउल्ला, बेजनाथ महतो, मीनल कुमारी, पूनम कुमारी, शीतल मोदी, नूतन कुमारी, सुधा रानी, प्रियंका कुमारी, रेणु कुमारी आदि डा. मनीष कुमार पासवान, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल कुमार दास, मनीष सिन्हा समेत नागेश सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए अरविंद केजरीवाल को किया गया गिरफ्तार : माकपा

**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की झारखंड राज्य सचिवमंडल दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार अपने स्वयं के भ्रष्टाचार के खुलासे और इलेक्टोरल बॉन्ड का विवरण उजागर होने से घबरा गई है। इसलिए भाजपा अपने इस 8 हजार 252 करोड़ के घोटाले से लोगों का यान भटकाने के लिए और बदले की भावना से विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। गिरफ्तार होने वाले यह इंडिया गठबंधन के दूसरे मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इसी तरह से इडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। भारतीय संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगामी चुनावों में मोदी सरकार को हराने के लिए देश की जनता तैयार है और जिसके लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन के लोग प्रतिबद्ध है।

## पंचायत कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

**गिद्धौर।** पंचायत कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीईओ राकेश सहाय ने की और संचालन मुखिया निर्मला देवी ने किया। रंगों के त्योहार होली को शांति और सौहार्द के साथ मनाने के लिए रंग गुलाल लगाते हुए गले मिलते हुए होली मिलन समारोह का आगाज हुआ।मुखिया निर्मला देवी ने बताया कि रंगों का प्रयोग सद्भावना को ध्यान में रखकर किया जाएगा और जबरन या दुर्भावना से रंग लगाना अपराध की श्रेणी में आएगा। जुलूस में डीजे के प्रयोग के लिए परमिशन लेना आवश्यक होगा और अश्लील और सांप्रदायिक गाने प्रतिबंधित किए गए हैं। इस अवसर पर मुखिया जगदीश यादव, महावीर दांगी, उप मुखिया चंदा देवी और सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत देवदरिया के समीप शुक्रवार को हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की हुई मौत। मृतक युवक की पहचान पेशरार के सरजू पावा निवासी 27 वर्षीय ललित उरांव के रूप में हुई है। मृतक युवक मोटरसाइकिल से सुबह अपने बच्चे को लेने लोहरदगा जा रहा था इसी दौरान देवदरिया मोड़ के समीप अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया जिससे युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पेशरार थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया जहां मृतक युवक का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

### तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत

**लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्शी गांव के तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बक्शी गांव निवासी 32 वर्षीय बुधवा उरांव के रूप में हुई है स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कैरो थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला साथ ही पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की अग्रतर करवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि पति पत्नी गुरुवार की देर शाम खेत से वापस लौटे जिसके बाद बुधवा अपनी पत्नी को तालाब जाने की बात कही जब बुधवा देर तक वापस नही लौटा तो उनकी पत्नी ग्रमीणों के सहयोग से बुधवा की खोजबीन की इसी क्रम में तालाब में तैरता हुआ शव देखा गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। आशंका जताई जा रही है कि बुधवा के पैर फिसलने के कारण यह हादसा हुआ होगा। बुधवा अपने पीछे पत्नी और 3 बच्चों को छोड़ गए है। फिलहाल कैरो थाना पुलिस मामले की जांच और अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

### सुरसांग थाना में होली व ईस्टर को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना परिसर में चैनपुर सर्किल के इंस्पेक्टर मो. शमीम की अध्यक्षता में होली एवं ईस्टर को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सुरसांग थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के द्वारा कहा गया कि सभी त्योहार को आपस में मिल जुल कर लोग मानयें। रंगों के त्योहार होली को लेकर उन्होंने कहा कि अगर कोई रंगों से परहेज करें तो उन्हें जबरदस्ती रंग न डाले। शराब का सेवन न करें। लोगों से अपील की गई कि अगर किसी तरह का हुड़दंग हो तो उसकी सूचना तुरंत थाना को दे। वहीं इंस्पेक्टर मो शमीम ने सभी लोगों से सभी त्योहारों को मिलजुल कर शांति पूवर्क मनाने की बात कही। वहीं लोगों के द्वारा कहा गया कि आज तक हमारे क्षेत्र में कभी की किसी तरह की घटना नहीं घटी है और घटित होने की सम्भवना भी नहीं है। बैठक में प्रखंड प्रमुख ममता सोरेंग,मार्था एक्का,आशा सुचिता,तारामणि सोरेंग,रंजीत उराव,चौठी देवी,सचिदानंद पांडा,शंकर पांडेय,मोख्तार शाह,लोकनाथ उराव,अनूप एक्का,संजय सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### खेत से चैनपुर पुलिस ने ग्रामीण व्यक्ति का शव किया बरामद

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के भठौली गांव से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान सिलफड़ी गांव निवासी अंजलुस किंडो उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति शराब के नशे में घर से निकलकर कहीं घूमने चला गया था। जब देर रात तक वह अपने घर नहीं पंहुचा तो परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह भठौली के ग्रामीणों ने खेत में शव को देखा और उसकी सूचना चैनपुर थाना को दी। जिसके बाद चैनपुर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे म कर पोस्टमूर्टम के लिए गुमला भेज दिया। वहीं घटना के कारणों को लेकर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### झारखंड नवनिर्माण दल के नेता अनाथ बच्चों के संग 24 मार्च को मनाएंगे होली

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल घाघरा इकाई द्वारा प्रखंड के नेताजी अनाथालय आवासीय विद्यालय में अनाथ बच्चों के संग होली का त्यौहार मनाएगी। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संस्थापक रहे स्वर्गीय प्रेम प्रकाश कुमार के मूर्ति पर पुष्पांजलि की जाएगी। तत्पश्चात अनाथ बच्चों के संग होली मिलन कार्यक्रम की जाएगी। 24 मार्च 2024 को होने वाली कार्यक्रम दिन के 10 बजे से शुरू होगी। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

### मृतका के परिजनों को मुखिया ने दिया अनाज

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के रामजडी डुमरटोली गांव 65 वर्षीय सुन्नी उरांइन की डायन बिसाही के शक में हत्या के बाद शुक्रवार को पोकटा पंचायत के मुखिया रश्मि टेटे एवं पंचायत सेवक अरविन्द कुजूर ने मृतका के घर जाकर उनके परिजनों से मिल कर उन्हें सहायता के रूप में राशन प्रदान किया। वहीं मृतका के परिजनों को ढाड़स बंधाते हुए हरसंभाव मदद करने की बात कही।

### आंगनवाड़ी केंद्र बनाने की मांग

**गुमला।** अहीर सेना के सदस्यों ने शुक्रवार को डीसी को ज्ञापन सौंपकर रायडीह प्रखण्ड के भलमंडा अंबटोली गावं में आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की मांग की। अहीर सेना के सदस्यों ने उक्त गांव का दौरा कर उपायुक्त से मुलाकात की थी। अहीर सेना के बिनय गोप व जनक गोप ने कहा कि भलमंडा बस्ती में एक भी अंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने के कारण गांव के बच्चे अशिक्षित होते जा रहे हैं। स्कूल बस्ती से दूर है। जिसके कारण वहाँ जाने के लिए उन्हें काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

### भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**घाघरा।** देवी मंडप रोड घाघरा स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान छात्र-छात्राओं ने ने एक दूसरे को चंदन का टीका और अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही छात्रों ने गुरुजनों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। गुरुजनों ने छात्रों को भी मंगल कामना का आशीर्वाद दिया। होली मिलन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि जिस प्रकार होली के रंग वातावरण को उल्लास और उत्साह से भरने के साथ खुशियां फैलाते हैं।

# घाघरा के दक्षिणी कोयल नदी से अवैध बालू उठाव कार्य को महिलाओं ने रोका

## सिसई क्षेत्र में लीज होने के बाद जेएसएमडीसी कंपनी घाघरा में कर रहा था अवैध बालू का उठाव




बालू उठाव कार्य को रोकने पहुंची महिलाएं, ग्रामीणों को बालू घाट पर समझाती पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले में जहां भी जेएसएमडीसी कंपनी को बालू उठाव का लीज मिला है। उस क्षेत्र के नदियों से अवैध बालू का दोहन तेजी से कर कंपनी के आड़ में लोग मालामाल हो रहे हैं। चाहे रायडीह प्रखंड का केराडाही क्षेत्र हो या सिसई प्रखंड के दक्षिणी कोयल नदी की बात करें। दोनों स्थानों पर कंपनी अवैध तरीके से बालू उठाव कर रांची सहित अन्य जिलों में भेज रही है। दक्षिणी कोयल नदी के उस हिस्से में कंपनी को बालू उठाव का लीज मिला है जो सिसई में पड़ता है लेकिन कंपनी घाघरा थाना क्षेत्र के इलाके में बड़े पैमाने पर बालू का अवैध उठाव बेरोक टोक कर रही थी। जिसे आजीज आकर शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के बाला खटंगा के महिलाओं ने बालू उठाव का विरोध बालू घाट में जाकर किया। जिसके बाद पूसो थाना व घाघरा थाना के पुलिस नद तट पहुंकर मामले को शांत कराया। यहां बता दे की दक्षिणी कोयल नदी घाघरा प्रखंड व सिसई प्रखंड के बीच का बॉर्डर है। इस नदी का आधा हिस्सा घाघरा प्रखंड एरिया में पड़ता है और आधा हिस्सा सिसई में पड़ता है। जहां से बालू का उठाव लगभग 15-20 ट्रैक्टर लगाकर धड़ल्ले से किया जा रहा था। जैसे ही बालू उठाव की सूचना ग्रामीणों को मिली। उसके बाद महिला मंडल समूह की दर्जनों महिलाएं बालू घाट पहुंच बालू का उठाव बंद करा दिया। मामले की सूचना अंचलाधिकारी आशीष मंगल को मिली तो अमीन को भेज कर घाघरा प्रखंड क्षेत्र में पड़ने वाले दक्षिणी कोयल का एरिया को मापी कर चिन्हित किया गया और सख्त चेतावनी दिया गया की घाघरा प्रखंड क्षेत्र में जो एरिया पड़ता है उस एरिया से बालू का उठाव नहीं करना है। इस पूरे मामले में पुलिस मामला को शांत करने का प्रयास करने में लग गई। यहां बता दे की बालू घाट जहाँ से बालू का उठाव किया जा रहा है उसे जगह पर कई माफिया मौजूद थे। उन लोगों से पूछ ताछ किया गया तो वहां से भागने लगे। इस दौरान एक माफिया ने बताया कि जेएसएमडीसी के द्वारा मेसर्स अजमल अंसारी को बालू उठाव के लिए दिया गया है और कुछ जानकारी लेते तब तक वह भाग निकला। ग्रामीणों ने बताया कि रात में जेसीबी लगाकर बालू उठाव किया जाता है। वहीं रायडीह प्रखंड में देखें तो कंपनी के नाम पर दूसरे नदियों से बालू लाकर केराडीह में डंप कर भेजा जाता है। जबकि कंपनी को केराडीह से ही बालू उठाव की अनुमति मिली है। बालू उठाव का विरोध करने वालों में मुनि देवी, तेतरी देवी, बिरजमुनि उरांव, सुधा देवी, सुकरी देवी, बिन्नी देवी, गुंदरी उरांव, तरीनी देवी, कुंवर देवी,मांकुवार देवी सहित दर्जनो की संख्या में लोग मौजूद थे।

**मापी से संतुष्ट नहीं दिखे ग्रामीण :** ग्रामीण ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व में भी सिसई एरिया में लीज होने की बात कहकर घाघरा प्रखंड के एरिया से भी बालू का उठाव किया जा रहा था। यह मामला हाई कोर्ट तक गया था। इसके बाद पुनः माफियाओं के द्वारा बालू का उठाव किया जा रहा है। इस पूरे मामले में बड़े अधिकारियों की भी संलिप्तता है। ग्रामीणों ने कहा कि वे बालू घाट की मापी से संतुष्ट नहीं हैं।

### घाघरा क्षेत्र से बालू का उठाव हुआ तो कंपनी पर होगी कार्रवाई: सीओ

इस संबंध में अंचलाधिकारी आशीष मंडल से पूछने पर उन्होंने कहा कि बालू घाट में विवाद की सूचना मिली थी। जिसके बाद आंचल से अमीन को भेजा गया और घाघरा प्रखंड एरिया का मापी कर चिन्हित किया गया है और हिदायत दी गई है कि घाघरा इलाके से बालू का उठाव ना करें। यदि बालू का उठाव घाघरा से किया जाएगा तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक



बैठक करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त इंटरमीडिएट स्ट्रॉग रूम, हैलीपैड, रूटचार्ट एवं अन्य विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों के साथ क्लस्टर से बूथ तक की स्थिति, बूथ में मतदाता हेतु सुविधाएं, मतदान केंद्रों तक पहुंच पथ, कनेक्टिविटी, सुरक्षा, क्लस्टर में मतदान कर्मियों के लिए सुविधाएं समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, प्रशिक्षु आईपीएस, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी हेडक्वार्टर, पेशरार एवं किस्को प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, पेशरार, जोबांग, सेरेंगदाग एवं किस्को थाना के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# होली के पूर्व भंडरा पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च

## शांतिपूर्ण होली मनाने को लेकर जनता से की अपील



फ्लैग मार्च करते अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** होली पर्व को लेकर भंडरा पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। वहीं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता का पालन करते शांतिपूर्ण होली मनाने जनता से अपील भी की है।

शुक्रवार को सीओ दुर्गा कुमार व थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पुलिस फ्लैग मार्च कर लोगो को शांति का संदेश दिया। इससे पूर्व पुलिस क्षेत्र के दोनों समुदायों के बुद्धिजीवियों के साथ मिलकर भंडरा थाने में शांति समिति की बैठक कर चुकी है।

फ्लैग मार्च बाद सीओ व थानाध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा की दोनों समुदाय के लोग पर्व को आपसी भाई चारे के साथ सरकार द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए मनाएं।

## आगामी होली पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिती की बैठक संपन्न

# उपायुक्त ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए होली का त्योहार मनाने की अपील की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी होली पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिती की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा शांति समिति के सदस्यों से जिले के मुख्य समस्याओं की जानकारी ली गई। जिसमें सदस्यों ने होली के त्योहार के दिन बिजली एवं स्वच्छ पानी की उपलब्धता पर विशेष ध्यान रखने के लिए आग्रह किया। वहीं सदस्यों ने नगर परिषद क्षेत्र अंर्तगत खुले नाली की समस्या से भी उपायुक्त को अवगत कराया। सदस्यों द्वारा खुले एवं अधीक नीचे झूल रहे बिजली के तारों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से ठीक करने, साफ सफाई पर ध्यान देने आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपायुक्त का ध्यान इंगित किया। सदस्यों द्वारा नशीले पदार्थो व ड्रग्स आदि की अवैध बिक्री की समस्या को भी उपायुक्त के समक्ष रखा एवं इसपर विशेष ध्यान देने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि उक्त सभी समस्याओं को ध्यान में रखा जाएगा एवं उन्होंने प्रत्येक समस्याओं के निराकरण किए जाने के प्रति सभी को आश्वस्त किया। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से एकता एवं आपसी सहयोग से आगामी त्योहारों को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी समस्याओं के निराकरण एवं आम नागरिकों के सहयोग के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले त्योहारों में भी शांति समिति के सदस्यों के सहयोग एवं बेहतर ताल मेल ने राज्य स्तर पर नाम किया। इस बार भी सभी सदस्यों से यही अपेक्षा रहेगी। उन्होंने नगर क्षेत्र के समस्याओं जैसे पानी, बिजली, साफ सफाई को लेकर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को विशेष दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अवैध रूप से शराब एवं अन्य ड्रग्स की बिक्री को लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़ाई बरतने एवं विशेष तंत्र का उपयोग करते हुए औचक छापामारी करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सोशल मीडिया के फेक न्यूज से सभी को सतर्क रहने की अपील की। इसके साथ ही उपायुक्त ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए जिले वासियों को त्योहार मनाने की अपील की तथा आगामी होली पर्व को लेकर अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार ने कहा कि गुमला जिले में पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए यहां की जनता प्रत्येक त्योहारों को आपसी मेल जोल एवं हर्षोल्लास से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाती है। जिसके लिए जिले वासी एवं खास कर शांति समिति के सदस्य बधाई के पात्र है। उन्होंने इस बार भी शांतिपूर्ण रूप से आगामी त्योहारों के सफल आयोजन की अपेक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है।

### बीडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक

**कैरो।** प्रखण्ड सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मी व बीएलओ के साथ बैठक किया गया। जिसमें आनेवाले मतदान को लेकर भिन्न भिन्न निर्देश देते हुए कहा कि मतदाताओं को हर सम्भव उपाय कर अपने अधिकार की जानकारी देना सुनिश्चित करें।

### बीडीओ ने बैठक कर प्रखंड कर्मियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीडीओ ने बैठक आयोजित कर प्रखंड कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर प्रखंड कर्मियों को बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार मतदताओं तथा मतदान कर्मियों के लिये मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं होनी चाहिये जिसे मतदाता और मतदान कर्मियों को परेसानी न हो जिस पर चर्चा करते हुए प्रखंड कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## खबर एक नजर में

### सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कण्डरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा एस आई मनोज कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में किसी राजनीति पार्टी का चुनावी पोस्टर,झंडा,अवैध हथियार,गंजा, ब्राउन शुगर,चरस,शराब या अन्य नशिला पदार्थ तथा पैसा का जांच किया गया। वही वाहन जांच के दौरान जानकारी देते हुए एस आई मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार 50 हजार रुपैया नगद या उसे अधिक पैसा साथ लेकर चलना चुनाव आयोग द्वारा सख्त मना है. यदि कोई बि व्यक्ति ऐसा करते हुए या नगद पैसा के साथ पकड़े जाते हैं। तो उन्हें इसकी पूरी जानकारी देना होगा।

### बिजली चोरी मामले में तीन नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सेन्हा में विद्युत ऊर्जा चोरी रोकने को लेकर विधुत विभाग के सहायक अभियंता अजू कच्छप की अगुवाई में छापामारी अभियान चलाया गया तथा उन्होंने सेन्हा थाना में आवेदन कर तीन नामजद के विरुद्ध बिजली चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। उन्होंने बताया की गुरुवार को विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ एक छापामारी दल का गठन कर सघन छापामारी अभियान चलाया गया। वही छापामारी दल में सहायक विधुत अभियंता अजु कचछप,सारिणी पुरुष सुबोध कुमार सिन्हा,उपेन्द्र सिंह,फिरोज अखतर, मानव दिवस कर्मी भोला साहू शामिल थे। छापामारी के क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा निवासी जगरनाथ प्रसाद का पुत्र नितेश कुमार, हजारी प्रसाद साहु का पुत्र विकाश साहु और सेराज अंसारी का पुत्र इम्तियाज अंसारी के विरुद्ध विधुत अधिनियम की धारा के अन्तर्गत कांड संख्या 19/24 दर्ज किया गया है।

### स्टेकहोल्डर मीट कार्यक्रम का आयोजन

**कुड़ू, लोहरदगा।** मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के द्वारा स्टेकहोल्डर मीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सरकारी कर्मचारी तथा पंचायत के प्रतिनिधियों व अभिभावकों के साथ कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के स्टेट लीड मनीष कुमार, लोहरदगा जिला के कलेक्टर मैनेजर रोशन कुमार गुप्ता, शिक्षक अली राजा अंसारी सहित विभिन्न विद्यालयों के पर भारी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल माध्यम से उपस्थित लोगो को बताया गया एवम स्वास्थ्य रहने के तरीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही खेल कूद के माध्यम से होने वाले फायदे के बारे में भी बताया गया। ये संस्था जीवन कौशल को बढ़ाने का काम करता है। इनका एक उदेस्य है की बच्चे जो फेल होते है उन्हे आगे बढ़ाना एवम फेल होने की संख्या को घटना। सीखने योग्य युवा को आगे बढ़ने में मदद करना इस संस्था का मुख्य उदेस्य है। मौके पर मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के एकेडमिक एजुकेटर रमेश कुमार शाहिद रजा दशरथ कुमार वरुण साहू चंदन लोहार विकेश राम प्रेरणा कुमारी तथा एलएसई अंशिका कुमारी संध्या कुमारी आदि उपस्थित थे।

### वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सुरक्षा गोष्ठी का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के तिसीया गांव में वन विभाग ने वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें वन विभाग फॉरेस्टर मुकेश प्रजापति की अध्यक्षता में व वन सुरक्षा कुर्मी पंकज सिंह तिसिया के वन अध्यक्ष राजेंद्र गोप, कसयाडीह के वन अध्यक्ष तबरेज अंसारी, कोचा के वन अध्यक्ष खुदी मांझी, पाखर के वन अध्यक्ष रंथु उरांव, वन समिति से जुड़े सदस्य को वनों में आग लगने के कारणों और अग्नि से बचने सहित अन्य बिदुओं पर जानकारी दी। वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह मार्च एवं अप्रैल के महीने में की जाती है। इसी निमित्त शुक्रवार को कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वन विभाग फॉरेस्टर मुकेश प्रजापति ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व वनों में आग लगाकर वन संपदा को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। जिससे वन्यजीवों व वनस्पति को भारी हानि होती है। इसके लिए वन विभाग लगातार पैनी नजर बनाए हुए है। कसयाडीह के वन अध्यक्ष तबरेज अंसारी ने कहा कि वन व वन्य जीव हमारे लिए बहुमूल्य हैं। उनकी सुरक्षा करना हमारा प्रथम दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन तिसिया वन अध्यक्ष राजेंद्र गोप ने किया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

### चलती टेम्पो से गिरी महिला प्राथमिक उपचार के बाद रेफर

**भंडरा।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी गांव के समीप शुक्रवार को टेम्पो में सवार महिला की टेम्पो से गिरने से बुरी तहत से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से टेम्पो चालक ने घायल महिला को भंडरा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सादर रेफर कर दिया । घायल महिला की पहचान मसमानो गांव निवासी बालक राम की पत्नी कमला देवी के रूप में हुए । बताया जाता है कि कमला रांची में काम करती थी । शुक्रवार को वह टेम्पो से अपने घर लौट रही थी । इसी बीच पझरी गांव के समीप तेज गति से आ रहे टेम्पो से महिला सड़क पर गिर गई । इस घटना में कमला देवी को शिर शरीर में काफी चोट आई है । बुरी तहत से घायल महिला को चिकित्सको ने रेफर कर दिया ।

### भंडरा कैरो पथ में बोलेरो बाइक की टक्कर में आठ लोग घायल

**भंडरा।** भंडरा कैरो मुख्य मार्ग पर गजनी जोड़ा पुल के समीप शुक्रवार को बोलेरो और एक बाइक के आपस में टकरा जाने से आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने भंडरा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहा डाक्टरों ने इलाज किया । बताया जाता है कि भंडरा के अकाशी से पांच महिलाएं शादी समारोह में मांडर बोलेरो से जा रही थी। इसी बीच गजनी जोड़ा पुल के समीप अपनी बाइक से कैरो जा रहे सीठियो निवासी पंकज साहू की बोलेरो से दुर्घटना ग्रस्त हो गया। घटना में बोलेरो पलट गई जिससे बोलेरो सवार अकाशी निवासी सोमारी उरांव, मंगी उरांव,रायमुनिया उरांव, व बेलों उरांव एव बाइक सवार सीठियो गांव निवासी पंकज साहू,सुनीता देवी, गीता देवी घायल हो गए। घटना के बाद बोलरो चालक फरार हो गया। घटनास्थल पर घायलों की चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से बोलेरों और बाइक सवार घायलों को भंडरा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### घाघरा थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**घाघरा।** थाना परिसर घाघरा में शुक्रवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने की। बैठक में होली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। साथ ही अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगी हुई है। जिसे लेकर होली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में लोग मनायें। असामजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। हुड़दंगियों को बख्शा नहीं जाएगा। होली पर्व आपसी भाईचारगी का पर्व है। आप सभी मिलजुलकर पर्व को मनायें। किसी के धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे। वहीं थाना प्रभारी तरुण कुमार ने कहा कि पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था रहेगी। किसी भी अफवाह पर कोई ध्यान ना दें।

# सफलता : बरवाडीह पुलिस ने अपराधियों के मनसूबे को किया नाकाम

## अपराध की योजना बनाते छह अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, चार फरार

- केचकी संगम के समीप बड़े अपराध की योजना बना रहे थे अपराधी
- पुलिस अधीक्षक और प्रशिक्षु आईपीएस ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

### पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर बरवाडीह पुलिस को मिली कामयाबी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर बड़े अपराध की योजना बनाते छह अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं चार अपराधी पुलिस की गिरफ्त से अभी भी बाहर है। वह अंधेरे का फायदा उठाकर जंगलों के रास्ते भागने में कामयाब हो गए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय लातेहार में प्रेसवार्ता करते हुए पुलिस कप्तान अंजनी अंजन और प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा ने बताया कि अपराधियों के संबंध में गुप्त जानकारी प्राप्त हुई कि बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत केचकी संगम के पास कुछ अपराधकर्मी एकत्रित होकर बड़े अपराध की योजना बना रहे है। अपराधियों पर कारवाई हेतु बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकेटेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने अपराधियों के मनसूबे पर पानी फेर दिया। उन्होंने केचकी संगम के पास घेराबंदी करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। छापामारी टीम की कमान प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने संभाली थी। इधर गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिसिया पूछताछ में बताया कि वे बड़े अपराधिक गिरोह से जुड़े हुए हैं एवं इस गिरोह के द्वारा लातेहार व पलामू क्षेत्र में कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। वहीं इनमें से तीन अपराधियों ने स्वीकार किया गया कि वे लोग अन्य सहयोगियों के साथ विगत माह मनिका थाना क्षेत्र में घटित बकरी से लदे पीकअप वैन के लूटपाट में शामिल थे। उक्त कांड में भी अपराधियों द्वारा इस कार का प्रयोग किया गया था।


प्रेसवार्ता करते पुलिस अधीक्षक व प्रशिक्षु आईपीएस।

#### गिरफ्तार अभियुक्तों की विवरणी

गिरफ्तार अपराधियों में विशाल कुमार वर्मा उर्फ बिट्टु (23), डब्लु कुमार सिंह (25), शशिकांत कुमार उर्फ गुड्डू (29), सत्यप्रकाश सिंह (28) सभी पलामू जिले के रहने वाले है। वहीं बुद्देश्वर उरांव (26) और विष्णु उरांव (25) गुमला जिले के निवासी है।

**अपराधियों के पास से बरामद सामान:** गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी पिस्टल, दो देशी कट्टा, ग्यारह चक्र जिंदा कारतूस, बारह मोबाइल फोन, एक कार, एक रामपुरी चाकू, सेंधमारी का औजार, नकद 8090 रुपए, ताला तोड़ने का औजार, कटर ब्लेड, शटर काटने का औजार और अन्य सामाग्री पुलिस ने बरामद किया है।

#### अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। जिसमें शशिकांत कुमार उर्फ गुड्डू मनिका थाना 07/2024 धारा 395 भादवि में वांछित है। डब्लु कुमार सिंह, मनिका थाना 07/2024 धारा 395 भादवि एवं पिपराटांड़ थाना कांड संख्या 12/2016 धारा 25 (1-ए)/26/35 आर्म्स एक्ट में वांछित है। सत्यप्रकाश सिंह मनिका थाना 07/2024, धारा 395 भादवि एवं चैनपुर थाना कांड संख्या 273/20 धारा 385/506 आईपीसी और 66/67 (ए) में वांछित है।

#### छापामारी दल में शामिल पुलिसकर्मी

छापामारी दल में प्रशिक्षु आईपीएस सह बरवाडीह थाना प्रभारी ललित मीणा, सहायक पुलिस अधीक्षक सह बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, मनिका थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा, पुअनि अनूप कुमार, अनुराग, सत्येन्द्र कुमार, उपेन्द्र कुमार, सअनि सुनील कुमार के साथ-साथ हवलदार कलीमुल्ला आजाद, आरक्षी 37 सुनील गिद, 716 पिथो सोरेन, 479 धनपति टुडु बरवाडीह थाना के रिजर्व गार्ड एवं सैट 45 के जवान शामिल थे।

### मनिका थाना क्षेत्र में शान्तिपूर्ण होली, रमजान व चुनाव संपन्न कराने को लेकर किया गया शांति समिति की बैठक

## आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई: जयप्रकाश शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में होली पर्व, रमजान व लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने को लेकर दिन शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वहीं बैठक में उपस्थित लोगों को आदर्श आचार संहिता के नियम की जानकारी दी गई। मौके पर सीओ संतोष शुक्ला ने लोगों से सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने का अपील करते हुए कहा कि रंगो का त्योहार होली भाई चारा स्थापित करने का त्योहार है। उन्होने कहा कि मनिका प्रखंड क्षेत्र के लोगों में काफी अच्छा समन्वय है यहां के लोग राजनीति,जाति और धर्म को परे रखकर सभी त्योहारों को एक साथ मिलजुल कर मनाते हैं इसी तरह आप सभी इस वर्ष होली एवं रमजान का त्योहार भी भाईचारा के साथ मनाए। वहीं बैठक में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र पासवान ने कहा कि पत्रकार देश के चौथे स्तंभ है और स्वतंत्र हैं उन्हें पर्व और चुनाव के दौरान 107 मुकदमे जैसे बंधक में नहीं बांधना चाहिए। उन्होंने अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी से मांग किया की पत्रकारों के ऊपर लगे 107 मुकदमे को लातेहार एसडीएम को रिपोर्ट सौंप कर खत्म करने की अपील की जाए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने होली और रमजान के त्यौहार की लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम व भाईचारे का त्यौहार है इसलिए इस त्यौहार में नशा ना करें और किसी को जबरदस्ती रंग न लगाएं। मौके पर थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी साथ ही जरुरत के अनुसार जगह-जगह पर गश्ती दल नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी,समाज को जागरूक रहने की जरूरत है,कोई भी बात पोस्ट करने से पहले तथ्यों की जांच कर लें,असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। उन्होंने कहा कि होली में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा और जोर जबरदस्ती किसी को रंग न लगाएं खासकर महिलाओं को जबरदस्ती रंग नहीं लगाना है। उन्होंने कहा कि होली के दौरान मंदिर,मस्जिद समेत अन्य धार्मिक स्थल के आसपास रंग नहीं खेलना है। कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो अविलंब थाना को सूचना दें लोगों की सेवा के लिए मनिका पुलिस 24 घंटा तत्पर है। वहीं बैठक के दौरान होली के उपलक्ष्य पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी समाज के प्रमुख जनों से जानकारी प्राप्त की गई। वहीं बैठक की समाप्ति के घोषणा के उपरांत बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया और सभी को होली की शुभकामनाएं दिए। मौके पर बलवंत सिंह, बहादुर उरांव, सुदेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, संजय सिंह, विनोद यादव, दीपक प्रसाद, अरुण सिंह, मिथिलेश पासवान, सुरेंद्र भारती, विश्वनाथ पासवान, तस्लीम अंसारी, विश्वनाथ राय, राजदेव पासवान, अमरेंद्र यादव, विकास तिवारी, रामसेवक उरांव, कयूम अंसारी, मिश्रा मांझी, रघुपाल सिंह, रामरेखा पासवान, ननदेव सिंह, माथुर उरांव, मनोज यादव, अजय यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित लोग।

### गाइडलाइन के तहत वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन सुनिश्चित करने का निर्देश


बैठक में निर्देश देती उपायुक्त व मौजूद अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोकसभा सभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित गतिविधियों और उनके कार्ययोजना पर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी विभागों के कार्यालय अध्यक्षों को वोटर अवेयरनेस फोरम के अंतर्गत नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वोटर अवेयरनेस फोरम का मुख्य कार्य होने वाली लोकसभा चुनाव के बारे में अपने सभी कर्मचारी को सही जानकारी उपलब्ध कराना है एवं आने वाले इलेक्शन में वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाना है। वोटर अवेयरनेस फोरम के अध्यक्ष संस्था के हेड होंगे और उन्ही के द्वारा एक नोडल पर्सन नियुक्त किया जायेगा। सभी बैंकों, कोचिंग सेंटरों, सरकारी कार्यालयों व प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, पब्लिक सेक्टर ऑर्गेनाइजेशन में निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के तहत वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करना सुनिश्चित किया जाए। सभी नोडल अधिकारी अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों को वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है, जिसके तहत 80 प्रतिशत से अधिक मतदान प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने इलेक्टोरल लिट्रेसी कल्ब की सक्रियता बढ़ाते हुए स्कूल, कॉलेज में स्वीप के तहत वृहद कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया जिसके जरिए अधिक से अधिक नए मतदाताओं और भावी मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता लाई जाए। बैठक में मतदाता जागरूकता अभियान में गति प्रदान किया जाए, मैराथन, हस्ताक्षर अभियान, मतदाता शपथ, सोशल मीडिया कैंपेन, पेंटिंग प्रतियोगिता समेत अन्य मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग, सिविल सर्जन, लातेहार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए कई निर्देश


बुथ निरीक्षण करते उपायुक्त व अन्य।

**बरवाडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बरवाडीह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने प्रखंड क्षेत्र के मोरवाई पंचायत के मोरवाई एवं मंडल के मतदान केंद्र 43/44/45 पर पहूचकर बूथों पर बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। इसके तहत रैंप, शौचालय, पेयजल की सुविधा, छायादार स्थान, फर्नीचर की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति, मोबाइल व इंटरनेट नेटवर्क की उपलब्धता जल्द से जल्द व्यवस्थित करने की बात कही। संबंधित अधिकारियों को बूथों का निरीक्षण कर ससमय व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। इस दौरान बूथों पर वाहनों के पहुंच पथ का रूट मैप तैयार कर जल्द से जल्द दुरुस्त करने को कहा और मतदान केंद्रों की मैपिंग में प्रखंड के निकटतम थाने से दूरी व रिस्पांस टाइम का विवरण सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प आदि की व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। वहीं प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि अधिकांश मतदान केन्द्र पर पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था मौजूद थी। जहां कमी है उसे दुरुस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत प्रतिशत मतदान को लेकर विभाग द्वारा कई प्रकार का मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं मौके पद बीडीओ रेशमा रेखा मिंज के साथ बीएलओ सुपरवाइजर बलराम सिंह, मुखिया आशीष सिंह और पंचायत समिति सदस्य अरविंद उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

## चंदवा के आरा व कुदरा गांव में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, 3 घरों को किया ध्वस्त

- रात भर गांव में तांडव मचाती रही जंगली हाथियों की झुंड, खौफ के साये में ग्रामीणों ने गुजारी रात
- मुखिया व पंचायत समिति ने भुक्तभोगियों से की मुलाकात, दिया हर सम्भव मुआवजा प्रदान कराने का आश्वासन

**खबर मन्त्र संवददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। चंदवा प्रखण्ड के जंगलों से सटे ग्रामीण इलाके लाधुप, बरवाटोली, माल्हन पंचायत में इनदिनों जंगली हाथी डेरा जमाए हुए है। गुरुवार की रात्रि भी जंगली हाथियों के झुंड ने लाधुप पंचायत के आरा व कुदरा गांव में जमकर उत्पात मचाया जहां लगभग एक दर्जन की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने कुदरा गांव में शांति देवी पति गोपाल मुंडा के घर को ध्वस्त कर दिया साथ ही घर मे रखे सारे अनाज को भी चट कर गया वहीं आरा गांव में रितु देवी पति स्व. फूलचंद मुंडा व लालो देवी पति स्व. नान्हू मुंडा के घर कक्त ध्वस्त कर दिया। इस दौरान हाथियों के झुंड ने दोनो घरों में रखे अनाज को खा गया व सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान रार भर जंगली हाथियों का झुंड गांव के इर्द गिर्द ही डेरा जमाए रहा, जिस कारण ग्रामीणों की रात खौफ के साए में गुजरी।


भुक्तभोगी ग्रामीण से मिलते मुखिया व पंसस।

### मुखिया व पंचायत ने भुक्तभोगियों से की मुलाकात

इधर घटना की सूचना के बाद शुक्रवार को पंचायत के मुखिया विफई मुंडा व पंसस बुधन गंझू गांव पहुंच कर भुक्तभोगियों से मुलाकात की व वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर हुए नुकसान की जानकारी दी। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि प्रति दिन जंगली हाथी एक गांव से दूसरे गांव में तांडव मचा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वन विभाग हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर भगाने में असफल साबित हो रही है। वन क्षेत्र पदाधिकारी व वन विभाग की निष्कर्ता के कारण ग्रामीणों को जान माल की क्षति उठानी पड़ रही है। जंगली हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर सुरक्षित वन क्षेत्र भागने के बजाय वन विभाग मुआवजा प्रदान कर खाना पूर्ति करने का काम कर रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने की मांग की है।

### पूर्व डीसी राजीव कुमार पहुंचे चंदवा, चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के दिए संकेत


पूर्व आईएएस राजीव कुमार।

**चंदवा।** लातेहार के पूर्व डीसी राजीव कुमार (सेवानिवृत्ति आइएएस अधिकारी) शुक्रवार को चंदवा पहुंचे, जहां पर उनके समर्थकों ने उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार ने चतरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय अति पिछड़ा क्षेत्र है, जहां आज तक लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं, उन्होंने कहा कि पूर्व में लातेहार का उपायुक्त रह चुका हूं एवं लातेहार जिला अंतर्गत अति सुदूरवर्ती क्षेत्र का भ्रमण किया एवं यहां के लोगों के भावनाओं को परखा हूं। जिले में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य समेत अन्य समस्या से रूबरू हुआ हूं। साथ ही इसके विकास के लिए कार्य भी किया। उन्होंने कहा कि आज भी चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। श्री कुमार ने कहा कि ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाना उद्देश्य है और यह गांव के विकास से ही ग्रामीणों का विकास संभव है।

## बालूमाथ बिटीटी ने सहिया से लगभग 7 लाख 50 हजार रुपए के की अवैध उगाही

- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ/बारियातू।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत बिटीटी हीरामन पांडे द्वारा सहिया साथी के सहयोग से लगभग 7 लाख पचास रुपए उगाही किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी शिकायत बालूमाथ के कई सहीया ने बालूमाथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाईक को आवेदन देकर लगाया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बिटीटी हिरामन पांडेय द्वारा रजिस्टर दुरुस्त करने के नाम पर हम सभी सहीया से जबरन दबाव बनाकर सहिया साथी के सहयोग से तीन तीन हजार रुपये अवैध रूप से ले लिया है। नहीं देने पर सहिया को विभिन्न तरह के जांच के नाम पर मानसिक रूप से प्रताड़ना किया जाता रहा है। अवैध उगाही सहीया साथी गौरी देवी ,रेखा देवी, सुषमा लकड़ा, नीलम देवी, रूपा देवी ,माया देवी, श्रीमती देवी, गुंजा देवी, विराजमणि देवी को माध्यम बना कर उगाही करवाई गई है। जो सहीया द्वारा पैसा देने में आनाकानी किया वैसे लोगों को विभिन्न तरह के आरोप लगाकर दबाव बनाया गया है। पैसा लेने के समय सहिया को यह बताया गया कि यह पैसा बीपीएम एवं डीपीसी और एसटीटी को भी देना है। बिटीटी हीरामन पांडे ने कई सहीया को उदाहरण देते हुए कहा के गोनिया पंचायत के सहीया राजमणि देवी द्वारा पूर्व में भी पैसा लेने का आरोप लगा चुकी थी, लेकिन उस पर हमलोगो के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुआ। क्योंकि यह पैसा ऊपर तक पहुंचता है। बालूमाथ के सहीया ने आवेदन में कहा है कि हम लोग दिन-रात मेहनत करते हैं और रिपोर्ट जमा करने पर बराबर हम लोगों से पहले भी 200 से 500 तक ली जाती थी। ज्ञात हो कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत लगभग 294 सहीया है जिसमें 251 सहीया सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और लगभग सभी कार्यरत सहीया से तीन-तीन हजार रुपए की अवैध उगाही की जा चुकी है। इसकी शिकायत मिलने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने इसकी जांच के लिए एक नई तकनीक अपनाई और सहिया संगीता देवी से पैसा देने से पूर्व आवेदन में नोटो की संख्या व सीरियल नम्बर के साथ अंकित करा कर अपने पास रख लिया जैसे ही सहिया ने उक्त राशि दी। जिस पर प्रभारी द्वारा जांच करने पर सहिया साथी के पास उक्त सीरियल नम्बर की राशि बरामद कर लिया। और अवैध उगाही का मामला की पुष्टि हो गई। आरोप लगाने वाले सहिया में प्रमिला देवी, निर्मला देवी ,अंजनी देवी ,किरण देवी ,नीरू देवी, सीता देवी ,शीला देवी, राजमणि देवी ,रीना देवी, संगीता देवी, फूलकुमारी ,समेत कई सहिया का हस्ताक्षर मौजूद है इस संबंध में डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक ने कहा कि बीटीटी द्वारा अवैध उगाही की गई है इस पर पदाधिकारी को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।


लिये गये नोटो की नंबर मिलान करते सीएचसी प्रभारी व अन्य।

### ब्रेजा से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को पुलिस ने किया जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालूभांग निवासी अनूप कुमार केशरी ब्रेजा वाहन जेएच 01 इडब्लू 9228 से बारियातू पुलिस ने बालूभाँग के लिए ले जा रहे अंग्रेजी शराब को भारी मात्रा मे पुलिस ने किया जब्त. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू बाजार के अंग्रेजी शराब दुकान के विक्रेता मनोज प्रसाद एवं बनवारी उरांव के मिली भगत से अवैध रूप से बालूभांग के अनूप कुमार केशरी द्वारा ब्रेजा वाहन से अंग्रेजी शराब को बालूभांग ले जाकर मिलावट कर ऊंची कीमत में बेचा जाता है.इसी सिलसिले में अनूप कुमार केसरी उसे शराब दुकान से भारी मात्रा में ब्रेजा गाड़ी से लेकर बारियातू बाजार टांड होते बालूभांग के लिए निकला है.इसकी सूचना वरिये पदाधिकारी को दी गई. पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष सत्यम के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी राजा दिलावर द्वारा एक छापामारी टीम गठन किया गया.जिसमे सअनि नीरज दुबे, जिला सशस्त्र बल के हवलदार भुनेश्वर राम त्रिपुरारी सिंह, वर्तमान थाना के आरक्षी रोहित कुमार व अमरजीत बालूभांग पहुंचा तो देखा कि ब्रेजा गाड़ी बालूभांग की ओर जा रही है। सख्ती दिखाते हुए ओवरटेक कर ब्रेजा वाहन जेएच 01इडब्लू 9228 वाहन को रोका। रोकते ही अनूप कुमार केसरी पिता विजय केशरी दौड़ने लगे जिन्हे दौड़कर पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ के बाद अपराध को स्वीकार किया। ब्रेजा वाहन व भारी मात्रा मे शराब जब्त कर बारियातू कांड संख्या 27/24 दिनांक 21.03.2024 धारा 272 /273 भदवि एवं 47 ए के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।


ब्रेजा वाहन से जब्त शराब।

### स्पीड न्यूज

#### कोयला रास्ते मे बेच देने के आरोप में चालक गिरफ्तार

**बालूमाथ।** तुबैद कोलियरी से कोयला लोड कर एक हाइवा द्वारा आधा कोयला रास्ते मे खाली कर बेच दिया गया। जिसको लेकर कुसमाही कोयला साइडिंग इंचार्ज अनिल राजगढ़िया द्वारा बालूमाथ थाना में मामला दर्ज कराया गया। जिसके आधार पर बालूमाथ पुलिस ने चालक को जेल भेज दिया है ।इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि बीते गुरुवार रात को हाईवा संख्या जेएच02बीपी 2153 तुबैद कोलियरी से लगभग 31 टन कोयला लेकर कुसमाही साइडिंग के लिए निकाला था । लेकिन वह आधा कोयला लेकर को कोयला साइडिंग पहुंचा ।कांटा करने पर हाईवा में महज 16 टन कोयला पाया गया। जिसके बाद साइडिंग इंचार्ज अनिल राजगढ़िया ( डेवइलेक्टो माइनिंग लिमिटेड) द्वारा उक्त हाईवा एवं चालक के विरुद्ध बालूमाथ थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था ।इसके बाद पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए बालूमाथ थाना कांड संख्या 37/24 धारा 379,406,407 के तहत मामला दर्ज करते हुए चालक हेसम अंसारी पिता दिलजान अंसारी ग्राम मोकामा जिला चतरा निवासी को लातेहार जल भेज दिया।

#### बाइक सवार युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ पाकी मार्ग पर हेरहंज थाना क्षेत्र के मेराल ग्राम के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार युवक की पहचान चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा ग्राम निवासी कृष्णा साव के रूप में हुई है। जिसे स्थानीय थाना पुलिस के द्वारा हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित वैलनेस हेल्थ सेंटर में ले जाया गया है जहां पर उसकी इलाज की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार युवक कृष्णा साव अपने जरूरी कार्यों का निपटारा कर पलामू जिले के पाकी की ओर से अपना घर लौट रहा था। कि ईसी दौरान विपरीत दिशा से जा रही किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

#### प्रकृति पर्व सरहुल को लेकर किया बैठक

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के नचना ग्राम स्थित आदिवासी पड़हा भवन परिसर मे प्रकृति का महापर्व सरहुल को हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाने को लेकर सरना स्थल के मुख्य सेवक प्रधान उरांव के अध्यक्षा में तैयारी को लेकर बैठक किया गया। बैठक का संचालन महेंद्र भगत ने किया। इस बैठक मे सरहुल पुजा को विधिवत मनाए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर परिचर्चा की गई। बैठक मे साल्वे मुखिया राजीव भगत ने पुजा को विधिवत संपन्न करने हेतु समिति गठन की बात कही ,वही सचु उरांव, ब्रहमदेव उरांव व जगदिश उरांव ने कार्यक्रम को विधिवत संचालन हेतु कई सुझाव दिये, धर्म अगुआ तेतर उरांव ने प्रकृति पर्व सरहुल व अपने धर्म संस्कृति व पहचान को बनाए रखने की बात कही। पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने सरहुल पुजा को लेकर वित्तीय व्यवस्था मजबुत करने पर बल दिया, कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से अगला बैठक 29 मार्च दिन शुक्रवार को होना तय किया गया। समाज सेवी धनेश्वर उरांव, जयपाल उरांव, दिगम्बर टाना भगत, बिन्देश्वर उरांव, ब्रहमदेव उरांव, कालेश्वर उरांव, मान्ती भगत, राजमनी उरांव सहित भारी संख्या में सरना धर्मावलम्बीयों महिला पुरूष उपस्थित रहे।

#### होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुआ संपन्न

सरयू। सरयू टिओपी परिसर में होली को लेकर शुक्रवार को गारू थाना प्रभारी बीडी राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजित किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से होली त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैला ने वालो पर कड़ी नजर रखी जाएगी, सोशल मीडिया पर अफवाह फैला कर सौहार्द बिगड़ने वालो पर कड़ी करवाई की जाएगी। थाना प्रभारी बीडी राम ने कहा की सामाजिक तत्वों द्वारा किसी तरह का अफवाह फैलाने वालो की तत्काल सूचना प्रशासन को देने की अपील किया गया।

# बिहार में बन रहे देश का सबसे बड़े पुल का हिस्सा ध्वस्त, तीन पिलर का गॉर्डर गिरा, एक की मौत

एजेंसी



**पटना।** बिहार के सुपौल में बन रहा देश का सबसे बड़ा बकौर पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि पुल का तीन पिलर का गर्डर गिरा है। घटना सुबह के करीब साढ़े सात बजे की है। इस घटना में कई मजदूरों के दबने की खबर है, जिसमें से 1 की मौत हो गयी। कई अन्य मजदूर दबे हुए हैं, सभी का रेस्क्यू किया जा रहा है। बकौर पुल के निर्माण की लागत 1200 करोड़ रुपये की बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों ने 35-40 लोगों के मरने का दावा किया है।

**कई मजदूर दबे :** कोसी नदी पर भारत माला परियोजना के तहत इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा था, तभी अचानक पिलर संख्या 153 और 154 के बीच का 3 सेगमेंट क्रेन से छूटकर गिर पड़ा. इस घटना में पुल पर काम कर रहे बंगाल के कई मजदूर दब गए. वहीं सूचना मिलने के बाद एसपी और डीएम मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने की तैयारी में जुटे हैं।

**पुल का गर्डर गिरा :** जलाधिकारी कौशल कुमार के अनुसार करीब 7:30 बजे सूचना मिली कि पुल का गर्डर ध्वस्त हो गया है, जिसके बाद हमलोग रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 11 लोगों को निकाले, जिसमें एक की मौत हो गयी। घायलों में सभी का इलाज अलग-अलग अस्पताल में चल रहा ह। कुछ लोगों का माइनर इंजरी है। क्रेन मंगवाया जा रहा है, जिससे मलबा हटाया जाएगा। संभावना है कि कुछ और लोग मलबे में दबे होंगे।

**निर्माण के अधिकारी फरार :** हादसे के बाद पुल पर काम कर रहे पुल के अधिकारी-कर्मचारी फरार हो गए हैं। बाकी जो इस हादसे की चपेट में आए उन्हें स्थानीय लोगों ने बाइक के जरिए अस्पताल पहुंचाया। एक स्थानीय के मुताबिक अब तक वो लोग 15 से 20 लोगों को बाइक के माध्यम से अस्पताल पहुंचा चुके हैं। स्थानीय लोगों ने 35-40 लोगों के मरने का दावा किया है। उनका कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती ह। पुल गिरने की घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है. पुल पर काम कर रहे स्टाफ के भाग जाने से भी लोग गुस्से में हैं। पुल की गुणवत्ता गड़बड़ है, हमलोग शुरू से ही इसकी शिकायत कर रहे थे, लेकिन हमपर ही रंगदारी मांगने का आरोप लगाया जाता था। अगर कोई भी आवाज उठाता था तो पुलिस को भेज देते थे, जिसके बाद सबने बोलना छोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार हमलोग बाइक से 15-20 लोगों को अस्पताल पहुंचाए हैं।

**पुल का लगभग काम पूरा :** इस पुल में कुल 171 पिलर बन रहे हैं। जिसमें डेढ़ सौ से ज्यादा पिलर का निर्माण हो चुका है। एप्रोच पथ का काम होना बाकी ह। मधुबनी और सुपौल के बीच बकौर पुल का निर्माण किया जा रहा है। यह देश का सर्वाधिक लंबा पुल है। असम के भूपेन हजारिका ब्रिज से भी एक किलोमीटर लंबा है।

**देश का सबसे लंबा बकौर पुल :** पुल की लंबाई 10.2 किमी है। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय इस पुल को बना रहा है। इस महापुल के बनने से पुल सुपौल और मधुबनी के बीच की दूरी सिमटकर 30 किलोमीटर की रह जाएगी। इस पुल के न होने पर बरसात में संपर्क कट जाता था। यही नहीं 100 किलोमीटर की दूरी भी बढ़ जाती थी। बिहार में पुल गिरने का ये सिलसिला कोई नया नहीं हैं। इससे पहले भी पुल गिरने के हादसे हो चुके हैं। पुल के धवस्त होने से इसके निर्माण कार्य पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

## स्पीड न्यूज

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रायापक एवं प्रशिक्षुओं ने होली के गीत गाये और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामना दी। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या ने होली की शुभकामना देते हुए कहा कि होली प्रेम और सद्भावना का त्यौहार है। जिसमें सभी लोग गिला शिकवा भूल कर एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाते हैं। प्राध्यापक जनार्दन ने कहा कि होली का त्योहार राष्ट्रीय सद्भावना का प्रतीक है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो डॉ. एमके सिंह एवं कुल सचिव डॉ. लल्लन सिंह ने सभी को होली की बधाई एवं शुभकामना दी।

### समाजसेवी ने श्राद्ध कार्यक्रम में दिया सहयोग

**डंडई।** प्रखंड के लवाही पंचायत के समाजसेवी संदेश राम ने अपने सहयोगियों के साथ शुक्रवार को लवाही निवासी जोगेंद्र भुईयां के मृत पिता उखमजी भुइयां के श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित होकर परिवार वालों का ढाढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने श्राद्ध कार्यक्रम में आटा, रीफाईन, साड़ी- कपड़ा और नगद पैसा देकर सहयोग भी किया। मौके पर पप्पू यादव, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, अक्षय लाल, लालमुनि राम, रामनाथ भुईयां, तिवारी भुईयां, चंदन विश्वकर्मा, ललन रवि आदि उपस्थित थे।

### नोटा बटन का होगा प्रयोगः त्रिलोकी

**भागलपुर।** अंग-अंगिका के बगैर बिहार बहियार की तरह है। अंग के इतिहास के आगे बिहार का इतिहास शून्य है। इसकी उपेक्षा खुद की उपेक्षा है। जन जागृति से ही अंग-अंगिका का विकास संभव है। दलीय सोच को त्यागकर अंग-अंगिका की उपेक्षा करनेवाले नेताओं को उपेक्षित करने के इस सुनहरे मौके को हाथ से न जाने दें। उक्त बातें अखिल भारतीय अंगिका साहित्य विकास समिति के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोकीनाथ दिवाकर ने अंग प्रदेश के हृदय स्थल भागलपुर समेत अन्य लोकसभा क्षेत्र के अंगिकाभाषी मतदाताओं को लोकतांत्रिक समझ विकसित करने की अपील करते हुए शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा लोगसभा चुनाव में ऐसे नेताओं का बहिष्कार कर राईट टू रिजेक्ट नोटा बटन का खुलकर इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि सेवा की कसौटी पर खरा उतरकर साकारात्मक परिवर्तन का हरबार भरोसा देते हुए नेताओं ने अंगिका भाषियों के भरोसे को तोड़ने का काम किया है।


### Affidavit

1. Sunil Kumar Sinha son of Late B.N. Sinha resident of village Kadna P.O.+ P.S. Garkha Distt. Saran, at present address Jawahar Navodayla Vidyalaya Jogna Senha Distt. Lohardaga Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am permanent resident of above mentioned address.
2. That I am D/L holder vide D/L No. JH082000/0037494 in which my father's name is written as B.N. Singh in place of B.N. Sinha.
3. That correct name of my father B.N. Sinha be recorded in issued Driving licence hence this affidavit.
4. That all the facts or information given by me above are correct, if found wrong then all responsibility will be mine.That the statements mate in above are true to the best of my knowledge and belief.Dinesh PrasartSworn and signed this affidavit on 21st day of March 2024 at Lohardaga.


## धरना पर बैठे पीड़ित परिवार से मिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



पीड़ित परिवार से मिलते जिलाध्यक्ष

**गढ़वा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शहर के सहिजना मोड़ स्थित अंबेडकर प्रतिमा के समीप आंदोलनरत नुरसबा बीबी के हत्यारे को सजा दिलाने को लेकर रना पर बैठे पीड़ित परिवार से मिला। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि झामुमो कांग्रेस मिलकर अल्पसंख्यक समुदाय का इस्तेमाल करने का काम किया है। अल्पसंख्यक समुदाय के नुरसबा बीबी का मौत रहस्यमय तरीके से कर दिया गया। उनका परिवार छोटे छोटे बच्चों के साथ पिछले कई दिनों से धरना पर बैठा हुआ है, लेकिन स्थानीय विायक सह मंत्री से लेकर जिला प्रशासन तक मौन है। इससे यह साफ पता चलता है कि झामुमो के लोग सिर्फ अल्पसंख्यक समुदाय का इस्तेमाल करने का काम किया है। भाजपा सरकार होती तो अब तक अपराधी सलाखों के पीछे होता। आने वाले दिनों में अल्पसंख्यक समुदाय झामुमो कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो चुका है। प्रतिनिधिमंडल में गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष लाल मोहम्मद खान, गोवावल मंडल अध्यक्ष शमीम अंसारी, आबिद हुसैन, मुश्ताक अंसारी, इंताबुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## डीसी ने की शांति समिति की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक करते डीसी व अन्य

**गढ़वा।** जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं रमजान पर्व सम्पन्न कराने को लेकर शुक्रवार को डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं रमजान पर्व संपन्न कराने की बात कही। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों ने एक-एक कर पूर्व के दिनों में मनाए गए त्योहारों की जानकारी दी। उन्होंने जिला प्रशासन को भरोसा दिलाया कि पूर्व के दिनों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना गढ़वा जिला में घटित नहीं हुई है। किसी भी त्योहार में हम सभी जाति र्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द माहौल में हंसी खुशी हर पर्व को मनाते आ रहे हैं। बैठक में डीसी ने त्योहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। डीसी ने जिला प्रशासन की ओर से समस्त जिलावासियों को होली एवं रमजान की शुभकामनाएं दी। वहीं एसपी ने त्योहारों के दौरान कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर उसे प्रशासन को सूचित करने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचने एवं सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट आदि ना करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान प्रशासन के साइबर सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर किए जा रहे पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारी को त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्व को चिन्हित करने एवं पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने त्योहारों के दौरान सक्रिय होकर पेट्रोलिंग, धारा 107 के तहत कार्रवाई, सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर पैनी नजर बनाए रखने समेत अन्य विषयों को लेकर विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिया।

## कुपोषण भगाने में मिल का पत्थर साबित होगा पोषण मेला: ज्योति

खबर मन्त्र संवाददाता



**नरहट।** बाल विकास परियोजना की नरहट के चन्देलबाग में पोषण मेले का आयोजन कर कुपोषण मिटाने का संदेश दिया गया। नरहट बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति सिन्हा की देख- रेख में मेले का आयोजन किया गया। महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी तथा पूनम कुमारी की देखरेख में प्रखंड के सभी ग्राम पंचायत की सेवाओं ने पोषण मिले का आयोजन कर कुपोषण मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। नरहट के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति सिन्हा ने दीप जलाकर पोषण मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि पोषण मेला समाज से कुपोषण भागने में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस कार्य के लिए परियोजना की पर्यवेक्षकों तथा सेवाकाओं को बधाई देते हुए कहा कि इसी प्रकार सक्रिय बनकर समाज का कोढ़ रूपी कुपोषण को भगाकर दम ले। उन्होंने कहा कि सजगता से ही कुपोषण की खात्मा संभव है। जिसके लिए प्रयास की जरूरत है। सेवकाओं को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ज्योति सिन्हा ने कहा कि हमारी एक-एक सेविकाएं, पर्यवेक्षिकाएं कुपोषण भगाने के लिए सजकता से कम कर रही है। ग्रामीणों के बीच प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। जिस कारण निश्चित तौर पर कुपोषण की दर में कमी आई है। एक समय ऐसा आएगा जब कुपोषण पर काबू पा लिया जाएगा। प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत में कार्यरत सेविकाओं द्वारा पोषण मेले में हिस्सा लेकर कुपोषण भागने के तरकीबों की जानकारी प्राप्त कर आम नागरिकों को देने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अरविंद कुमार, नीरज कुमार, आर्यन कुमार आदि ने भी बेहतर योगदान दिया।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ

## आर-पार जंग की शुरूआत : चंद्र भूषण

एजेंसी



**अररिया।** आम आदमी पार्टी के कोसी जोन के प्रभारी और बिहार प्रदेश प्रवक्ता चंद्र भूषण ने बयान जारी कर कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ आर-पार के जंग की शुरूआत हो गई है। मोदी की तानाशाही के खिलाफ और लोकतंत्र बचाने के लिए आप कार्यकर्ता किसी भी तरह की कुबार्नी देने को तैयार बैठे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने तक हम चुप नहीं बैठेंगे। प्रदेश प्रवक्ता ने अपने बयान में केजरीवाल की गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक और मोदी सरकार की तानाशाही का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि जब अदालत के अंदर मामला मामला विचाराधीन है। इसके बावजूद सरकारी एजेंसियों को भेजकर प्रचंड बहुमत से दिल्ली के मुख्यमंत्री बने केजरीवाल को गिरफ्तार करना देश के लिए कलंक है और लोकतंत्र की मर्डर है, जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तार करने से मोदी अगर यह समझते हैं कि वह पार्टी को नेस्तनाबूत कर देंगे या विपक्षियों को तोड़ देंगे तो यह उनकी भूल है। आज वह एक केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकते हैं लेकिन उनके विचारों को जो आज करोड़ों लोग मानते हैं, कितनों को गिरफ्तार करेंगे।

## गृहमंत्री शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने राज्यवासियों को दीं शुभकामनाएं

एजेंसी




**पटना (बिहार)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार दिवस पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है। हालांकि, देश में लोकसभा चुनाव के चलते लागू आचार संहिता के मद्देनजर राज्य स्तरीय कार्यक्रम नहीं होंगे। गृह मंत्री शाह ने कहा कि बिहार के सभी बहनों-भाइयों को बिहार दिवस की अनंत शुभकामनाएं। बिहार विद्वता, वीरता व ऐतिहासिक गौरव गाथाओं का केंद्र रहा है। देशव्यापी परिवर्तनों, आंदोलनों और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में मुखर भूमिका निभाने वाले इस प्रदेश के वासियों ने हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित है। मैं प्रदेशवासियों की उत्तरोत्तर उन्नति व समृद्धि की कामना करता हूं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कृति, शौर्य व ज्ञान की पुण्य धरा बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

आध्यात्मिक विरासत व युगान्तरकारी आंदोलनों से बिहार ने सदैव राष्ट्र को दिशा व दृष्टि प्रदान की है। राष्ट्र के उत्कर्ष में प्रदेश के प्रतिभा संपन्न व परिश्रमी भाईयों-बहनों का योगदान अमूल्य है। इनके अलावा बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बिहार मगध की धरती है, जिसने देश को स्वर्णिम काल दिया है। बिहार ने देश को नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय दिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार बढ़े, बिहार विकसित हो, बिहार की समृद्धि बढ़े इसी कामना के साथ बिहार दिवस की शुभकामनाएं।

## खबर एक नजर में

### बिहार मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार की अध्यक्षता एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार की देखरेख में आशा कार्यकताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से कौआकोल बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आशा कार्यकताओं से अपील किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करें,खासकर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं एवं महिलाओं को मतदान का महत्व समझाते हुए उनका योगदान हर हाल में सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रविचंद्र प्रसाद,प्रखंड लेखपाल इंद्रजीत कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### वैशाली संसदीय क्षेत्र में राजद-लोजपा के बीच मुख्य मुकाबला

**पटना (बिहार)।** लोकतंत्र और गणतंत्र का पाठ पढ़ने वाली वैशाली भगवान महावीर की जन्मस्थली और भगवान बुद्ध की कर्मस्थली है। लोकसभा चुनाव-2024 में यहां मुख्य मुकाबला आईएनडीआईए और राजग गठबंधन के बीच होगा। राजग गठबंधन में यह सीट लोजपा रामविलास के चिराग के पास गई है जबकि आईएनडीआईए में यह सीट राजद के खाते में है। वैशाली से 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा की वीणा देवी ने राजद के दिग्गज नेता रघुवंश प्रसाद सिंह को पटकनी दी थी। रघुवंश प्रसाद सिंह को जनता ने वैशाली से पांच बार जिताकर लोकसभा भेजा। 1996 में जनता दल की टिकट पर रघुवंश प्रसाद सिंह ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की। इसके बाद लालू यादव की राजद की टिकट पर उन्होंने 1998, 1999, 2004 और 2009 में जीत हासिल की। रघुवंश प्रसाद यहां से लगातार पांच बार जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2014 में मोदी लहर में भाजपा की सहयोगी पार्टी लोजपा के राम किशोर सिंह ने उन्हें हरा दिया। इसके बाद 2019 में भी लोजपा उम्मीदवार वीणा देवी से हार का सामना करना पड़ा। वैशाली लोकसभा सीट वैशाली, बरूराज, मीनापुर, कांटी, साहेबगंज और पारू विधानसभा क्षेत्रों को मिलकर बना है। वैशाली में कुल 1735983 मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटर जहां 932416 हैं, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 1735983 है। वैशाली में बिहार के दूसरे लोकसभा क्षेत्रों की तरह ही जातीय समीकरण से हार जीत तय होता है। रघुवंश प्रसाद सिंह के रहते यहां राजपूत-यादव समीकरण चलता था। 2014 में मोदी लहर में यह समीकरण टूट गया। वैशाली में राजपूत और यादव वोटरों का दबदबा है। राजपूत अब भाजपा के साथ हैं तो यादव पहले की तरह लालू यादव के पक्ष में। इसके साथ भूमिहार और मुस्लिम मतदाता भी यहां निर्णायक हैं। राजद ने 2024 में वैशाली लोकसभा सीट के लिए पूर्व बाहुबली विधायक मुन्ना शुक्ला को चुनाव मैदान में उतारने का मन बना लिया है। राजद से उनका इस सीट से टिकट लगभग तय है। मुन्ना शुक्ला ने कहा कि उन्हें राजद से टिकट मिल रहा है। लालू यादव ने उन्हें आदेश दिया है कि वे वैशाली से चुनाव लड़ने की तैयारी करें। हालांकि, राजद ने औपचारिक रूप से मुन्ना शुक्ला की उम्मीदवारी का ऐलान अभी तक नहीं किया है। राजग गठबंधन की तरफ से वैशाली लोकसभा सीट चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) को मिली है। यहां से लोजपा ने अभी तक उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। यहां पर मुकाबला बेहद कड़ा देखने को मिल सकता है।

### होली मिलन समारोह में आपसी एकता व भाईचारे को बनाये रखने का लिया गया संकल्प

**गुमला।** जायसवाल कल्वार समाज का होली मिलन समारोह शुक्रवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में धूमधाम से मनाया गया। समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी और आपसी एकता व भाईचारे को बनाये रखने का संकल्प लिया। साथ ही समाज की एकता व एकजुटता बनाये रखने पर होली मिलन समारोह में जोर दिया गया। वहीं समारोह में गायकों के द्वारा होले से संबंधित गीतों की प्रस्तुत कर समाज के लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। रंग बरसे भींगे चुनर वाली रंग बरसे.. जैसे गीत से लोग अपने को थिरकने से रोक नहीं पाये। मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि जायसवाल समाज का यह होली मिलन समारोह समाज की एकता को प्रगाढ़ करेगा।

## पेज एक का शेष

### कोर्ट से नहीं ...

**घोटाला 100 करोड़ से कहीं ज्यादा :** कोर्ट में एएसजी एसवी राजू ने कहा है कि यह पूरा घोटाला केवल 100 करोड़ का नहीं है, बल्कि उससे ज्यादा का है। साथ ही उन्होंने कोर्ट के सामने यह जानकारी दी है कि 45 करोड़ रुपये के हवाला कारोबार का पता चला है जिसका इस्तेमाल गोवा चुनाव में किया गया था। एएसजी ने यह भी कहा है कि के कविता ने इस मामले में आप को रिश्वत दी थी। ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार की आबकारी नीति तैयार करने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन हुआ है। मामले में मनीष सिसोदिया और संजय सिंह न्यायिक हिरासत में अभी हैं। ईडी ने दावा किया है कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली का मुख्यमंत्री होने का लाभ उठाते हुए धन शोधन में आम आदमी पार्टी का सहयोग किया।

**28 पेज में गिरफ्तारी के आधार :** इडी ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का आधार कुल 28 पन्नों में बताया है। वहीं, कोर्ट में केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी अपनी दलीलें रखी और इडी पर कई आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि आप के चार और वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार किया गया है, (चुनाव के लिए) गैर बराबरी का माहौल पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मीरा सिंह लाइन...

उसके बाद से कई बार चर्चा में आयी, लेकिन किसी अधिकारी ने उसके खिलाफ कार्रवाई करने की सोची तक नहीं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मीरा सिंह के चैट में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सरकार में सत्ता शीर्ष के करीबी रहे एक व्यक्ति से चैट भी मिले हैं। चैट में एक आईपीएस की पोस्टिंग कराने का भी जिक्र है, बाद में उस आईपीएस की पोस्टिंग भी संबंधित जिले में कर दी गई थी।

### जनता अहंकार तोड़ ...

31 जनवरी 2024 को ईडी ने जमीन घोटाला मामले में रांची से सीएम हेमंत सोरेन को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

सीएम की गिरफ्तारी अब आम : चंपई : सीएम चंपई सोरेन ने शुक्रवार सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राजनीतिक दलों को तोड़ने, विधायकों को डराने-धमकाने व लालच देकर सरकारें गिराने, मीडिया पर कब्जे तथा कंपनियों से वसूली के बाद अब विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी आम बात हो गयी है। केंद्र की सत्ता में बैठे ये लोग चुनाव जीतने के लिए किस भी हद तक जा रहे हैं। आजादी के सात दशकों बाद यह देश लोकतंत्र से चलेगा या तानाशाही से यह फैसला आपको करना है। **खाता बंद करना, लोकतंत्र फ्रीज करने के समान :** चंपई सोरेन ने कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रिज करने पर भी सवाल किया है। उन्होंने कहा है कि चुनावों के ठीक पहले कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रीज करना वास्तव में भारत के लोकतंत्र को फ्रीज करने की कोशिश है। सारी एजेंसियों को लगाने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध ठहराये गये चुनावी बॉन्ड में हजारों करोड़ लेने के बाद यह स्टेप भाजपा के डर को दर्शाता है। चुनावों की घोषणा के बाद क्या आप विपक्षी दलों को चुनाव लड़ने से रोकना चाहते हैं? इन चुनावों में लोकतंत्र के इन विरोधियों को जनता द्वारा करारा जवाब मिलेगा।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका में राम मंदिर रथयात्रा 25 से

**वाशिंगटन।** विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) के नेतृत्व में शिकागो से 25 मार्च को राम मंदिर रथयात्रा शुरू होगी। यह यात्रा 60 दिन में 8,000 से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों तक जाएगी। वीएचपीए के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राम मंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कनाडा में रथ यात्रा निकाली जाएगी।

## नेपाल में बौद्ध गुम्बा का पुर्ननिर्माण शुरू

**काठमांडू ।** सिन्धुपालचोक जिले में नेपाल–चीन सीमा पर स्थित 400 वर्ष पुराने जीर्ण–शीर्ण बौद्ध गुम्बा के पुर्ननिर्माण के लिए भारत सरकार ने 10 करोड़ रुपये मुहैया कराए हैं। साल 2015 में आए भूकंप में यह ध्वस्त हो गया था। गुरुवार को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी की उपस्थिति में इसका शिलान्यास किया गया। भोटेकोशी गांव पालिका के अध्यक्ष पासांग नोर्बु शेरपा गांव के तरफ से भारत सरकार और भारतीय दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इसके दो साल के भीतर बन जाने की उम्मीद है।

## यूक्रेन का जल्द हो सकता है पतन : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एलिसी पैलेस में फ्रांसीसी राजनेताओं के साथ एक बैठक में कहा कि यूक्रेन का पतन बहुत जल्द हो सकता है। श्री मैक्रों ने यह बयान यूरोपीय संसद के आगामी चुनावों की चचार्ओं के संदर्भ में दी। पोलिटिको ने एक बैठक प्रतिभागी के हवाले से यह जानकारी दी। फरवरी के अंत में यूक्रेन पर पेरिस की मेजबानी वाले सम्मेलन के बाद, फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि पश्चिमी नेताओं ने यूक्रेन में सेना भेजने की संभावना पर चर्चा की थी, हालांकि इस पर कोई सहमति नहीं बनी लेकिन कुछ भी खारिज नहीं किया जा सकता।

## हिमाचल में तीन निर्दलीय विधायकों ने दिया इस्तीफा

शिमला। राज्य के तीन निर्दलीय विधायकों ने भी विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। इससे पहले ही विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस के छह बागी विधायकों को अयोग्य ठहरा चुके हैं। शुक्रवार को देहरा से विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ से विधायक केएल ठाकुर और हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा विधानसभा परिसर पहुंचे और विधानसभा सचिव को अपना त्यागपत्र सौंप दिया।

## बीजद नेता दामोदर राउत का निधन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मंत्री और बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता दामोदर राउत का शुक्रवार सुबह यहां भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने कहा कि 18 मार्च की रात दिल का दौरा पड़ने के बाद इलाज के लिए उन्हें भर्ती किया गया था और सुबह 5:23 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। दिवंगत बीजू पटनायक के करीबी विश्वासपात्र श्री राउत पांच बार इरसामा निर्वाचन क्षेत्र से और दो बार पारादीप निर्वाचन क्षेत्र से सात बार विधानसभा के लिए चुने गए।

## एल्विश यादव को मिली जमानत

**ग्रेटर नोएडा ।** कोर्ट ने रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को जमानत दे दी है। तीन नवंबर को एल्विश के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने एनडीपीएस की जिन 6 धाराओं को एल्विश यादव की एफआईआर में जोड़ा था, इनमें से दो धाराओं को कोर्ट ने खारिज करते हुए हटा दिया था।

# जादवपुर सीट पर ममता ने सोमनाथ चटर्जी को हराया था

**लोकसभा चुनाव**

- 1984 में माकपा के दिग्गज नेता सोमनाथ को ममता बनर्जी ने किया था पराजित
- मौजूदा सांसद और फिल्म अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती ने चुनाव लड़ने से किया इनकार
- टीएमसी ने सायोनी घोष को दिया टिकट, भाजपा ने अनिर्वाण को मैदान में उतारा



एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल में करीब सभी सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। इनमें कोलकाता की जादवपुर सीट बेहद खास है। जादवपुर यूनिवर्सिटी और दक्षिण कोलकाता का संभ्रांत क्षेत्र होने की वजह से यह इलाका हमेशा सुर्खियों में रहता है।

इस बार यहां भी मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। जादवपुर लोकसभा सीट पर लड़ाई इस बार इसलिए खास है क्योंकि यहां से मौजूदा सांसद और फिल्म अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। यह लोकसभा सीट इसीलिए भी खास है क्योंकि यहां से राज्य की सीएम ममता बनर्जी भी चुनाव लड़ चुकी हैं। माकपा के कद्दावर नेता सोमनाथ चटर्जी यहां से सांसद हुआ करते थे लेकिन कांग्रेस की ममता बनर्जी ने 1984 में उन्हें पराजित कर दिया था। इसलिए तृणमूल कांग्रेस ने अपनी पार्टी की युवा उम्मीदवार सायोनी घोष को टिकट दिया है। सायोनी तृणमूल युवा की चर्चित नेताओं में शामिल हैं। हालांकि भ्रष्टाचार के मामलों में वह केंद्रीय एजेंसियों के निशाने पर हैं और कई बार नोटिस भी मिल चुका है। उनसे पूछताछ भी हुई है। इसके अलावा हिंदू धर्म और शिवलिंग के अपमान को लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है।

भाजपा ने अनिर्वाण गांगुली को मैदान में उतारा है जो श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन से जुड़े हुए हैं। अनिर्वाण पश्चिम बंगाल के प्रबुद्ध लोगों में से एक हैं और राज्य की अस्मिता से जुड़े मुद्दों पर काम करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक समेत अन्य राष्ट्रवादी संगठनों से सीधे तौर पर जुड़े होने की वजह से अनिर्वाण गांगुली का पूरे बंगाल में अच्छा खासा सम्मान है। माकपा की ओर से सृजन भट्टाचार्य को मैदान में उतारा गया है जो राज्य के चर्चित नेताओं में से एक हैं। वह भी पार्टी के लड़ाकू नेता हैं। जादवपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में बारुईपुर पूरब (अनुसूचित जाति), बारुईपुर पश्चिम, सोनारपुर, भांगड़, जादवपुर, सोनारपुर उत्तर और टॉलीगंज शामिल है। यह 24 परगना जिले में आता है। 24 परगना भारत का छठा सबसे ज्यादा घनी आबादी वाला जिला है। यह सुंदरवन और कोलकाता से जुड़ा हुआ है। इसकी पहचान जादवपुर विश्वविद्यालय से भी है जहां पढ़ाई के लिए पश्चिम बंगाल से ही नहीं पूरे देश से भी छात्र आते हैं।

**त्रिकोणीय संघर्ष के आसार**

यहां से कांग्रेस या किसी अन्य दल ने फिलहाल उम्मीदवार नहीं उतारा है। इसलिए त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। पश्चिम बंगाल का जादवपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भारत के 543 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी सात विधानसभा क्षेत्र दक्षिण 24 परगना जिले में हैं।

### 2019 में छह लाख से अधिक वोटों से जीतीं थी मिमी चक्रवर्ती

पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी मिमी चक्रवर्ती ने छह लाख 88 हजार 472 वोट हासिल कर जीती थीं।

वहीं, भाजपा के प्रोफेसर अनुपम हाजरा को तीन लाख 93 हजार 233 वोट मिले, वह दूसरे स्थान पर रहे। माकपा के विकास रंजन भट्टाचार्य तीन लाख दो हजार 264 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। इस लोकसभा सीट पर 76.48 फीसदी वोटिंग हुई।

## ओड़िशा में अकेले लोस व विस चुनाव लड़ेगी भाजपा

**नयी दिल्ली।** भाजपा ओड़िशा में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। लोकसभा की सभी 21 और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर भाजपा अकेले चुनाव लड़ेगी। शुक्रवार को ओड़िशा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने एक्स पर कहा कि विगत 10 वर्षों से नवीन पटनायक के नेतृत्व बीजेद पार्टी केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के अनेक राष्ट्रीय महत्व के प्रसंगों में समर्थन देती आई है, इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में जहां भी डबल इंजन की सरकार रही है, वहां विकास व गरीब कल्याण के कार्यों में तेजी आई है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। इसके बावजूद ओडिशा में मोदी सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं जमीन पर नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे गरीब बहनों-भाइयों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे की मौजूदगी में हुआ करार।

# भारत और भूटान रेलवे से जुड़ेगा, सात समझौते हुये

- तेल, खाद्य, ऊर्जा, खेल, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष व शिक्षा के क्षेत्र में भी हुआ करार
- प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के बीच थिंपू में शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच इस दौरान सात करार पर हस्ताक्षर किए गए। यह करार तेल, खाद्य, ऊर्जा, खेल, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और शिक्षा से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कुछ करार हुए। इस करार के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) भूटान खाद्य और औषधि प्राधिकरण (बीएफडीए) के प्रमाणपत्र को मान्यता देगा। इससे व्यापार करने में आसानी होगी। इसके अलावा अंतरिक्ष सहयोग पर संयुक्त कार्य योजना को मंजूरी दी गई है। दोनों देश रेलवे से जोड़ने के लिए भी करार किए जाने पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा भारत से भूटान को पेट्रोलियम, तेल और संबंधित उत्पादों की सामान्य आपूर्ति, ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग, खेल और युवा क्षेत्र में सहयोग, औषधीय उत्पादों के संदर्भ मानक, फामार्कोपिया, सतर्कता और परीक्षण साझा करने से संबंधित सहयोग पर समझौता ज्ञापन हुए हैं। वहीं भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) और भूटान के ड्रुक रिसर्च एंड एजुकेशन नेटवर्क के बीच समन्वय व्यवस्था पर समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से भी मुलाकात की। इस संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि विशेष और अद्वितीय भारत-भूटान मित्रता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और उन्हें नए स्तरों पर ले जाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान की राजधानी थिंपू पहुंचे।

## चुनाव आयोग से मिला विपक्षी दलों का प्रतिनिधिमंडल

# जांच एजेंसियों का उठाया मुद्दा

**छापेमारी, जांच और गिरफ्तारी से पहले आयोग या गठित समिति की अनुमति दें : विपक्ष**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने देश में केंद्रीय जांच एजेंसियों के कामकाज के तौर तरीके को लेकर आयोग के समक्ष अपनी बात रखी। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस, वामदल, तृणमूल, आप, द्रमुक और अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि थे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि चुनाव के लिए लेवल प्लेयिंग फील्ड की जरूरत होती है। ऐसे समय में एजेंसियों का दुरुपयोग किया जाता है। इसका असर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और अंततः लोकतंत्र पर पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में चुनाव आयोग से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि आगे की छापेमारी, जांच और गिरफ्तारी से पहले आयोग या



उसके तहत गठित समिति जांच और अनुमोदन दे। उन सभी व्यक्तियों और अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू हो और तत्काल कार्रवाई हो, जिन्होंने विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया है। समान अवसर के संवैधानिक आदेश को सुनिश्चित करने और सत्ता में मौजूद राजनीतिक दलों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव लड़ने वाले नेताओं और राजनीतिक दलों के खिलाफ राज्य मशीनरी का दुरुपयोग करने से रोकने के लिए जो भी आवश्यक कोई अन्य कदम हों, वो उठाएं जायें। सिंघवी ने कहा कि आजाद भारत के 75 साल के इतिहास में पहली बार किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। सबसे पुरानी और सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है। विपक्षी नेताओं के खिलाफ एजेंसियों के दुरुपयोग के सबूत हैं। एजेंसियां सत्ता पक्ष पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहीं। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन, नदीमुल हक, आम आदमी पार्टी नेता डॉ. संदीप पाठक, पंकज गुप्ता, द्रमुक नेता पी. विल्सन और माकपा नेता सीताराम येचुरी शामिल थे।

## केजरीवाल को कर्मों का फल तो भोगना ही पड़ेगा : भाजपा

नयी दिल्ली। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि उन्हें कर्मों का फल तो भोगना ही पड़ेगा। अगर आम आदमी पार्टी के नेता भ्रष्ट हैं तो उन्हें जेल जाना ही होगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है।

## अपने कर्मों की वजह से केजरीवाल हुये गिरफ्तार : अन्ना

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शुक्रवार की सुबह तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।



अन्ना हजारे अहमद नगर में मीडिया से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने कर्मों की वजह हुई है। हजारे ने कहा कि मैं इस बात से बहुत परेशान हूं कि अरविंद केजरीवाल, जो मेरे साथ काम करते थे, शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, अब शराब नीतियां बना रहे हैं। अपने ही कर्मों की वजह से उनकी गिरफ्तारी इसलिए हुई है। उल्लेखनीय है कि अन्ना हजारे एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने, सरकारी पारदर्शिता बढ़ाने और सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की जांच करने और दंडित करने के लिए आंदोलनों का नेतृत्व किया। जमीनी स्तर के आंदोलनों को संगठित करने और प्रोत्साहित करने के अलावा अन्ना हजारे ने अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अक्सर भूख हड़तालें कीं।






## इसरो के स्वदेशी स्पेश शटल की लांचिंग सफल

**नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग में पुष्पक विमान को सफलतापूर्वक लैंड करवाया। इसरो ने एक्स हैंडल पोस्ट में यह जानकारी दी। पुष्पक एसयूवी के साइज का पंखों वाला रॉकेट है। इसे स्वदेशी स्पेश शटल भी कहा जा रहा है। ये रि-यूजेबल विमान है । इसे पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसरो ने एक्स पर कहा कि रि-यूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आरएलवीएलईएक्स-02 लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए मील का पत्थर साबित हुआ।**

## मुंबई से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं स्वरा भास्कर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर कांग्रेस के टिकट पर मुंबई की एक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकती है। कांग्रेसने एक दिन पहले महाराष्ट्र की सात सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया था, लेकिन कांग्रेस के लिए मुंबई उत्तर मध्य की सीट पर प्रत्याशी के चयन का मामला अटका हुआ है। स्वरा भास्कर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुई थी।



## आंध्र प्रदेश में टीडीपी ने 13 प्रत्याशियों की सूची जारी की

नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश में टीडीपी ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अमरावती में आंध्र प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। टीडीपी 25 लोकसभा सीटों में से 17 पर लड़ रही है। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि टीडीपी ने आंध्र प्रदेश के हितों को ध्यान में रखते हुए एनडीए में शामिल होने का फैसला किया है।

# झारखंड राज्य नेत्र सोसाइटी देश में बेस्ट

## दूर-दराज इलाकों में चलाये अभियान रंग लाई डॉ भारती कश्यप की पहल

खबर मन्त्र संवाददाता

कोलकाता, रांची। झारखंड राज्य नेत्र सोसाइटी को एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी का सम्मान मिला है। यह दूसरा मौका है, जब झारखंड नेत्र सोसाइटी को देश के बेस्ट नेत्र सोसाइटी का अवार्ड मिला है। यह अवार्ड कोलकाता में आयोजित अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक अधिवेशन के दौरान प्रदान किया गया। ग्रामीण इलाकों में आंखों की बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एवं साइंटिफिक एंड एजुकेशनल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यह पुरस्कार मिला है।

### इस श्रेणी में और इस काम का मिला पुरस्कार





झारखंड राज्य नेत्र सोसाइटी की मैनेजिंग कमेटी मेंबर सह चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी डॉ भारती कश्यप ने बताया कि अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के वार्षिक अधिवेशन में यह सम्मान उनकी संस्था को मिला। उन्होंने बताया कि कोलकाता में अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन समारोह के दौरान यह सम्मान हमारी संस्था को दिया गया। उन्होंने बताया कि 100 से 500 सदस्यों वाली श्रेणी में झारखंड राज्य नेत्र सोसाइटी को शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों के लिए बेस्ट स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है।

### दूर-दराज इलाकों में लगातार चला अभियान

डॉ भारती कश्यप ने बताया की झारखंड नेत्र सोसाइटी के बैनर तले झारखंड के संताल परगना के साथ-साथ पलामू प्रमंडल, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल और कोल्हान प्रमंडल के दूर-दराज के क्षेत्रों में नेत्रदान, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और डायबिटिक रेटिनोपैथी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सोसाइटी की ओर से लगातार अभियान चलाये गये।

### झारखंड की प्रतिष्ठा बढ़ी

डा भारती ने लगातार दूसरी बार इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही कहा कि यह न केवल सोसाइटी बल्कि झारखंड के लिए भी सम्मान की बात है। लगातार दो बार इस पुरस्कार ने झारखंड को देश भर में प्रतिष्ठित किया ह। उन्होंने कहा कि कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची, राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) रांची, बोकारो जेनरल हॉस्पिटल एवं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) रांची के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ वेट लैब के द्वारा सर्जिकल प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में नेत्र चिकित्सा की नई तकनीकों से नेत्र चिकित्सकों को अवगत कराने के लिए सोसाइटी की ओर से कई तरह के साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया। ये सेमिनार राज्य के अलग-अलग शहरों में हुए। इसी का नतीजा है कि हमें एक बार फिर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !